निष्पक्ष सोच, निडर अखबार
NO पेड न्यूज

# दैनिक सवेरा टाइम्स

अंधेरे से उजाले की ओर...

पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल, जम्मू, हरियाणा से प्रकाशित

REGISTRATION NO. PB-JL-058/20-22 DAINIK SAVERA TIMES, JALANDHAR » पृष्ठ 12 » वर्ष : 12 » अंक : 67 जालंधर, वीरवार, 20 अक्तूबर 2022 4 कार्तिक, विक्रमी सम्वत् 2079 « शक सम्वत् 1944 « वीर सम्वत् 2548 « मूल्य : 3 रुपए

पंजाब

**अनमोल वचन**

'छात्रों को चाहिए कि हमेशा अपने से बड़ों का आदर करें। तभी उनके द्वारा ग्रहण की जा रही शिक्षा का कोई अर्थ निकलता है।'



# वेरका का दिल्ली तक करेंगे विस्तार कोने-कोने में खोलेंगे बूथ : भगवंत मान

## मुख्यमंत्री ने दूध प्रोसैसिंग और बटर प्लांट का किया उद्घाटन कहा- किसानों को मिला दिवाली का तोहफा

- पंजाब के युवाओं को नौकरियां मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरियां देने वाले बनाएगी पंजाब सरकार

**सवेरा न्यूज/नीरज**

लुधियाना, 19 अक्तूबर : मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वेरका प्लांट लुधियाना में नए अत्याधुनिक मिल्क प्रोसैसिंग व बटर प्लांट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन किए गए 105 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस प्लांट की रोजाना 9 लाख लीटर दूध की प्रोसैसिंग और 10 मीट्रिक टन मक्खन तैयार करने की क्षमता है।

मुख्यमंत्री मान ने किसानों व उपस्थिति को संबोधित करते हुए बताया कि यह प्लांट किसानों को दिवाली का तोहफा है क्योंकि वेरका को इस मुकाम तक लाने में किसानों और दूध उत्पादकों का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने बताया कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए पंजाब सरकार प्रतिबद्ध है।

पंजाब सरकार ने दिल्ली सरकार के साथ समझौता किया है जिसके तहत वेरका दूध एवं दूध उत्पादों का विस्तार दिल्ली में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली के कोने-कोने में वेरका के बूथ खोले जाएंगे। इसके साथ ही मिल्कफैड की ओर से दिल्ली को की जा रही मौजूदा 30 हजार लीटर दूध की सप्लाई को बढ़ाकर 2 लाख लीटर तक बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाबियों को नेतृत्व करने और उद्यम के गुण विरासत में ही मिले हैं, पंजाब सरकार पंजाब के युवाओं को उद्यमशील बनाने के लिए प्रयासरत हैं ताकि प्रदेश के युवा नौकरियां मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरियां देने वाले बनें।

इस मौके पर मिल्कफैड के चेयरमैन नरिन्द्र सिंह शेरगिल, विधायक सर्वजीत कौर मानूके, गुरप्रीत गोगी, कुलवंत सिंह सिद्धू, मदन लाल बग्गा, जीवन सिंह संगोवाल, हाकम सिंह ठेकेदार, मनविंदर सिंह ग्यासपुरा, हरदीप सिंह मुंडियां, जगतार सिंह दयालपुरा, राजिन्द्र पाल कौर छीना, डा. अमनदीप अरोड़ा व रूपिन्द्र सिंह हैप्पी के अलावा मार्कफैड के चेयरमैन अमनदीप सिंह मोही, पंजाब सहकारी खेताबाड़ी विकास बैंक के चेयरमैन सुरेश गोयल, वन विकास निगम चेयरमैन नवजोत सिंह जरग, आम आदमी पार्टी लुधियाना के प्रधान शरनपाल मक्कड़, लुधियाना देहाती प्रधान हरभूपिन्द्र सिंह धरोड़, मुख्य सचिव रवनीत कौर, मिल्कफैड एम.डी अमित ढाका, मुख्यमंत्री के विशेष प्रिंसीपल सचिव रवि भगत, डिप्टी कमिश्नर सुरभि मलिक, पुलिस कमिश्नर लुधियाना कौस्तुभ शर्मा आदि गणमान्य उपस्थित थे।



अत्याधुनिक मिल्क प्लांट का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री भगवंत मान। (मनीष)

### 20 एकड़ में देश का सबसे बड़ा बॉयो एनर्जी प्लांट लगाया, साल में 1.30 लाख टन पराली की खपत होगी

**मुख्यमंत्री मान** ने सरकार के सत्ता में आने के बाद लोकहित में उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने एक विधायक, एक पैंशन, मैरिट के आधार पर 20 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां, 36 हजार कच्चे मुलाजिमों को पक्के किए हैं। वहीं अपने संबोधन में उन्होंने वातावरण व मानव स्वास्थ्य के लिए प्रदेश में किसानों को पराली को जलाने से गुरेज करने की अपील की। उन्होंने बताया कि संगरूर में 20 एकड़ में 230 करोड़ रुपए की लागत से देश का सबसे बड़ा बॉयो एनर्जी प्लांट लगाया गया है जो 33 टन पराली प्रतिदिन की क्षमता के साथ सबसे बड़ा बॉयो फ्यूल उत्पादन यूनिट है और इस यूनिट में सालाना 1.30 लाख टन पराली की खपत होगी जिससे पराली की समस्या से निपटने में बड़ी मदद मिलेगी।

### भ्रष्टाचारियों पर साधा निशाना

**मुख्यमंत्री भगवंत** मान ने प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन लोगों को उपलब्ध करवाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचारियों पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्ट नेता चाहे किसी भी राजनीतिक पार्टी में शामिल हो गए हो, पर प्रदेश सरकार हर भ्रष्टाचारी को सलाखों के पीछे भेजने का काम जारी रखेगी। उन्होंने गत दिनों गिरफ्तार किए गए प्रदेश के पूर्व मंत्री की उदाहरण देते हुए कहा कि जिस किसी ने भी प्रदेश के धन को लूटा है, उसको खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# पंजाब की बदनामी न हो, इसके लिए पराली जलाने की घटनाओं को रोकना जरूरी : जंजुआ



मुख्य सचिव विजय कुमार जंजुआ उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा मीटिंग के दौरान।

- मुख्य सचिव ने उच्च अधिकारियों को जिलों के दौरे करने की दी हिदायत

**सवेरा न्यूज/नरेश, धालीवाल**

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : मुख्य सचिव विजय कुमार जंजुआ ने उच्च अधिकारियों को सभी जिलों के दौरे करने को कहा है ताकि पराली जलाने की घटनाओं का जमीनी स्तर पर जायजा लिया जा सके। उन्होंने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं के कारण राष्ट्रीय स्तर पर पंजाब को बदनामी का सामना करना पड़ता है और इन घटनाओं संबंधी सुप्रीट कोर्ट, राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता आयोग और नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी सख्त टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं की जमीनी स्तर पर समीक्षा बहुत जरूरी है इसलिए जिन सीनियर आई.ए.एस. अफसरों को जिला इंचार्ज लगाया गया है, वे संबंधित जिलों के दौरे जरूर करें।

### पराली जलाने की घटनाएं अभी तक काफी कम

**मुख्य सचिव** ने पराली तथा अवशेष जलाने की दर को और कम करने व पराली प्रबंधन के लिए उच्च अधिकारियों, डिप्टी कमिश्नरों के साथ की समीक्षा मीटिंग के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में सरकार इस बात के लिए यत्नशील है कि इस साल पराली जलाने की घटनाओं में बहुत ज्यादा कमी लाई जाए। मुख्य सचिव ने मीटिंग के दौरान अकेले-अकेले डिप्टी कमिश्नर से उनके जिले की पराली प्रबंधन को लेकर रिपोर्ट ली और बहुत से सुझाव, निर्देश तथा हिदायतें जारी की। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नरों ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं में अभी तक काफी कमी देखने को मिल रही है और इसको काबू में रखने के लिए सभी अपने- अपने स्तर पर भरपूर कोशिशों कर रहे हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि इस साल अब तक पिछले सालों के मुकाबले पराली जलाने के मामलों में काफी कमी दर्ज की जा रही है।

# फिर घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, जवानों की फायरिंग

**सवेरा न्यूज/नीटू, जगतार**

भिंखीविंड/खालड़ा, 19 अक्तूबर : पाकिस्तान की ओर से भारतीय सरहद में ड्रोन आने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार अमरकोट की बी.ओ.पी. धर्मा पर तैनात बी.एस.एफ. 103 बटालियन ने मंगलवार देर रात बी.पी. नंबर 137/9 में ड्रोन जैसी चीज की आवाज सुनी जो लगभग 5 मिनट तक गूंजती रही। आवाज की ओर बी.एस.एफ. जवानों ने 2 राऊंड फायर किए तो 5 मिनट बाद ड्रोन वापस पाकिस्तान की ओर चला गया।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला को दिल्ली के लोधी रोड पर मिला आवास





गृह प्रवेश के दौरान पूजन व हवन में हिस्सा लेते राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला व पारिवारिक सदस्य, साथ हैं दैनिक सवेरा टाइम्स के मुख्य संपादक श्री शीतल विज।

### दैनिक सवेरा के मुख्य संपादक श्री शीतल विज भी रहे उपस्थित

**सवेरा न्यूज/का.सं.**

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला को दिल्ली के लोधी रोड पर 2 नंबर कोठी मिली है। विजय सांपला ने परिवार सहित गृह प्रवेश किया। गृह प्रवेश करने से पहले देवताओं का पूजन व हवन किया गया। इस अवसर पर दैनिक सवेरा टाइम्स के मुख्य संपादक श्री शीतल विज भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा हमेशा दलितों के कल्याण के लिए कई योजनाएं लाई गई है। दलित समुदाय से संवाद बढ़ाना है और उनकी दिक्कतों को सुनना है। दलित समुदाय के समस्याओं का समाधान करना इस तरह के कई मुद्दों पर आयोग काम कर रहा है। आयोग की यही कोशिश रहती है की पूरे देश में दलितों के साथ कही अन्याय न हो।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष विजय सांपला के परिवार के सदस्य सुदेश सांपला, साहिल सांपला, वृंदा सांपला, अमित सांपला, नैंसी सांपला, स्नेह सांपला, रवि सांपला, डा. हरदीप सिंह व सुरेन्द्र कौर, सत्य भूषण जैन सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# फंड लैप्स नहीं होने चाहिए, विकास कामों की धीमी रफ्तार को गंभीरता से लिया जाएगा : हरपाल चीमा



वित्त मंत्री हरपाल चीमा समीक्षा मीटिंग करते हुए। (जगमोहन)

- वित्त मंत्री ने विभागों की तरफ से फंडों के प्रयोग की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की

**सवेरा न्यूज/नरेश**

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने समूह विभागों को हिदायत दी है कि वे अलग-अलग विकास प्रोजैक्टों और भलाई स्कीमों के लिए मुहैया करवाए गए फंडों का समय पर प्रयोग करना यकीनी बनाएं। वित्त मंत्री ने वित्त और योजना भवन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, स्थानीय निकाय, परिवहन और जल स्रोत विभाग के साथ विभागीय समीक्षा मीटिंगों के दौरान यह निर्देश दिए। वित्त मंत्री ने बजट प्रबंधों और अलग-अलग राज्य व केंद्र स्पान्सर्ड स्कीमों के अंतर्गत इन विभागों को मुहैया करवाए फंडों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। चीमा ने वित्त विभाग के सीनियर अधिकारियों की मौजूदगी में विभागों के मुखियों को प्रोजैक्टों की नियमित समीक्षा करने को कहा। वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि उनके ध्यान में आया है कि ज्यादातर विभागों ने अपने कामकाज में सुधार कर लिया है, जिससे विकास कामों और फंडों के प्रयोग की रफ्तार में विस्तार हुआ है जबकि कुछ विभागों की कारगुजारी संतोषजनक नहीं है और उनके पास करोड़ों रुपए के फंड अपने योग्य प्रयोग का इंतजार कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने सार्वजनिक वित्त प्रबंधों में पारदर्शिता और निष्पक्षता को यकीनी बनाने के लिए विभागों को सभी सक्रिय बैंक खातों के विवरणों और फंडों का ई.डी.एम.एस. पोर्टल पर खुलासा करने के भी निर्देश दिए।

# जगजोत सिंह लाली डिप्टी सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया नियुक्त

**सवेरा न्यूज/प्रीत**

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट जगजोत सिंह लाली को केंद्र सरकार ने डिप्टी सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया के पद पर नियुक्त कर दिया है और मंगलवार देर शाम उनकी नियुक्ति की नोटिफिकेशन भी जारी कर दी गई है। डिप्टी सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया के पद पर नियुक्त होने के बाद जगजोत सिंह लाली पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में केंद्र सरकार के केसों की पैरवी करेंगे। बता दें कि जगजोत सिंह लाली पिछले 18 साल से हाईकोर्ट में वकालत कर रहे हैं और 2016-17 में वह हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष के पद पर भी चुने गए थे। इस समय वह चंडीगढ़ के एडिशनल स्टैंडिंग काऊंसल सहित केंद्र सरकार के सीनियर पैनल काऊंसल के तौर पर भी कार्य कर रहे थे।



जगजोत लाली

# सिधवां में गुटका साहिब की बेअदबी

**सवेरा न्यूज/नीटू, जगतार**

भिक्खीविंड/खालड़ा 19 अक्तूबर : सिधवां गांव में गुटका साहिब कह बेअदबी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कुछ शरारती तत्वों ने धन धन बाबा जेठा के गुरु द्वारा साहिब के सामने गुटका साहिब के अंग फाड़ दिए।

वहां खेल रहे कुछ बच्चों ने गुटका साहिब के फटे अंग देखे और गुरुद्वारा साहिब की कमेटी व गांव वालों को बताया। इस अप्रिय घटना को देखकर गुरुद्वारा साहिब कमेटी और ग्रामीणों ने खालड़ा थाने को सूचना दी।

इस अप्रिय घटना के बाद मौके पर पहुंचे भाई रणजीत सिंह उधोके ने स्थिति का जायजा लेते हुए कहा कि इस घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश की लहर है।

इस मौके पर भाई रणजीत सिंह उधोके ने पंजाब के डी.जी.पी. और जिला तरनतारन के एस.एस.पी. से मांग की है कि शरारती तत्वों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।



गुटका साहिब के फटे अंग।

# एस.सी. आयोग के दखल पर जाति सूचक शब्द बोलने वाले के विरुद्ध केस दर्ज

**सवेरा न्यूज/नरेश (चंडीगढ़), 19 अक्तूबर** : पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के दखल के बाद जालंधर ग्रामीण पुलिस ने जाति सूचक शब्द बोलने वाले व्यक्ति बलकार सिंह के विरुद्ध धारा 3(1) एस.सी. और द एस.टी (प्रीवैन्शन ऑफ एट्रोसिटी) एक्ट 1989 के अंतर्गत केस दर्ज किया है। एस.सी. आयोग के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि मनजीत सिंह पुत्र हरभजन सिंह (वासी गांव चक्क कलां, तहसील नकोदर, जिला जालंधर) ने आयोग को शिकायत दी थी कि बलकार सिंह (उर्फ बलकारी) पुत्र हरविंदर सिंह ने उसे खेत में से पेड़ के धड़ को लेकर जाति सूचक अपशब्द बोले और बहसबाजी की जिसकी शिकायत पर पुलिस से की लेकिन कोई कार्रवाई की गई। इस संबंध में आयोग की तरफ से एस.एस.पी. जालंधर ग्रामीण को शिकायत भेजते हुए लिखा गया कि इस केस के दोषियों के विरुद्ध बनती कार्रवाई अमल में लाई जाए। इसके बाद सीनियर पुलिस कप्तान ग्रामीण ने आयोग को बताया कि इस मामले पर बलकार सिंह उर्फ बलकारी के विरुद्ध केस दर्ज कर दिया गया है और अदालत में चालान भी पेश कर दिया गया है।

# खरीफ के मौसम के दौरान नहरों में 26 अक्तूबर तक छोड़ा जाएगा पानी

**सवेरा न्यूज/धालीवाल**

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : खरीफ के मौसम के लिए नहरी प्रोग्राम का ऐलान करते हुए सिंचाई विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि 19 अक्तूबर से 26 अक्तूबर, तक सरहन्द केनाल सिस्टम जैसे कि सिधवां ब्रांच, बठिंडा ब्रांच, दोआब कैनाल, अबोहर ब्रांच और पटियाला फीडर क्रमवार पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी और 5वी प्राथमिकता के आधार पर चलेंगी। प्रवक्ता ने बताया कि भाखड़ा मेन लाइन में से निकलती नहरें जोकि ग्रुप ए में है, को पहली प्राथमिकता के आधार पर पूरा पानी मिलेगा। घग्गर लिंक और इससे निकलती घग्गर ब्रांच और पी.एन.सी. जो ग्रुप बी में हैं, को दूसरी प्राथमिकता के आधार पर बाकी बचता पानी मिलेगा। सरहन्द फीडर में से निकलते सभी रजबाहे जोकि ग्रुप ए में हैं, को पहली प्राथमिकता के आधार पर पूरा पानी मिलेगा। सरहन्द फीडर में से निकलती अबोहर ब्रांच लोयर और इसके रजबाहे जोकि ग्रुप बीज में है, को दूसरी प्राथमिकता के आधार पर बाकी बचता पानी मिलेगा।

# शिअद ने हलका वाइज ऑब्जर्वरों की घोषणा की

- सुखबीर बादल ने पार्टी के जत्थेबंदक ढांचे को सुचारू ढंग से चलाने के लिए किया ऐलान
- रोपड़ जिले के ऑब्जर्वर तथा फिरोजपुर तथा फरीदकोट जिलों के सहायक ऑब्जर्वरों का ऐलान

**सवेरा न्यूज / नरेश**



सुखबीर बादल

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने पार्टी के जत्थेबंदक ढांचे को सुचारू ढंग से चलाने के लिए हलका वाइज ऑब्जर्वर लगाने का ऐलान किया है। बादल ने ऐलान करते हुए कहा कि रंजीत सिंह गिल जिला रोपड़ के ऑब्जर्वर तथा तेजिंदर सिंह मिड्डूखेड़ा को सहायक ऑब्जर्वर जिला फरीदकोट तथा राज सिंह डिब्बीपुरा जिला फिरोजपुर के सहायक ऑब्जर्वर होंगे। हलकावार ऑब्जर्वरों की सूची के अनुसार यादविंदर सिंह बिट्टू दीवाना तथा संजीव शोरी हलका बरनाला, कुलवंत सिंह कीतू तथा रूपिंदर सिंह संधू हलका महलकलां, अवतार सिंह बणवाला, अमित कुमार सिंपी बांसल तथा आकाशदीप सिंह मिड्डूखेड़ा हलका भूच्चो मंडी; प्रेम कुमार अरोड़ा, बलजीत सिंह बीड़बहमण तथा हनीश बांसल हलका बठिंडा (शहरी); इकबाल सिंह बबली ढिल्लों, गुरदेव सिंह तथा संदीप सिंह बाठ हलका बठिंडा (ग्रामीण) से हलकावार ऑब्जर्वर होंगे।

अवतार सिंह तथा दविंदर सिंह हलका तलवंडी साबो, प्रकाश सिंह भटटी, बलकार सिंह बराड़ तथा गोल्डी संगत हलका मोड़, सतीश ग्रोवर, गुरमेल सिंह संधु तथा विजय कुमार हलका फरीदकोट; कुलदीप सिंह कोटमुखिया तथा गुरप्यार सिंह फिमावाली हलका कोटकपूरा; शेर सिंह मंड तथा सन्नी बराड़ हलका जैतों; सरबजीत सिंह झिंजर हलका बस्सी पठाना; यादविंदर सिंह यादू, जतिंदर सिह भैणी तथा दिलबाग सिंह बाघा हलका फतेहगढ़ साहिब; जतिंदर सिंह धालीवाल, हरबंस सिंह बडाली हलका अमलोह से हलकावार ऑब्जर्वर होंगे।

वरदेव सिंह मान, लखविंदर सिंह होरीवाला, जंगीर सिंह कट्टियांवाली तथा जगसीर सिंह बब्बू लखमीरवाला हलका जलालाबाद; सतिंदरजीत सिंह मंटा, गुरदेव सिंह तथा सरताजप्रीत सिंह ताजी हलका फाजिल्का; अशोक कुमार अनेजा, सुरेश सतीजा, हवा सिंह पूनिया तथा हरचरन सिंह पप्पू हलका अबोहर; महिंदर रिणवा तथा हरबिंदर सिंह हलका फाजिल्का; अशोक कुमार अनेजा, सुरेश सतीजा, हवा सिंह पूनिया तथा हरचरन सिंह पप्पू हलका अबोहर; महिंदर रिणवा तथा हरबिंदर सिंह हैरी संधू हलका बल्लूआणा, सुखदेव सिंह लूहका तथा कुलदीप विंह पूर्व चेयरमैन हलका जीरा; जोगिंदर सिंह जिंदू तथा रोहित कुमार वोहरा हलका फिरोजपुर शहरी; सुरिंदर सिंह बब्बू, चमकौर सिंह टिब्बी कलां तथा बलदेव सिंह चंदड़ हलका फिरोजपुर ग्रामीण; गुरबाज सिंह रत्तेवाला तथा हरजिंदर सिंह हलका गुरहरसहायसे हलकावार ऑब्जर्वर होंगे।

भगत सिंह रंधावा तथा इंदरजीत सिंह जबड़ीयां हलका कादियां; संतोख सिंह तथा कवंलजीत सिंह हलका फतेहगढ़ चूड़ियां; अमरीक सिंह खलीलपुर, जगतार सिंह गोसल, निरमल सिंह रत्ता, गुरमुख सिंह भोजराज, रछपाल सिंह ढिल्लों तथा रणजीत सिंह मोड़ हलका डेरा बाबा नानक; सोदागर सिंह, बलदेव सिंह, अनिल ठाकुर तथा लखविंदर सिंह टिम्मी हलका मुकेरियां; रछपाल सिंह प्रिंसीपल तथा निरमल सिंह हलका चब्बेवाल; बूटा सिंह अलीपुर तथा हरजीत सिंह हलका गढ़शंकर; हरजिंदर सिंह ललीयां, जसबीर सिंह रूड़का, सतिंदर सिंह घंजू तथा बलबीर सिंह तेहांग हलका फिल्लौर; अवतार सिंह कलेर तथा सुरजीत सिंह बस्सी हलका नकोदर; सुखदेव सिंह तथा बलविंदर सिंह हलका शाहकोट; गुरमीत सिंह दादूवाल तथा परमजीत सिंह रेडू हलका करतारपुर; पवन कुमार टीनू, भजन लाल चोपड़ा, अमरजीत सिंह किशनपुरा तथा गुरदेव सिंह भाटिया हलका जालंधर पश्चिम; सुरेश सहगल, जसबीर सिंह दरोहा तथा सुखमिंदर सिंह राजपाल हलका जालंधर सैंट्रल से हलकावार ऑब्जर्वर होंगे।

कुलवंत सिंह मनण, मनिंदरपाल सिंह गुंबर तथा संतिदर सिंह पीता हलका जालंधर उत्तर; हरनाम सिंह अलावलपुर तथा गुरदियाल सिंह निज्जर हलका आदमपुर; गुरिंदनरजीत सिंह भुल्लर, तथा प्रो. जसवंत सिंह हलका भुलत्थ; सरवन सिंह कुलार, सुरजीत सिंह ढिल्लों तथा कुलदीप सिंह ढूल्ले हलका सुलतानपुर लोधी; डा. अमरजीत सिंह थिंद तथा एच.एस. वालिय फगवाड़ा; पलविंदर सिंह बाली तथा जसमेल सिंह बोदली हलका समराला; रछपाल सिंह तथा सिमरनजीत सिंह ढिल्लों हलका साहनेवाल; गुरचरन सिंह ग्रेवाल हलका पायल तथा मोहित गुप्ता, जगसीर सिंह कल्याण, तथा हरपाल सिंह ढिल्लों हलका मानसा से हलकावार ऑब्जर्वर होंगे।

जतिंदर सिंह सोढ़ी तथा सेवा सिंह हलका सरदूलगढ़; मोहन सिंह बंगी, गुरप्रीत सिंह झंबर, गुरप्रीत सिंह चाहल हलका बुडलाढ़ा; सन्नी गिल, रणधीन सिंह चूहड़चक तथा खानमुख भारती हलका निहाल सिंह वाला; बलतेज सिंह लंगेआणा, सुखचरन सिंह हलका बाघापुराना; बालकृष्ण बाली, रबदीप सिंह संघा, गवरधन लाल पोपली हलका मोगा, सुखविंदर सिंह दातेवाल तथा गुरदेव सिंह भोला हलका धर्मकोटसे हलकावार ऑब्जर्वर होंगे।

भूपिंदर सिंह सैणी, जसपाल सिंह सरपंच, रजिंदर सिंह सैणी तथा मनजीत सिंह हलका डेरा बस्सी; मनजीत सिंह मूधो तथा मेजर सिंह संगतपुरा हलका खरड़ से हलकावार ऑब्जर्वर होंगे।

कंवलजीत सिंह रूबी, बीबी परमजीत कौर लांडरा तथा बीबी कुलदीप कौर कंग हलका मोहाली; सरूप सिंह तथा सुखविंदर सिंह भुल्लर हलका मलौट; हीरा सिंह चड़ेवान तथा हरपाल सिंह बेदी हलका श्री मुक्तसर साहिब; सुखदीप सिंह शुकार तथा मोहन लाल ढांडा हलका बंगा; सुनीता चौधरी, हरबंस सिंह अड़ीका तथा रमनदीप सिंह खआडा हलका नवांशहर से हलकावार ऑब्जर्वर होंगे।

बुध सिंह बलाकीपुर जोगिंदर सिंह तथा सतनाम सिंह हलका बलाचौर; अशोक शर्मा तथा सुरिंदर सिंह मिंटू हलका पठानकोट; मनोहर लाल तथा परमजीत सिंह हलका सुजानपुर; हरदीप सिंह सैणी तथा गुरिंदर सिंह गोगी हलका चोपड़, परमजीत सिंह ढिल्लों तथा अजमेर सिंह खेड़ हलका चमकौर साहिब; रजिंदर दीपा, इंदरमोहन सिंह लखमीरवाला, गुरप्रीत सिंह लखमीरवाला तथा खुशपाल सिंह बीरकलां सुनाम, तजिंदर सिंह संधरेड़ी, बीबी परमजीत कौर विर्क तथा इकबाल सिंह पूनिया हलका संगरूर; तेजा सिंह कमालपुर तथा हरपाल सिंह खडियाल हलका दिड़बा, भूपिंदर सिंह भलवान तथा शेरसिंह बल्लेवाल हलका अमरगढ़ से हलकावार ऑब्जर्वर होंगे। जारी लिस्ट में 64 हलकों का ऐलान कर दिया है तथा बाकी हलकों की लिस्ट का शीघ्र ऐलान कर दिया जाएगा।

निष्पक्ष सोच, निडर अखबार
NO पेड न्यूज

# दैनिक सवेरा टाइम्स

अंधेरे से उजाले की ओर...


अनमोल वचन

'अगर आप कोई भी बात बिना अपना आपा खोए सुनने की काबिलियत रखते हैं तो आपकी शिक्षा समझिए सफल है।'


REGISTRATION NO. PB-JL-058/20-22 | DAINIK SAVERA TIMES, JALANDHAR | जालंधर, वीरवार, 20 अक्तूबर 2022 | WWW.DAINIKSAVERATIMES.COM | ■ पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल, जम्मू, हरियाणा से प्रकाशित


# मूसेवाला केस में पुलिस कस्टडी से फरार गैंगस्टर टीनू अजमेर से गिफ्तार

## ■ दिल्ली पुलिस की स्पैशल टीम ने सटीक जानकारी के बाद दबोचा

**सवेरा न्यूज/मोहित**

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : पंजाब पुलिस की कस्टडी से फरार पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपी दीपक टीनू को दिल्ली पुलिस के स्पैशल सैल ने राजस्थान के अजमेर से गिरफ्तार कर लिया। पंजाब पुलिस की एक टीम टीनू की तलाश में अजमेर में मौजूद थी लेकिन इससे पहले दिल्ली पुलिस ने टीनू को दबोच लिया। स्पैशल सैल ने टीनू के कब्जे से 5 हैंड ग्रेनेड, 2 सैमी आटोमेटिक पिस्टल बरामद की है। टीनू



दीपक टीनू

अजरबैजान में बैठे गैंगस्टर रोहित गोदरा के संपर्क में था।

दिल्ली पुलिस के स्पैशल सैल के मुखी एचजीएस धालीवाल ने बताया कि टीनू के फरार होने के बाद स्पैशल सैल की टीम उसका सुराग लगा रही थी। कई राज्यों में छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि फरारी के बाद टीनू ने कई ठिकाने बदले और इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मदद मिलती रही। स्पैशल सैल को सटीक जानकारी मिली और उसे अजमेर जिले के केकड़ी से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से हथियार बरामद किए गए हैं।

- **टीनू के कब्जे से हैंड ग्रेनेड और पिस्टल बरामद**
- **यूरोप में सक्रिय जैक और अजरबैजान में बैठे रोहित गोदारा ने छुपने में की मदद**

प्रारंभिक पूछताछ में टीनू ने बताया कि यूरोप में बैठे जैक जोकि अनमोल बिश्नोई का जानकार है और अजरबैजान में बैठे रोहित गोदारा ने टीनू को छिपने के ठिकाने उपलब्ध कराए। उन्होंने बताया कि टीनू राजस्थान के बड़े गैंगस्टर अनंद पाल के इलाके में भी छिपा रहा। अनंतपाल पुलिस मुकाबले में मारा गया था। टीनू पासपोर्ट बनाकर विदेश भागने की फिराक में था लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। टीनू की तलाश में जुटी पंजाब की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) को भी पुख्ता सूचना मिली थी कि टीनू अजमेर के आसपास कहीं छिपा है। एजीटीएफ की टीम भी अजमेर में थी लेकिन स्पैशल सैल को सटीक सूचना मिली और उन्होंने दीपक टीनू को दबोच लिया।

दीपक टीनू 1 अक्तूबर की रात मानसा सीआईए की कस्टडी से फरार हो गया था। सीआईए इंचार्ज प्रितपाल सिंह उसे महिला मित्र से मुलाकात कराने के लिए अपनी सरकारी रिहाइश पर ले गया था। वहीं से ● शेष पृष्ठ 2 पर

## सुएला ब्रेवरमैन ने ब्रिटेन की गृह मंत्री पद से इस्तीफा दिया

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

लंदन, 19 अक्तूबर : भारतवंशी सुएला ब्रेवरमैन ने ब्रिटेन की गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया है। गोवा मूल के पिता और तमिल मूल की मां की संतान ब्रेवरमैन को 43 दिन पहले ही गृह मंत्री नियुक्त किया गया था, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने 10 डाऊनिंग स्ट्रीट में कार्यभार संभाला था। इससे पहले ब्रेवरमैन की बुधवार को प्रधानमंत्री ट्रस के साथ बैठक हुई और इसे सरकार की नीति पर असहमति का परिणाम नहीं माना जा रहा। पिछले शुक्रवार को क्रासिंस्की क्वार्टेंग को वित्त मंत्री पद से हटा दिया गया था और उनके उत्तराधिकारी, वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने सोमवार को सरकार के मिनी-बजट में कटौती कर दी। इस कदम से ट्रस के नेतृत्व के लिए संकट और बढ़ने की आशंका है।



सुएला ब्रेवरमैन




1585-2022


# खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित, 24 साल बाद गांधी परिवार से बाहर किसी नेता को मिली जिम्मेदारी

- **शशि थरूर को 6,825 मतों के अंतर से पराजित किया**

**किसे कितने वोटें मिली**

| | |
|---|---|
| मल्लिकार्जुन खड़गे | 7,897 |
| शशि थरूर | 1,072 |

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे बुधवार को अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को पराजित कर पार्टी के नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस तरह से 24 साल बाद गांधी परिवार के बाहर का कोई नेता देश की सबसे पुरानी पार्टी का अध्यक्ष बना है। खड़गे ने अपने प्रतिद्वंद्वी शशि थरूर को 6,825 मतों के अंतर से पराजित किया। ● शेष पृष्ठ 2 पर



खड़गे के आवास पर जाकर उन्हें बधाई देती हुई सोनिया गांधी।

### पार्टी में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं : खड़गे

**जीत** के बाद खड़गे ने कहा कि पार्टी में कोई भी बड़ा या छोटा नहीं है तथा वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए कांग्रेस के एक सच्चे सैनिक के तौर पर काम करेंगे। उनके लिए कांग्रेस का हर कार्यकर्त्ता समान है।

### थरूर ने खड़गे को बधाई दी

**थरूर** ने चुनाव नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली और खड़गे को बधाई दी। उन्होंने यह भी कहा कि वह 'विरोध के नहीं, बदलाव के उम्मीदवार थे'।

## आतंकवाद पर चीन फिर हुआ बेनकाब; भारत-अमरीका के प्रयासों में लगाया अड़ंगा

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

- **लश्कर आतंकी शाहिद महमूद को वैश्विक आतंकी घोषित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाई**

संयुक्त राष्ट्र, 19 अक्तूबर : चीन ने पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तोएबा के आतंकवादी शाहिद महमूद को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में डाले जाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में भारत और अमरीका के प्रस्ताव में अड़ंगा लगा दिया। पाकिस्तान के पुराने साथी चीन ने वैश्विक संगठन में किसी आतंकवादी को प्रतिबंधित सूची में डालने के प्रयास को 4 महीने के अंदर चौथी बार बाधित किया है। ऐसा बताया जा रहा है कि चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की '1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति' के तहत महमूद (42) को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के भारत और अमरीका के प्रस्ताव को बाधित कर दिया है। अमरीका के वित्त मंत्रालय ने 'लश्कर-ए तोएबा ● शेष पृष्ठ 2 पर




*रियल फ्रूट पावर केवल एक ट्रेडमार्क है और इसकी वास्तविक प्रकृति का प्रतिनिधित्व नहीं करता है. *रियल फ्रूट पावर में है विटामिन C (प्रति 200ml) जो इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करें.
Dabur डाबर केयरर्स: फोन करें या लिखें. 8/3, आसफ अली रोड़, नई दिल्ली-110002 ई-मेल: daburcares@dabur.com वेबसाइट: dabur.com टोल फ्री: 1800-103-1644

# मार्च 2023 तक 3 लाख लोगों को कनाडा की नागरिकता, भारतीयों को होगा फायदा



- **18 साल से कम उम्र के नाबालिग साल के अंत तक नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के पात्र होंगे**

सवेरा न्यूज/एजैंसी

ओटावा, 19 अक्तूबर : कनाडा का लक्ष्य 2022-2023 वित्तीय वर्ष में 300,000 लोगों को नागरिकता देना है, जिससे कई भारतीयों को लाभ होने की संभावना है। अप्रवासन, शरणार्थी और नागरिकता कनाडा (आईआरसीसी) मेमो में कहा गया कि 31 मार्च, 2023 तक 285,000 निर्णय और 300,000 नए नागरिकों को संसाधित करना है। निर्णय का अर्थ किसी ऐसे आवेदन की समीक्षा करने से है, जिसे स्वीकृत, अस्वीकृत या अपूर्ण के रूप में चिन्हित किया जाता है। नागरिकता लक्ष्य का मतलब है कि 300,000 स्वीकृत आवेदकों को नागरिकता की शपथ दिलाना।

आईआरसीसी ने कहा कि 18 साल से कम उम्र के नाबालिग साल के अंत तक नागरिकता के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के पात्र होंगे। यह 2021-2022 के वित्तीय वर्ष में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है और 2019-20 के पूर्व-महामारी लक्ष्यों से भी अधिक है, जिसमें 253,000 नागरिकता आवेदन संसाधित किए गए थे। मार्च 2020 में, आईआरसीसी कोविड-19 महामारी की शुरूआत के कारण अधिकांश आवेदनों को संसाधित करने में असमर्थ था। आईआरसीसी ने 450,000 स्टडी परमिट आवेदन भी जारी किए। कनाडा में 622,000 से अधिक विदेशी छात्र हैं, जिनमें 31 दिसंबर, 2021 तक भारतीयों की संख्या 217,410 है। आने वाले वर्षों में भारतीयों के उच्च स्तर के काम और अध्ययन के लिए कनाडा जाने की उम्मीद की जा सकती है।

आईआरसीसी ऑनलाइन आवेदनों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ कागजी आवेदनों के बैकलॉग, आईआरसीसी बैकलॉग को दूर करने और सेवा मानकों के भीतर सभी नए आवेदनों में से 80 प्रतिशत को संसाधित करने के लिए कदम उठा रहा है। ऐसा करने के लिए, 1,000 से अधिक नए कर्मचारियों को काम पर रखा गया है और प्रतिनिधियों के लिए नागरिकता आवेदन स्थिति ट्रैकर तक पहुंच का विस्तार करने की योजना है। आईआरसीसी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, कनाडा का अप्रवासन बैकलॉग 26 लाख लोगों पर बना हुआ है। इस साल जून में, भारतीयों ने लगभग 700,000 पर 24 लाख लंबित मामलों में से एक चौथाई से अधिक मामलों को सुलझाया।

### भारतीय 2022 में कनाडा में निवास करने वाले शीर्ष अप्रवासी समूह

**2022-2023** के वित्तीय वर्ष में अब तक, कनाडा ने 116,000 नए नागरिकों का स्वागत किया है। कनाडा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर है। तुलनात्मक रूप से, 2021 में इसी अवधि में, देश ने केवल 35,000 लोगों को नागरिकता दी थी। एक आंकड़े के अनुसार, भारतीय 2022 में कनाडा में निवास करने वाले शीर्ष अप्रवासी समूह हैं। वहीं देश की 2016 की रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा में भारतीय मूल के लगभग 14 लाख लोग हैं। 2021 में, लगभग 100,000 भारतीय अस्थायी विदेशी कार्यकर्ता कार्यक्रम के तहत कनाडा चले गए और कुछ 130,000 को इंटरनैशनल मोबिलिटी प्रोग्राम के तहत वर्क परमिट मिला। 2021-2022 के दौरान, 210,000 से अधिक स्थायी निवासियों ने भी कनाडा की नागरिकता हासिल की।

## न्यूज गैलरी

### केंद्र की अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 18 नवंबर को सुनवाई

**सवेरा न्यूज/एजैंसी (नई दिल्ली).** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए केंद्र की अग्निपथ योजना को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को 18 नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। मुख्य न्यायाधीश सतीशचंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमणियन प्रसाद की पीठ ने इस मामले पर केंद्र के रुख का जवाब देने के लिए याचिकाकर्त्ताओं को दो सप्ताह का समय दिया।

### अखिलेश यादव ने पिता की अस्थियां संगम में विसर्जित की



अखिलेश यादव

**सवेरा न्यूज/एजैंसी (प्रयागराज).** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां संगम में अपने पिता दिवंगत मुलायम सिंह यादव की अस्थियों का विसर्जन किया। अखिलेश यादव के साथ उनके चाचा और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल यादव और भाई प्रतीक यादव भी अस्थि विसर्जन के दौरान संगम तट पर मौजूद थे। संगम पर इस दौरान अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव मौजूद नहीं थीं। हालांकि, सोमवार को हरिद्वार में गंगा में अस्थि विसर्जन के दौरान डिंपल अपने पति अखिलेश यादव के साथ मौजूद थीं।

### जम्मू-कश्मीर में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

**सवेरा न्यूज/एजैंसी (श्रीनगर).** जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की बर्फबारी हुई, जिससे दिन के तापमान में गिरावट आई। मौसम विज्ञान ने बुधवार को कहा कि अगले 24 घंटों में मुख्य रूप से साफ आसमान के साथ हल्की बारिश की संभावना है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 5, पहलगाम में 0.6 और गुलमर्ग में माइनस 0.4 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

### अमरीका ने भारत को लौटाई 307 प्राचीन वस्तुएं

**सवेरा न्यूज/एजैंसी (न्यूयार्क).** अमरीका ने करीब 15 साल की जांच के बाद 307 प्राचीन वस्तुओं को भारत को लौटा दिया जिन्हें चुराकर या तस्करी के जरिए देश से बाहर ले जाया गया था। इन वस्तुओं की कीमत करीब 40 लाख अमरीकी डालर है। इनमें से अधिकतर वस्तुएं कुख्यात व्यापारी सुभाष कपूर के पास से बरामद की गईं। मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग ने भारत को करीब 40 लाख डालर की 307 प्राचीन वस्तुएं लौटाने की सोमवार को घोषणा की।

### अभिनेत्री वैशाली ठक्कर आत्महत्या मामले में आरोपी दंपति के खिलाफ लुकआऊट सर्कुलर जारी


**सवेरा न्यूज/एजैंसी (भोपाल).** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को कहा कि टीवी अभिनेत्री वैशाली ठक्कर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी दंपति के खिलाफ लुकआऊट सर्कुलर जारी किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी राहुल नवलानी और उसकी पत्नी दिशा नवलानी इंदौर में ठक्कर (29) के पड़ोस में रहते थे। दोनों आरोपी ठक्कर की खुदकुशी की घटना के बाद से फरार हैं। मिश्रा ने यहां पत्रकारों को बताया कि आरोपी दंपति को पकड़ने के लिए 5-5 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की गई है। सुसाइड नोट में ठक्कर ने राहुल नवलानी पर उसे परेशान करने का आरोप लगाया था।

## प्रधानमंत्री ने डिफैंस एक्सपो 2022 का उद्घाटन किया

# देश में बने उपकरण खरीदने का रक्षा बलों का निर्णय 'आत्मनिर्भर भारत' की क्षमता को दर्शाता है : मोदी

### भारत-पाक सीमा के पास उत्तरी गुजरात के बनासकांठा जिले के दीसा में नए हवाई अड्डे की आधारशिला रखी





गांधीनगर में डिफैंस एक्सपो-2022 के उद्घाटन के बाद समारोह को संबोधित करते तथा (दाएं) गांधीनगर जिले के अडलाज शहर में एक बच्चे के साथ गुजरात सरकार के 'मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलैंस' पहल की शुरुआत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

सवेरा न्यूज/एजैंसी

अहमदाबाद/गांधीनगर, 19 अक्तूबर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारतीय रक्षा बलों का देश में बने अधिकतर उपकरणों को खरीदने का निर्णय 'आत्मनिर्भर भारत' की क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर रक्षा क्षेत्र में कुछ निर्माण कंपनियों के एकाधिकार के बावजूद भारत ने अपना स्थान बनाया है। उन्होंने डिफैंस एक्सपो 2022 का उद्घाटन करने के बाद कहा कि यह भारत में निर्मित रक्षा सामग्री पर बढ़ते विश्वास का भी प्रतीक है, जिसका उद्देश्य देश की रक्षा निर्माण क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा कि भारत से रक्षा निर्यात 2021-22 में लगभग 13,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया और 'आने वाले समय में हमने इसे 40,000 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।' कार्यक्रम में मोदी ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास उत्तरी गुजरात के बनासकांठा जिले के दीसा में एक नए हवाई अड्डे की आधारशिला भी रखी और कहा कि यह देश की सुरक्षा के लिए एक प्रभावी केंद्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा, 'देश बहुत आगे निकल गया है क्योंकि पहले हम कबूतर छोड़ते थे और अब हम चीतों को छोड़ते हैं।' प्रधानमंत्री ने समुद्री सुरक्षा और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा वैश्विक प्राथमिकता के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में भविष्य के अवसरों को देखते हुए अपनी तैयारियां भी बढ़ानी होंगी। समुद्री सुरक्षा के मुद्दे पर मोदी ने 'सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन' (सागर) के अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की भागीदारी समावेशी है।

वहीं प्रधानमंत्री ने गांधीनगर जिले के अडलाज शहर में गुजरात सरकार के 'मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलैंस' पहल की शुरुआत करने के बाद कहा कि हाल ही में शुरू की गई 5जी दूरसंचार सेवा देश में शिक्षा प्रणाली को अगले स्तर तक ले जाएगी क्योंकि नवीनतम प्रौद्योगिकी चीजों को 'स्मार्ट सुविधाओं, स्मार्ट कक्षाओं और स्मार्ट शिक्षा' से भी आगे पहुंचाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) देश को अंग्रेजी भाषा से जुड़ी 'गुलाम मानसिकता' से बाहर निकालेगी।

### मोदी ने डिफैंस एक्सपो में किया स्वदेशी एचटीटी-40 विमान का अनावरण

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन किए गए स्वदेशी प्रशिक्षक विमान, हिन्दुस्तान टर्बो ट्रेनर-40 का अनावरण किया। एचटीटी-40 विमान अत्याधुनिक समसामयिक प्रणालियों से युक्त है और इसे पायलट अनुकूल सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है।



## केंद्रीय मंत्री अनुराग ने विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया



विशेष स्वच्छता मुहिम के तहत साफ-सफाई करते अनुराग ठाकुर।

- **अभियान का उद्देश्य देशभर में एक करोड़ किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्र करना**

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत बुधवार को यहां विशेष स्वच्छता मुहिम शुरू की। 'स्वच्छ भारत अभियान' का उद्देश्य देशभर में एक करोड़ किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्र करना है। सूचना प्रसारण, खेल और युवा मामलों के मंत्री ठाकुर ने एक अक्तूबर को प्रयागराज में नेहरू युवा केंद्र संगठन और राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े संस्थानों के माध्यम से अभियान की शुरुआत की थी। यह अभियान देशभर के 744 जिलों में चल रहा है। ठाकुर ने पुरानी दिल्ली में 'टाऊन हाल' के पास स्वच्छता अभियान में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने पहले ही 18 दिन में 84 लाख किलोग्राम प्लास्टिक कचरा एकत्र कर लिया है और लक्ष्य को हासिल करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए दीपावली पर्व पर 2 दिन साफ-सफाई को समर्पित करें।

## न्यूज गैलरी

### हरियाणा मंत्रिमंडल तदर्थ गुरुद्वारा समिति के लिए अध्यादेश लाएगा

**सवेरा न्यूज/एजैंसी (चंडीगढ़).** हरियाणा मंत्रिमंडल ने राज्य में गुरुद्वारों के मामलों के प्रबंधन के लिए एक समिति के चुनाव होने तक तदर्थ समिति गठित करने को लेकर एक अध्यादेश लाने को बुधवार को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि पूर्व में समिति गठित करने के लिए चुनाव नहीं हो सकते थे क्योंकि मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हो रही थी। उन्होंने कहा कि पूर्व में बनाई गई तदर्थ समिति का 18 महीने का कार्यकाल समाप्त हो गया था।

### माकपा ने सिंगूर से टाटा को भगाया, न कि मैंने : ममता



ममता बनर्जी

**सवेरा न्यूज/एजैंसी (सिलीगुड़ी).** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि राज्य के सिंगूर से टाटा मोटर को उन्होंने नहीं, बल्कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भगाया था। बनर्जी ने यहां 'बिजया सम्मिलनी' या दुर्गा पूजा के बाद की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने केवल किसानों की वे जमीनें लौटाई थीं, जिन्हें हुगली जिले के सिंगूर में टाटा मोटर की नैनो कार फैक्टरी के लिए पूर्व वाम मोर्चा सरकार ने जबरन अधिग्रहीत किया था।

### जम्मू-कश्मीर में बड़ा आतंकी हमला टला, 20 किलो आईईडी निष्क्रिय

**सवेरा न्यूज/एजैंसी (श्रीनगर).** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा-बारामूला राजमार्ग पर बुधवार को एक आईईडी को समय पर निष्क्रिय कर बड़ी आतंकी साजिश को टाल दिया। सेना ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लंगेट के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 701 पर तारों के साथ एक संदिग्ध वस्तु को देखने पर बुधवार सुबह उनके और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान में आईईडी को निष्क्रिय कर दिया गया। हंदवाड़ा-बारामूला राजमार्ग नागरिक यातायात के साथ-साथ सेना और सीएपीएफ के काफिले के लिए एक महत्वपूर्ण सड़क है।

### देश में स्कूलों की दशा सुधारने के लिए मिलकर काम करें प्रधानमंत्री : केजरीवाल



अरविंद केजरीवाल

**सवेरा न्यूज/एजैंसी (नई दिल्ली).** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से देश के स्कूलों की दशा सुधारने के लिए साथ मिलकर काम करने का अनुरोध किया और अपनी सरकार के अनुभवों का इस्तेमाल करने की पेशकश की। मोदी की गुजरात के गांधीनगर की यात्रा और वहां एक स्कूल में उनकी छात्रों से मुलाकात के बाद केजरीवाल ने यह टिप्पणी की है। केजरीवाल ने ट्वीट कर छात्रों के साथ एक कक्षा में बैठे हुए प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर भी पोस्ट की।

### गिरफ्तार 'हाइब्रिड' आतंकवादी छापेमारी के दौरान गोलीबारी में ढेर

**सवेरा न्यूज/एजैंसी (श्रीनगर).** जम्मू कश्मीर में 2 गैर-स्थानीय प्रवासी मजदूरों की ग्रेनेड फैंककर हत्या किए जाने के मामले में गिरफ्तार लश्कर-ए-तोएबा का एक 'हाइब्रिड' आतंकवादी शोपियां जिले में छापेमारी के दौरान मारा गया। पुलिस ने बताया कि इमरान बशीर गनी एक 'हाइब्रिड' आतंकवादी था। पूछताछ में उसके खुलासे के आधार पर मारे गए एक छापे के दौरान शोपियां के नौगाम में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें हाइब्रिड आतंकवादी इमरान बशीर गनी एक अन्य आतंकवादी की गोली लगने से मारा गया।' पुलिस ने कहा कि मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है।

### महाराष्ट्र के रायगढ़ में आरसीएफ संयंत्र के एसी कंप्रैसर में विस्फोट, 3 श्रमिकों की मौत

**सवेरा न्यूज/एजैंसी (मुंबई).** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में अलीबाग स्थित राष्ट्रीय कैमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स (आरसीएफ) के संयंत्र में बुधवार शाम एक एसी के कंप्रैसर में विस्फोट हो जाने से 3 श्रमिकों की मौत हो गई और इतने ही मजदूर घायल हो गए। रायगढ़ के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार कुछ मिस्त्री मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर अलीबाग के थल में आरसीएफ संयंत्र के एक एसी की मुरम्मत कर रहे थे, तभी शाम करीब 4.45 बजे एसी कंप्रैसर में विस्फोट हो गया। रायगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षक सोमनाथ घरगे ने कहा, 'घटना में 3 मजदूरों की मौत हो गई, वहीं 3 अन्य घायल हो गए। आगे जांच जारी है और हम अलीबाग थाने में मामला दर्ज करेंगे।' उन्होंने बताया कि घायलों को एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जम्मू-कश्मीर सब इंस्पैक्टर भर्ती घोटाले में बी.एस.एफ. का कमांडैंट गिरफ्तार

- **आरोपी करनैल सिंह ने दलालों के माध्यम से अपने बेटे के लिए लीक प्रश्न पत्र की व्यवस्था की**

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : सी.बी.आई. ने जम्मू-कश्मीर सेवा चयन बोर्ड (जे.के.एस.एस.बी.) द्वारा पुलिस उप-निरीक्षकों की भर्ती में अनियमितताओं के आरोप में बी.एस.एफ. के कमांडैंट (चिकित्सा) करनैल सिंह को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि सिंह ने कथित तौर पर दलालों के साथ साजिश की और इसके तहत उनमें से एक के माध्यम से अपने बेटे के लिए एक लीक प्रश्न पत्र की व्यवस्था की। अधिकारियों ने बताया कि सिंह को मंगलवार को हिरासत में लिया गया था और उन्हें जम्मू में सी.बी.आई. की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा।

जांच के दौरान, सी.बी.आई. ने पाया कि सिंह ने कथित तौर पर दलालों के साथ साजिश करते हुए उनके जरिए अपने बेटे के लिए एक लीक प्रश्न पत्र का इंतजाम किया। परीक्षा के दिन 27 मार्च की सुबह जम्मू के गंग्याल के एक मकान में कथित तौर पर प्रश्न पत्र उन्हें मुहैया कराया गया था। आरोप है कि कुछ अन्य अभ्यर्थियों को भी परीक्षा से चंद घंटे पहले सिंह के आवास पर लीक हुआ प्रश्नपत्र मिला।

अधिकारियों ने बताया कि एफ.आई.आर. में जम्मू-कश्मीर के अखनूर में एक कोचिंग संस्थान के मालिक अविनाश गुप्ता और बेंगलूर की एक कंपनी का भी नाम शामिल है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने जुलाई में अनियमितताओं के आरोपों के बाद पुलिस उप-निरीक्षक भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया था और चयन प्रक्रिया मामले में सी.बी.आई. जांच की सिफारिश की थी। आरोप है कि 27 मार्च को आयोजित लिखित परीक्षा में अनियमितताएं हुई थीं।

### प्रश्न पत्र तक पहुंचने के लिए 20 से 30 लाख रुपए का भुगतान किया गया

**सी.बी.आई.** के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने सबूत नष्ट करने के जानबूझकर किए गए प्रयास में (अपने) आधिकारिक वाहन की लॉग बुक में हेर-फेर और छेड़छाड़ की और जांच के दौरान भी बचते रहे।' बयान के मुताबिक जांच से पता चला है कि इच्छुक अभ्यर्थियों और उनके परिवारों द्वारा परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र तक पहुंचने के लिए कथित तौर पर 20 से 30 लाख रुपए का भुगतान किया गया था।

## अयोध्या में राम मंदिर निर्माण स्थल का दौरा कर सकते हैं प्रधानमंत्री : निर्माण समिति

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के कार्यालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण स्थल का दौरा कर सकते हैं। इसने यह भी कहा कि योजना के अनुसार निर्माण कार्य आगे बढ़ रहा है और दिसंबर 2023 तक भक्तों को भगवान राम के समक्ष पूजा करने का अवसर मिलेगा। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री श्री राम मंदिर निर्माण स्थल का दौरा कर सकते हैं। इसमें कहा गया कि गर्भ गृह और भूतल पर 5 मंडपों वाले राम मंदिर की 3 मंजिलों की अधिरचना पर निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। इस अधिरचना का निर्माण ग्रेनाइट पत्थर से 6.5 मीटर (21 फुट) ऊंचे चबूतरे पर किया जा रहा है जो सितंबर 2022 में बनकर तैयार हुआ था। मंदिर में 392 स्तंभ होंगे जिनमें से भूतल पर 166 स्तंभ, प्रथम तल पर 144 स्तंभ और दूसरी मंजिल पर 82 स्तंभ होंगे। बयान के अनुसार, अक्तूबर के पहले सप्ताह में भारी बारिश के चलते मंदिर का निर्माण कार्य रोक दिया गया था। लेकिन, अब निर्माण का काम पूरी गति से चल रहा है। राम मंदिर के गर्भगृह में मकराना के सफेद संगमरमर के खंभों को स्थापित करने का काम भी शुरू हो गया है। प्रवेश द्वार से गर्भ गृह तक समान स्तर की सटीकता बनाए रखने के लिए मंदिर के सभी भागों में एक साथ निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## पेज 1 के शेष

### मूसेवाला केस में पुलिस...

मौका पाकर टीनू फरार हुआ था। फरार होने के बाद उसने किसी से 10 लाख रुपए भी लिए थे। पिछले हफ्ते ही पंजाब पुलिस ने टीनू की महिला मित्र को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। उस समय वह मालदीव भागने की तैयारी में थी।

### खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष...

खड़गे को 7,897 वोट मिले तथा थरूर को 1,072 वोट हासिल हुए। कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने खड़गे को निर्वाचित घोषित किया। मिस्त्री ने बताया कि चुनाव में 9,385 वोट पड़े थे और इनमें से 416 वोट अवैध करार दिए गए। पार्टी का कहना है कि खड़गे 26 अक्तूबर को अध्यक्ष पद का पदभार संभालेंगे। खड़गे की जीत की आधिकारिक घोषणा के कुछ देर बाद पार्टी की निवर्तमान अध्यक्ष सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उनके आवास पहुंचे और उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और कई अन्य नेताओं ने भी खड़गे को बधाई दी।

मोदी ने एक ट्वीट में कहा, 'कांग्रेस अध्यक्ष की नई भूमिका के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे को मेरी शुभकामनाएं। आगे उनका कार्यकाल सार्थक रहे।' राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 'मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई। कांग्रेस अध्यक्ष भारत के लोकतांत्रिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है।'

### आतंकवाद पर चीन...

के धन जुटाने के प्रयासों व उसके नैटवर्क को बाधित करने के लिए' महमूद और लश्कर के एक अन्य सदस्य मोहम्मद सरवर को दिसंबर 2016 में वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया था। चीन ने ऐसे में भारत और अमरीका के इस प्रस्ताव को बाधित किया है, जब संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस भारत यात्रा पर हैं। अमरीकी वित्त मंत्रालय की वैबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, महमूद 'पाकिस्तान के कराची स्थित लश्कर का एक पुराना सदस्य है और वह कम से कम 2007 से संगठन से जुड़ा है। वह जून 2015 से कम से कम जून 2016 तक फलाह-ए-इंसानियत फाऊंडेशन (एफआईएफ) का उपाध्यक्ष रहा जो लश्कर की धन जुटाने वाली इकाई है।' वैबसाइट के अनुसार, 2014 में महमूद कराची में एफआईएफ का सदस्य था। अगस्त 2013 में उसकी पहचान लश्कर की प्रकाशन इकाई के एक सदस्य के तौर पर की गई थी।

## सिख महिला अमरीका की आस्था आधारित सलाहकार परिषद में नियुक्त

सवेरा न्यूज/एजैंसी

वाशिंगटन, 19 अक्तूबर : अमरीका के होमलैंड सुरक्षा विभाग ने सिख महिला किरण कौर गिल को आस्था आधारित सुरक्षा सलाहकार परिषद में नियुक्त किया है। इसी के साथ गिल इस प्रतिष्ठित संस्था का हिस्सा बनने वाली भारतीय मूल की दूसरी नागरिक बन गई हैं। गिल 2019 से सिख 'अमेरिकन लीगल डिफैंस एंड एजुकेशन फंड' की कार्यकारी निदेशक रही हैं। वह पहले न्यूजर्सी में एक पर्यावरण संबंधी परामर्श प्रदाता कंपनी 'पार्स एनवॉयरमेंटल इंक' की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रह चुकी हैं। आस्था आधारित सुरक्षा सलाहकार परिषद (एफबीएसएसी) ने मिशिगन में रहने वाले चंदरू आचार्य को हाल में परिषद का सदस्य नामित किया था।

## हाऊस ऑफ लॉर्ड्स में गढ़द्दीवाला का कुलदीप सहोता पहला पगड़ी पहनने वाला सिख नियुक्त

सवेरा न्यूज/एजैंसी

लंदन, 19 अक्तूबर : भारत में जन्मे कुलदीप सिंह सहोता पहले पगड़ी पहनने वाले लेबर पीयर और हाऊस ऑफ लॉर्ड्स में लेबर बैंच पर एकमात्र सिख बन गए हैं। 71 वर्षीय सहोता, जिन्होंने 2001 से 21 वर्षों तक टेलफोर्ड और व्रेकिन परिषद में पार्षद के रूप में कार्य किया है, उनको लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टारर द्वारा नामित किया गया और इस प्रकार उन्हें लॉर्ड सहोता के रूप में संबोधित किया जाएगा। सहोता ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन की सार्वजनिक सेवा के लिए इस्तीफे की सम्मान सूची में थे। यूके में, प्रधानमंत्री की सलाह पर सम्राट द्वारा अपने जीवन के लिए सेवा करने के लिए साथियों की नियुक्ति की जाती है। सहोता का जन्म पंजाब के होशियारपुर के गढ़द्दीवाला में हुआ था और 1966 में अपने पिता के साथ रहने के लिए यूके चले गए। उनके 2 बड़े बेटे और 2 पोते-पोतियां हैं, जो सभी टेलफोर्ड में रहते हैं।

# वृन्दावन के कथावाचक के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने को लेकर मामला दर्ज

## वायरल वीडियो में माता सीता और द्रौपदी सहित महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे



अनिरुद्धाचार्य

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मथुरा, 19 अक्तूबर : जिला पुलिस ने वृन्दावन के एक कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को आहत करने की मंशा से जानबूझकर वक्तव्य देने को लेकर मामला दर्ज किया गया है।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है उक्त कथावाचक वृन्दावन में भागवत कथा के दौरान माता सीता और द्रौपदी सहित महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। अनिरुद्धाचार्य की इस कथा की वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अनेक संगठनों और लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए पुलिस से उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। इस संबंध में मंगलवार देर रात वृन्दावन थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। कोतवाली के निरीक्षक सूरज प्रकाश शर्मा ने बताया, 'अनिरुद्धाचार्य नाम के एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने संबोधन में द्रौपदी और देवी सीता के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है।' उन्होंने कहा, 'वृन्दावन में भाजपा के सदस्य पवन शर्मा और अखिल भारत हिन्दू महासभा के कुछ सदस्यों की शिकायत पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है।' पुलिस अधीक्षक नगर मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने प्राथमिकी दर्ज किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस कानून के मुताबिक कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अनिरुद्धाचार्य ने टिप्पणी के लिए खेद जताया

**कथावाचक** ने अपनी टिप्पणी पर खेद जताया है। एक बयान में अनिरुद्धाचार्य ने कहा है, 'मैंने जो कहा उसके लिए मुझे बेहद खेद है। मेरा इरादा देवी के प्रति अनादर का नहीं था और न ही लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का था।'

### महिला आयोग ने मामले का संज्ञान लिया

**राष्ट्रीय** महिला आयोग ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक चौहान को नोटिस जारी किया है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने नोटिस में कहा है कि पुलिस इस मामले में आरोपी कथावाचक के खिलाफ धारा 509 (किसी स्त्री की लज्जा का अनादर करने के आशय से कोई शब्द कहना) के तहत मुकद्दमा दर्ज कर उसे 'प्राथमिकता' के आधार पर गिरफ्तार करे।

# अब सरकारी अस्पतालों पर रहेगा खाकी का पहरा

## ए.डी.जी.पी. लॉ एंड आर्डर ने अस्पतालों में सुरक्षा के लिए डी.सी. व एस.एस.पी. को दिए आदेश

- डाक्टर की हठ के आगे झुका प्रशासन, पंजाब के सभी अस्पतालों को सिक्योरिटी देने की मांग मानी
- ढकोली अस्पताल में भूख हड़ताल पर बैठे डा. राजेश गर्ग की मांग पर आदेश जारी


डाक्टर को जूस पिलाकर भूख-हड़ताल खत्म करवाते डायरैक्टर हैल्थ पंजाब रणजीत सिंह।

**सवेरा न्यूज/मेजर**

जीरकपुर 19, अक्तूबर : ढकोली अस्पताल में भूख हड़ताल पर बैठे डा. राजेश गर्ग के आगे प्रसाशन झुक गया है और ए.डी.जी.पी. लॉ एंड आर्डर पंजाब ने सभी अस्पतालों की सुरक्षा यकीनी बनाने की मांग पर जिलों के डी.सी. व एस.एस.पी. को आदेश दे दिए हैं। वहीं शिकायत पर साथ के साथ एक्शन लेने की भी हिदायत दी है।

डा. राजेश गर्ग की भूख हड़ताल खत्म करवाने के लिए डायरैक्टर हैल्थ पंजाब रणजीत सिंह, सिविल सर्जन आदर्शपाल कौर, डी.एस.पी. विक्र म बराड़, एस.एम.ओ. मोहाली डा. चीमा पहुंचे और डायरेक्टर हैल्थ पंजाब ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल खत्म करवाई। डाक्टर की मांग के अनुसार एक महीने में सभी अस्पतालों को सिक्योरिटी देने की मांग को मान लिया गया है। डायरैक्टर हैल्थ पंजाब रंजीत सिंह घोहतरा ने बताया कि डा. राजेश गर्ग की जायज मांग को मान लिया गया है और जल्द ही मांग पूरी भी की जाएगी। उन्होने सेहत मंत्री व पंजाब सरकार के साथ-साथ पुलिस प्रशासन का भी धन्यवाद किया।उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी सरकारी अस्पताल आपके ही हैं। यहां सेवा निभाने वाले डाक्टर भी आप ही के भाई-बहन है। डाक्टर लोगों के भले के लिए काम करते हैं। वहीं डा. राजेश गर्ग ने चेतावनी भी दी कि यदि एक महीने के अंदर-अंदर सिक्योरिटी प्रदान न की गई तो वह दोबारा संघर्ष करेंगे और वह संघर्ष इस से भी ज्यादा तीखा होगा। डायरेक्टर हैल्थ विभाग पंजाब रंजीत सिंह ने कहा कि ए.डी.जी.पी. लॉ एंड आर्डर द्वारा उनकी मांगों को मान लिया गया है और एक लिखित आर्डर भी पास किया गया है जिसके चलते डाक्टरों साथ होने वाले गलत व्यवहार पर साथ की साथ एक्शन लेने और उनकी सुरक्षा को यकीनी बनाने के आदेश दिए गए हैं।

## स्ट्रीट लाइट घोटाले के आरोपी कैप्टन संदीप संधु ने मांगी अग्रिम जमानत, सुनवाई 10 नवंबर तक स्थगित


कैप्टन संदीप संधु

**सवेरा न्यूज/प्रीत (चंडीगढ़), 19 अक्तूबर :** पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के ओ.एस.डी. रहे कैप्टन संदीप संधु, जिन्हें स्ट्रीट लाइट घोटाले में विजीलैंस ने नामजद किया है, ने अग्रिम जमानत की मांग को हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी है। बुधवार को हाईकोर्ट में वकीलों की हड़ताल के चलते जस्टिस अवनीश झिंगन ने इस मामले की सुनवाई 10 नवंबर तक स्थगित कर दी है। कैप्टन संधु ने सीनियर एडवोकेट बिपिन घई के जरिए याचिका दायर कर कहा कि उनके खिलाफ विजीलैंस ने 27 सितंबर को भ्रष्टाचार के मामले में एफ.आई.आर. दर्ज की है।

**एचडीएफसी म्यूच्युअल फ़ंड - निवेशक जागरुकता कार्यक्रम**

म्यूच्युअल फ़ंड्स के बारे में और अधिक जानने के लिए इसमें अवश्य भाग लें.

**दिनांक तथा स्थान :**
शुक्रवार, 21 अक्टूबर 2022; शाम 7:00 बजे से.
बेस्ट वेस्टर्न प्लस, बीएसएफ चौक के पास, जीटी रोड, जालंधर - 144 001, पंजाब.
रजिस्ट्रेशन कराने के लिए, कृपया संपर्क करे: कपिल सैनी, मोबाइल: 98885 52892.
रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है. रजिस्ट्रेशन का समय सुबह 9:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक होगा.
कार्यक्रम के दौरान कोविड सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करना अनिवार्य है.
वॉक-इन की अनुमति नहीं दी जाएगी.

Azadi Ka Amrit Mahotsav | HDFC MUTUAL FUND BHAROSA APNO KA
An Investor Education by HDFC Mutual Fund

म्यूच्युअल फ़ंड में निवेश करने के लिए, एककालिक अपने ग्राहक को जानिए (KYC) की अपेक्षाओं को पूरा करने की प्रक्रिया के बारे में अधिक जानकारी हेतु https://www.hdfcfund.com/information/key-know-how पर विज़िट करें. निवेशकों को केवल रजिस्टर्ड म्यूच्युअल फ़ंड के साथ व्यवहार करना चाहिए, जिनके विवरण का सत्यापन सेबी की वेबसाइट (www.sebi.gov.in/intermediaries.html) पर किया जा सकता है. किसी पूछताछ, शिकायत तथा समस्या के समाधान के लिए निवेशक एएमसीज़ तथा/या निवेशक संपर्क अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं. इसके साथ ही, अगर निवेशक एएमसीज़ द्वारा दिए गए समाधान से संतुष्ट न हों तो https://scores.gov.in पर भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं. स्कोर्स पोर्टल निवेशकों को सेबी को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने तथा तत्पश्चात इसकी स्थिति को देखने की सुविधा प्रदान करता है.

**म्यूच्युअल फ़ंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेज़ों को ध्यान से पढ़ें.**

# परिवार को जलाने वाले ने पेड़ से फंदा लगा की आत्महत्या

**पत्नी, 2 बच्चों और सास-ससुर को जिंदा जला दिया था**

**सवेरा न्यूज/विशाल, अनिल**

जगराओं/महितपुर/नकोदर, 19 अक्तूबर : थाना महितपुर के अधीन पड़ते गांव बीटला में पत्नी, 2 बच्चों और सास-ससुर को जिंदा जलाने वाले कुलदीप उर्फ काली ने भी खुदकुशी कर ली। बुधवार को उसका शव सतलुज नदी के पास पेड़ से लटकता मिला।

बता दें कि कुलदीप नशे का आदी था। वह अपनी पत्नी से मारपीट भी करता था। अत्याचारों से परेशान होकर पत्नी परमजीत कौर दोनों बच्चों के साथ अपने मायके गांव बीटला आकर रहने लगी थी।

इसके बावजूद कुलदीप कई बार शराब के नशे में धुत होकर ससुराल आता था और परमजीत कौर व उसके मायके वालों को गाली देता था। मगर हद तो तब हो गई जब उसने मंगलवार को अपनी पत्नी, दोनों बच्चों और सास-ससुर को पैट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया। पुलिस ने कुलदीप के सहयोगी कुलविंदर को देर रात गिरफ्तार कर लिया था। वहीं कुलदीप की तलाश जारी थी लेकिन बुधवार सुबह उसकी लाश पेड़ से लटकती मिली।

इस घटना के बाद से ही थाना महतपुर पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही थी। बुधवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे थाना सिधवां बेट पुलिस को सूचना मिली कि सोमवार रात हुए दर्दनाक हादसे को अंजाम देने वाले कुलदीप सिंह ने फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है।

इसके बाद थाना सिधवां बेट की पुलिस एवं थाना महितपुर की पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जानकारी देते हुए थाना सिटी पुलिस के प्रभारी इंस्पैक्टर सुनील कुमार ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 7 बजे इस घटना के बारे में पता चला है। मृतक कुलदीप की लाश को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**सैनिक स्कूल, कालीबंगा**
18 SPD, Rawatsar Road, Suratgarh (Rajasthan)
**प्रवेश परीक्षा (2023-24)**
कक्षा V, VI, VII, VIII, IX और XI में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 5 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक राज्य के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।
फ़ॉर्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2022 है।
कुल रिक्तियां : 40 छात्र-छात्राएं (प्रत्येक कक्षा)
लड़कियों हेतु आरक्षित रिक्तियां : 20 (प्रत्येक कक्षा)
- आवेदन पत्र स्कूल वेबसाईट पर उपलब्ध है तथा 490/- रूपये के आवेदन शुल्क के साथ www.sainikschoolkalibangan.com पर ऑनलाईन ही भरे जायेंगे।
- साक्षात्कार, मेडिकल तथा चयन की समस्त जानकारी के लिये स्कूल की वेबसाईट समय-समय पर देखते रहें।
- सैनिक स्कूल, कालीबंगा छात्र-छात्राओं को NDA प्रवेश परीक्षा हेतु शैक्षणिक, मानसिक व शारीरिक रूप से प्रशिक्षित करता है।

संपर्क सूत्र :- 9210827301






दैनिक सवेरा टाइम्स
जालंधर, वीरवार, 20 अक्तूबर 2022

यदि आप किसी समस्या का कारण ही नहीं समझ सकते तो आपके लिए उसे हल कर पाना असंभव है। -नाओटो कॉन

# नशों के बढ़ते अंधेरे ने विकृत किया पूरा माहौल

**दिवाली** के दिन हैं। यह रोशनी का त्यौहार है जिसे आम लोगों की जिंदगी में भी नये मूल्यों के दीये जगा देने चाहिएं। लेकिन अपने पंजाब या उसके आस-पड़ोस के राज्यों हरियाणा, हिमाचल और दिल्ली को देखते हैं तो लगता है कि न केवल युवा पीढ़ी को बल्कि मध्य वर्ग के घरेलू जीवन को भी नशे के सैलाब ने विकृत कर दिया है। ऐसी ऐसी खबरें आती हैं कि जिन्हें सुनकर दिल कांप उठता है। जालंधर से खबर आई कि नशे के आदी एक दामाद ने अपनी पत्नी, बच्चों व सास-ससुर को जिंदा जला दिया। पत्नी का दोष था कि उसने नशेड़ी पति की पिटाई से बचने के लिए मायके में शरण ले ली थी। अब पत्नी के मायके से लौटने से इन्कार करने पर अपराधी ने सोमवार देर रात यह कदम उठाया।

जिधर देखते हैं, नशे के ये खौफनाक कुप्रभाव दिखाई देते हैं। जालंधर छावनी के रामामंडी से खबर आई कि एक नशेड़ी ऑटो ड्राइवर ने दो महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया और पकड़े जाने पर भी वह अपनी हरकत पर शर्मिंदा नहीं था। अमृतसर से खबर आई कि नशे के कारण एक परिवार के दो सगे भाइयों की मौत हो गई। एक भाई नशा बेचने के आरोप में पकड़ा गया था, उसने दम तोड़ा तो छोटे भाई ने खेत में जाकर नशे का इंजैक्शन लगा लिया। बरनाला की सांसी मंडी नशा बस्ती के तौर पर मशहूर हो चुकी है। पुलिस चाहे पैनी नजर रख ले लेकिन किसी नशेड़ी से पूछो कि नशा कहां से लेकर आए तो वह इसी मंडी का नाम लेता है। इस मंडी में स्मैक, चिट्टा, अफीम, भुक्की, शराब पर मैडिकल नशा आसानी से मिल जाता है। जेलों की तरफ देखें। जेलों से न केवल मोबाइल बरामद हो रहे हैं बल्कि वहां नशा और चिट्टा भी बेचा जा रहा है। नशेड़ी जेल कैदियों के नशा करने के चित्र सामने आ रहे हैं। अमृतसर में एस.टी.एफ. ने केन्द्रीय जेल फतेहपुर में नशे की सप्लाई करने वाले हैड वार्डन और वार्डन को गिरफ्तार कर लिया।



हैड वार्डन के कब्जे से 35 ग्राम हैरोइन, एक मोबाइल और वार्डन से 10.50 ग्राम अफीम बरामद हुई। दुर्भाग्य की बात यह है कि नशा बेचने वाले इस नशा माफिया का गठजोड़ गैंगस्टरों के साथ है जो बंदूक संस्कृति को चलाते हैं। इनके तार आतंकी तत्वों से भी मिले हुए हैं। कुछ तत्व जो इसी देश में आम लोगों में छिपकर बैठे हैं और कुछ जो विदेशों से इस आतंकवाद, हिंसा, बदमाशी और नशाखोरी को बढ़ावा दे रहे हैं। एन.आई.ए. इन नशा तस्करों, आतंकियों और गैंगस्टरों की सांठगांठ के विरुद्ध कार्रवाई करती हैं। मंगलवार को चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा समेत 50 स्थानों पर छापे मारे गए। यह कार्रवाई 26 अगस्त को दर्ज एक मामले की छानबीन में थी। पूरी खबर चौंका देती है क्योंकि इसमें एडवोकेट, कबड्डी प्रोमोटर और कथित गैंगस्टर लिप्त मिलते हैं।

चंडीगढ़ में तो गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के वकील शैली शर्मा के ठिकानों पर भी रेड हुई और वकील से पूछा गया कि आपके पास ही इन सबके केस क्यों आते हैं? जवाब स्पष्ट ही था, मिल गया कि हम केस अच्छी तरह से लड़ते हैं इसीलिए हमारे पास केस आते हैं। लेकिन इस बात की तह तक न जाते हुए जाहिरा तौर पर यह स्पष्ट लगता है कि नशों का तंत्र या नशों का यह जाल कितनी दूर तक फैला हुआ है, एक तरफ जेल के कर्मचारी हैं, दूसरी तरफ विदेशों में बैठे नशा माफिया सरगना और आतंकी गठजोड़, जो इस तरह की हरकतों को बढ़ावा देते हैं। ये घटनाएं सामाजिकता को कैसे छिन्न-भिन्न कर देती हैं, यह इस लेख के शुरू में बताई गई घटनाए स्पष्ट करती हैं। इन रौशन दिनों में अगर नशे के अंधेरे को जड़मूल से खत्म करने की शपथ ली जाए तो इससे बेहतर और क्या बात होगी। -शीतल विज

## पंजाब में राजभवन और सरकार में तकरार जारी

**पंजाब** में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित और मुख्यमंत्री भगवंत मान में जो रार चल रही है वह विभिन्न विषयों पर कटुता को ही बढ़ाती है। पहला उदाहरण तब मिला जब भगवंत मान सरकार ने गवर्नर से 'एक विधायक एक पैंशन' विधेयक पर इजाजत मांगी। जब कैबिनेट ने प्रस्ताव पास करके गवर्नर को भेजा तो उन्होंने इसे लौटा दिया। आप सरकार ने इसे विधानसभा से पास करवाकर पुनः भेजा, तब सहमति मिली। फिर जब विश्वास मत प्राप्त करने के लिए भगवंत मान सरकार ने विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया तो गवर्नर महोदय ने पहले इजाजत देकर दूसरे दिन इजाजत रद्द कर दी।

अब पंजाब के विश्वविद्यालयों के वाइस चांसलरों की नियुक्ति पर जो पंजाब के राज्यपाल और वर्तमान सरकार की कारगुजारी में मत वैभिन्नय नजर आ रहा है वह किसी तरह पंजाब के शिक्षा मॉडल के लिए उचित नहीं। झगड़ा पहले मैडिकल यूनिवर्सिटी फरीदकोट को लेकर हुआ जहां पहले वाइस चांसलर डा. जंग बहादुर को मंत्री महोदय ने गंदे गद्दे पर लेटने का आदेश दिया और वह त्यागपत्र दे गए। इसके बाद राज्य के एक प्रमुख चिकित्सक डा. जी.एस. वांडर को बाबा फरीद यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर नियुक्त किया गया तो राज्यपाल ने फाइल लौटा दी कि सरकार तीन नामों का पैनल भेजे लेकिन डा. वांडर ने इस पद को स्वीकार करने से स्वयं ही नम्रता से इन्कार कर दिया।

अब यही विवाद पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के नवनियुक्त वी.सी. सतवीर सिंह गोसाल को लेकर भी हो गया। राज्यपाल ने इस नियुक्ति को रद्द करने के लिए कहा है और नियमानुसार नामों का पैनल भेजने के लिए कहा लेकिन सरकार के प्रतिनिधियों और विपक्षी नेताओं राजा वडिंग और सुखबीर बादल का भी कहना है कि यहां राज्यपाल का आग्रह नियमानुसार नहीं। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के बोर्ड को वी.सी. नियुक्त करने की शक्तियां हैं। यह संघवाद के अनुरूप हैं। इनका सम्मान किया जाना चाहिए।

दूसरी और कृषि मंत्री ने कहा कि ये पत्र जो राज्यपाल ने लिखा है, यह भाजपा की ओर से ड्राफ्ट किया लगता है। पहले यूनिवर्सिटी संबंधी नियमों को ध्यान से पढ़कर ही गवर्नर महोदय को ऐसे पत्र भेजने चाहिएं। जानकारों का कहना है कि बोर्ड के पास ये शक्तियां कुछ महीनों के लिए थीं और क्योंकि यह पद एक साल से खाली था इसलिए इस पद पर नियुक्ति के लिए गवर्नर पैनल मांगने के अधिकारी हो जाते हैं। बात चाहे कुछ भी लेकिन राज्यपाल और मुख्यमंत्री की यह रार पंजाब की सेहत के लिए सार्थक नहीं क्योंकि बदलाव के जो कदम उठाए जाएंगे उन पर अगर पग-पग इस मत वैभिन्नय का अवरोध दिखाई देगा तो बात कैसे बनेगी? -शीतल विज

Email: letter2editor@dainiksaveratimes.net

# चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की तीसरी पारी

### चीन में माओत्से तुंग के बाद शी जिनपिंग ही देश के सर्वाधिक शक्तिशाली नेता के रूप में उभरे हैं।



डा. बरजिन्दर सिंह हमदर्द
शिरोमणि पत्रकार एवं वरिष्ठ साहित्यकार

इन दिनों विश्व भर में रूस एवं यूक्रेन के बीच चल रहे विनाशक युद्ध के अतिरिक्त अंतर्राष्ट्रीय मंच पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भी बड़ी चर्चा हो रही है। इस समय चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सी.पी.सी.) की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन चल रहा है। प्रत्येक पांच वर्ष बाद देश भर में कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से चुने गए कुछ हजार प्रतिनिधियों को बुलाया जाता है तथा विचार चर्चा के बाद यह सत्तारूढ़ कुछ बड़े नेता उन्हें संबोधित करते हैं तथा कुछ दिनों की विचार चर्चा के बाद देश से संबद्ध महत्वपूर्ण मामलों के संबंध में फैसले किए जाते हैं। इससे पूर्व पार्टी का 19वां अधिवेशन वर्ष 2017 में हुआ था। इस बार सबसे महत्वपूर्ण बात शी जिनपिंग को तीसरी बार पार्टी का महासचिव एवं राष्ट्रपति चुने जाने की घोषणा है। चीन में इस पद पर बैठा व्यक्ति ही प्रमुख सैनिक कमांडर माना जाता है। माओत्से तुंग को चीनी क्रांति का जनक माना जाता है। वर्ष 1976 में उनकी मृत्यु के बाद यह परम्परा बनी रही थी कि किसी पार्टी का महासचिव निरन्तर केवल दो बार ही चुना जा सकता है। शी जिनपिंग ने महासचिव का पद वर्ष 2013 को सम्भाला था परन्तु विगत 10 वर्ष के काल में उन्होंने अपनी शक्तियों में भारी वृद्धि कर ली है। कुछ वर्ष पूर्व ही वहां ये स्थितियां बन गई थीं कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग पुनः पार्टी के महासचिव का पद सम्भाल कर तीसरी बार राष्ट्रपति बनेंगे। विगत समय में वहां यह प्रभाव भी परिपक्व किया जाता रहा कि माओत्से तुंग के बाद शी जिनपिंग ही देश के सर्वाधिक शक्तिशाली नेता के रूप में उभरे हैं। इस दिशा में वर्ष भर से वहां यत्न जारी रहे। शी जिनपिंग की ओर से लिखित पुस्तकें भी प्रकाशित हुईं, जिनमें उन्होंने परिवर्तित हुए समयानुसार चीन के आर्थिक ढांचे की व्याख्या की है। चीनी समाज का मार्ग दर्शन करने के लिए मार्क्सवाद की व्याख्या भी परिवर्तित दौर के अनुसार करने का यत्न किया गया है। पार्टी कांग्रेस में अपने लम्बे भाषण में उन्होंने वैज्ञानिक समाजवाद की भी चर्चा की है तथा देश में विकास की रूप-रेखा को घोषित करते हुए आगामी समय में इसकी सुरक्षा को लेकर भी अपने विचार पेश किए हैं। इसके साथ ही आत्म-निर्भरता, शिक्षा, विज्ञान एवं अनुसंधान के लिए वातावरण तैयार करने के लिए भी कहा है। आज चीन विश्व की दूसरी सबसे बडी अर्थ-व्यवस्था बनकर उभरा है। अपने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के बलबूते



पर उसने न केवल अपने देश का विकास एवं सेनाओं का पूरी तरह से आधुनिकीकरण कर लिया है, अपितु एशिया एवं अफ्रीका के जरूरतमंद देशों को ऋण के रूप में भारी सहायता देकर वहां भांति-भांति की परियोजनाएं भी शुरू की गई हैं। इसीलिए आज अधिकतर गरीबी से प्रभावित एवं जरूरतमंद देश उसके ऋण एवं सहायता पर निर्भर हैं। पाकिस्तान भी इन देशों की कतार में खड़ा दिखाई दे रहा है। 10 वर्ष पूर्व जब शी जिनपिंग ने सत्ता सम्भाली थी तो उन्होंने भारत के साथ मैत्री का हाथ बढ़ाया था तथा यह भावना भी व्यक्त की थी कि दोनों देशों के बीच सीमांत मामले को व्यापार एवं अन्य प्रकार के आदान-प्रदान से नहीं जोड़ा जाना चाहिए परन्तु इसके बाद चीन की नीतियों में भारी परिवर्तन आता रहा है। देश एवं सत्ता पर पकड़ मजबूत होने के बाद शी जिनपिंग ने अपनी विस्तारवादी नीतियों को अधिमान देना शुरू कर दिया। चीन के दक्षिण सागर में समुद्र से सटे देशों के हिस्से एवं इस क्षेत्र में पड़ने वाले द्वीपों पर भी वह अपने दावे पेश करने में लगा हुआ है। इन दावों को उसकी ओर से क्रियात्मक रूप देने के यत्नों के दृष्टिगत आज दक्षिणी चीन सागर से सटे दर्जनों पड़ोसी देश उससे नाराज हो गए हैं। जापान उसका बड़ा विरोधी बना हुआ दिखाई देता है। भारत, भूटान एवं सिक्किम की सीमा के साथ सटे डोकलाम में भारत एवं चीन दोनों देशों की सेनाएं 70 दिनों तक एक-दूसरे के समक्ष खड़ी रही थीं। इसी प्रकार पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में लगभग दो वर्ष पूर्व जिस प्रकार दोनों देशों के सैनिकों में टकराव हुआ था, उससे भी दोनों देशों के संबंध अतीव खराब हो गए थे। इसका प्रभाव अब तक भी बना हुआ है। चीन ने सदैव अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा मानते हुए कई बयान दिए हैं। इसी प्रकार चीन की ओर से ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने की योजना को लेकर भी दोनों देशों में भारी टकराव उत्पन्न होता रहा है। समूचे हालात को देखते हुए आगामी समय में शी जिनपिंग का तीसरी बार सत्ता पर काबिज होना भारत सहित विश्व के कई अन्य देशों के लिए उससे अधिक सचेत रहने का संदेश ही कहा जा सकता है। चीन में कम्युनिस्ट शासन के समय एक ऐसा अवसर आया था जब ऐसा प्रतीत होता था कि यहां के कम्युनिस्ट शासकों की ओर से नई एवं बड़ी छूट प्रदान की जाएंगी परन्तु इस दौर के बाद चीन पर प्रशासनिक नियंत्रण और भी मजबूत कर दिया गया है। निःसन्देह शी जिनपिंग की तीसरी पारी अंतर्राष्ट्रीय धरातल पर ऐसे बड़े प्रभावों वाली होगी जिसे देखते हुए भिन्न-भिन्न बड़े देशों को भी अपनी नीतियों में परिवर्तन करने पड़ सकते हैं।

# आखिर क्यों सहमी हुई है पाकिस्तानी सेना



आर.के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्यसभा

पाकिस्तान में मोटी तोंद और लंबी मूंछों वाले सेना के अफसरों के खिलाफ अब कुछ सियासी रहनुमा बोलने लगे हैं। उनके करप्शन तथा अनैतिक कृत्यों को उजागर करने का साहस अब दिखा रहे हैं, जबकि भ्रष्टाचार का घड़ा फूटने ही वाला है। फिर भी, यह एक सकारात्मक संकेत सरहद के उस पार से आ तो रहा है। इसका स्वागत होना चाहिए। बीते दिनों पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तहरीके इंसाफ पार्टी (पी.टी.आई.) के नेता आजम स्वाती ने सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा के खिलाफ एक ट्वीट किया। उन्होंने अपने ट्वीट में बाजवा के काले कारनामों का पर्दाफाश किया। उनके इस कदम के बाद सेना ने आजम स्वाती को गिरफ्तार कर लिया।

पर यह तो मानना होगा कि पी.टी.आई. के इस नेता का जमीर जिंदा है। वह एक भ्रष्ट सेना प्रमुख को आईना दिखाने की हिम्मत रखते हैं। पाकिस्तान में इस तरह के बेखौफ लोग बहुत नहीं हैं। इमरान खान की आप लाख कमियां निकाल लें, पर यह तो कहना होगा कि वे भी परोक्ष और अपरोक्ष रूप से सेना पर हल्ला बोलते रहते हैं। पाकिस्तान सेना की निंदा करना



हर तरह से वाजिब है। इसने पाकिस्तान को कभी पनपने ही नहीं दिया। पाकिस्तान में लोकतंत्र को कभी सेना के जनरलों ने जमने का मौका नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान तबाह होता रहा। आज पाकिस्तान सारी दुनिया के पास कटोरा लेकर घूमता है, ताकि उसे कहीं से भीख मिल जाए। वहां की सेना माफिया गिरोह की तरह से काम करती है। भारत से 1965 तथा 1971 की जंगों में बुरी तरह पराजित होने के बाद उम्मीद थी कि सेना सुधर जाएगी। पर, यह उम्मीद गलत साबित हुई। उसने फिर कारगिल में घुसपैठ की। वहां पर उसे भारतीय सेना ने रगड़ दिया।

पाकिस्तानी सेना ने अपने देश में चार बार निर्वाचित सरकारों को गिराया। अयूब खान, यहिया खान, जिया उल हक और परवेज मुशर्रफ के नेतृत्व में पाकिस्तान में लोकतंत्र कराहता रहा। सेना ने पाकिस्तान में निर्वाचित सरकारों को कभी कायदे से काम करने का मौका ही नहीं दिया। सत्ता से बाहर किए जाने के बाद इमरान खान आरोप लगाते रहे हैं कि उनकी सरकार को हर जगह ब्लैकमेल किया गया। उन्होंने कहा कि सत्ता की बागडोर उनके हाथ में नहीं थी। यह सभी को पता है कि वह कहां है और किसके पास थी। उनका इशारा सेना की तरफ ही था। पाकिस्तान में वर्ष 1956 तक संविधान तक नहीं बन पाया। अयूब खान ने अकारण 1965 में भारत के खिलाफ जंग छेड़कर अपने देश की अर्थव्यवस्था को हमेशा के लिए तबाह कर लिया। दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़े जिया उल हक ने तो भुट्टो को फांसी पर लटकवा दिया था। जिया ने पाकिस्तान को घोर कठमुल्ला मुल्क भी बनवाया। पाकिस्तान का शिक्षित समाज आज उन्हें कोसता है। हालांकि उनकी विमान हादसे में मौत में भी सेना का ही हाथ बताया जाता है। वहीं, दिल्ली में पैदा हुए परवेज मुशर्रफ ने कारगिल में पाकिस्तानी फौज भिजवा कर मुंह की खाई। यह भी गौर करें जनरल अयूब खान से लेकर जनरल बाजवा तक सब के सब कट्टर भारत विरोधी रहे। जब तक बाजवा के पूर्ववर्ती राहिल शरीफ पाकिस्तान में सेना प्रमुख रहे तब तक तो वे भी भारत के खिलाफ जहर उगलते रहे। उनको भारत से निजी खुन्नस थी। दरअसल उनके बड़े भाई 1971 की जंग में मारे गए थे। अब बात बलराज साहनी के ही गॉर्डन कॉलेज में शिक्षित जनरल कमर जावेद बाजवा की। बाजवा भी 'राग कश्मीर' छेड़ते रहते हैं। कहने वाले कहते हैं कि पाकिस्तान के सबसे पिछड़े बलूचिस्तान सूबे की जनता के पाकिस्तान सरकार तथा सेना के खिलाफ विद्रोह के चलते बावजा की स्थिति कमजोर हुई है। इसलिए उन पर कुछ सियासी नेता हल्ला बोलते हैं। विकास से तो कोसों दूर है बलूचिस्तान। बलूचिस्तान देश के बंटवारे के समय भारत के साथ विलय चाहता था।

लेकिन पंडित नेहरू ने उसे पाकिस्तान को दान में दे दिया। बलूचिस्तान पाकिस्तान के पश्चिम का राज्य है जिसकी राजधानी क्वेटा है। बलूचिस्तान के पड़ोस में ईरान और अफगानिस्तान है। 1947 में इसे नेहरू की सहमति से जबरन पाकिस्तान में शामिल कर लिया गया। तभी से बलूच लोगों का संघर्ष चल रहा है और उतनी ही ताकत से पाकिस्तानी सेना बलूच जनता को कुचलती रही है। पाकिस्तान सेना की ताकत ने ही उसे पाकिस्तान का हिस्सा बनाकर रखा हुआ है। पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान में विद्रोह को दबाने के लिए आए दिन टैंक और लड़ाकू विमानों तक का इस्तेमाल करती है। पाकिस्तान में सेना की ताकत लगातार कुछ कमजोर तो हो रही है। कुछ समय पहले वित्त मंत्री मिफताह इस्माइल ने सेना को एक झटका दिया। उन्होंने देश की सेनाओं के विकास पर खर्च होने वाली रकम को घटा दिया है। मीडिया की खबरों के मुताबिक इसमें 72 अरब रुपये की कटौती कर दी गई है। पाकिस्तान ने यह कदम अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की तरफ से रखी गई एक शर्त के तहत उठाया है। पाकिस्तानी सेना छावनियों में रहे, यह खुद पाकिस्तान तथा दक्षिण एशिया में स्थायी शांति के लिए जरूरी है। पाकिस्तानी सेना ने अपने को शुरू से ही इस तरह से पेश किया कि मानो वह ही पाकिस्तान का हित देखती-समझती हो। पाकिस्तान आर्मी को विदेशी मामलों में भी दखल देने की बीमारी है। पाकिस्तान में जब भी किसी अन्य देश का राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री या अन्य कोई महत्वपूर्ण शख्सियत आता है तो आर्मी चीफ उससे मिलते हैं। कमर जावेद बाजवा भी उसी रिवायत को आगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि उन्हें या उनसे पहले के जनरलों को डिप्लोमेसी की कोई समझ नहीं रही है। बाजवा 23 जुलाई, 2019 को वाशिंगटन में अमरीका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करते हैं।

इमरान खान को यह समझ नहीं आ रहा था कि सेना प्रमुख डिप्लोमेसी में क्यों दखल दे रहा है। इसलिए दोनों के बीच दूरियां बढ़ती गईं। रावलपिंडी में स्थित पाकिस्तान सेना के हैडक्वार्टर में आजकल जो कुछ हो रहा है, वह पहले शायद ही कभी हुआ हो। वहां इन दिनों बड़े-छोटे अफसर हाल ही में प्रधानमंत्री के ओहदे से अपदस्थ हुए इमरान खान की सभाओं को फॉलो कर रहे हैं। इमरान खान की कराची में पिछले दिनों मोहम्मद अली जिन्ना के मकबरे के पास के मैदान, जिसे बागे-ए-जिना कहते हैं, में हुई पब्लिक मीटिंग पर भी सेना की पैनी नजर थी। मीटिंग में उमड़ी भीड़ से सेना के अफसरों की पेशानी से पसीना छूटने लगा। कहते हैं कि इस मैदान में इससे पहले जिन्ना की बहन फातिमा जिन्ना की सभाओं में इतनी भीड़ आती थी। ये 1960 के दशक की बातें हैं। पाकिस्तानी सेना सहमी इसलिए है क्योंकि इमरान खान ने सत्ता पर काबिज रहने के दौरान सेना के कामकाज में हस्तक्षेप करने की हिमाकत की और अब जब वे प्रधानमंत्री नहीं रहे हैं तो भी वे और उनके साथी सेना पर हमले बोल रहे हैं।

प्रश्न सलीब

# चुनावी मौसम और हेट स्पीच का दौर



निशिकांत ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार/ राजनीतिक विश्लेषक

चुनावी मौसम के नजदीक आते ही देश में नफरती भाषणों, यानी हेट स्पीच का सिलसिला फिर शुरू हो गया है। पिछले दिनों राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मनीष नामक युवक की हत्या के विरोध में आयोजित कार्यक्रम के कथित वीडियो में भारतीय जनता पार्टी के पश्चिमी दिल्ली से सांसद प्रवेश वर्मा को यह कहते सुना और देखा जा सकता है के 'जहां कहीं भी ये लोग दिखें, तो उनका दिमाग और तबीयत ठीक करने का एक ही तरीका है, और वह तरीका है उनका संपूर्ण बहिष्कार।' वहीं, दिल्ली से सटे उत्तर प्रदेश के लोनी से भाजपा के ही विधायक नंद किशोर गुर्जर ने एक सार्वजनिक मंच से कहा कि 'हम लोग किसी को छेड़ते नहीं, लेकिन हमारी बहन-बेटी को कोई छेड़े तो उसे छोड़ते भी नहीं। दिल्ली के अंदर सी.ए.ए. पर दंगा हुआ, तब ये जिहादी हिंदुओं को मारना शुरू किया, तो आप लोग थे? आपने घर में घुसा दिया? हमारे ऊपर आरोप लगे कि हम ढाई लाख लोग लेकर दिल्ली में घुस गए। हम तो समझाने के लिए गए थे, लेकिन हम पर पुलिस ने मुकद्दमा कर दिया कि हमने जिहादियों को मारने का काम किया, हम जिहादियों को मारेंगे, हमेशा मारेंगे, सहमत हैं?' सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बावजूद नफरती भाषण देने वाले यति नरसिंहानंद ने ऊना (हि.प्र.) में धर्म संसद का आयोजन किया, जहां से एक समुदाय के खिलाफ जमकर नफरत भरे भाषण दिए गए। इस दौरान प्रशासन नदारद रहा। यही नहीं, जमानत पर बाहर चल रहे नरसिंहानंद ने खुलेआम जमानत की शर्तों को तोड़ा। वहीं, सीतापुर में भगवाधारी बजरंग मुनी का एक वीडियो 7 अप्रैल को सामने आया था। इसमें उन्हें यह कहते सुना गया कि 'मैं आपको प्यार से कह रहा हूं कि अगर खैराबाद में एक भी हिंदू लडकी को आपके द्वारा छेड़ा गया तो मैं आपकी बेटी-बहू को बाहर लाऊंगा और उसके साथ बलात्कार करूंगा।' ये तो चंद उदाहरण हैं, यदि इस प्रकार के नफरती लोगों की और नफरती भाषण देने वालों की सूची देखेंगे तो वह काफी लंबी है, जो केवल राजनीति चमकाने और मीडिया की सुर्खियां पाने के लिए इस प्रकार की बातें करते हैं और समाज में विष वमन करके अशांति फैलाना चाहते हैं। नफरती भाषणों पर कड़ी आपित्त जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि विजुअल मीडिया का विनाशकारी प्रभाव हुआ है। किसी को भी इस बात की परवाह नहीं है कि अखबारों में क्या लिखा है, क्योंकि लोगों के पास (अखबार) पढ़ने का समय नहीं है। टी.वी. बहस के दौरान प्रस्तोता की भूमिका का उल्लेख करते हुए न्यायालय ने कहा कि यह प्रस्तोता की जिम्मेदारी है कि वह किसी मुद्दे पर चर्चा के दौरान नफरती भाषण पर रोक लगाए। न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ ने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषणों से निपटने के लिए संस्थागत प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता है।



बोल-कुबोल

न्यायालय ने इस मामले में सरकार की ओर से उठाए गए कदमों पर असंतोष जताते हुए मौखिक टिप्पणी की, 'सरकार मूकदर्शक क्यों बनी बैठी है?' शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को इस मामले में अपना रुख स्पष्ट करने को भी कहा कि क्या वह नफरत फैलाने वाले भाषण पर प्रतिबंध के लिए विधि आयोग की सिफारिशों के अनुरूप कानून बनाने का इरादा रखती है? इस बीच पीठ ने भारतीय प्रैस परिषद और नैशनल एसोसिएशन ऑफ ब्रॉडकास्टर्स (एन.बी.ए.) को अभद्र भाषा और अफवाह फैलाने वाली याचिकाओं में पक्षकार के रूप में शामिल करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने मामलों की सुनवाई के लिए 23 नवंबर की तारीख तय की है।

सुप्रीम कोर्ट ने 10 अक्टूबर को नफरत भरे भाषण का मुद्दा उठाने वाले एक याचिकाकर्ता से कहा कि वह जांच के दौरान उठाए गए कदमों समेत विशेष घटनाओं का ब्यौरा दे। प्रधान न्यायाधीश यू.यू. ललित और न्यायमूर्ति एस.आर. भट्ट ने कहा कि शायद आपका यह कहना सही है कि नफरत भरे भाषणों के परिणामस्वरूप पूरा माहौल खराब हो रहा है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि शायद आपके पास यह कहने के लिए उचित आधार है कि इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है, लेकिन न्यायालय ने कहा कि किसी मामले का संज्ञान लेने के लिए तथ्यात्मक आधार होना चाहिए। हालांकि, अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता एक या दो मामलों पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। इस मामले की सुनवाई अब 31 अक्टूबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने जिस प्रकार याचिकाकर्ता की दलीलों को सुनकर संज्ञान लिया है, उससे तो यही लगता है कि ऐसे लोगों के विरुद्ध कुछ न कुछ कार्यवाही तो होगी, लेकिन ऐसे लोग ऊपर तक अपनी पहुंच रखते हैं, इसलिए यह तुरंत विश्वास करना कठिन हो जाता है कि देश में दंगा कराने वालों को कोई सजा भी मिलेगी? जो हमारे आपसी भाईचारे को समय-समय पर खंडित करते रहते हैं। हिंदू हां या मुसलमान, कोई अपने को इस मामले में कमतर नहीं मानता, और परिणाम हम आजादी के पहले और बाद में देख चुके हैं कि हमारा अखंड भारत बार-बार विखंडित होता रहा है।

पाकिस्तान, बंगलादेश उसी नफरत का ही तो प्रतिफल है। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इस प्रकार के नफरती भाषण जो लोग देते हैं वे सभी किसी-न-किसी रूप से केंद्रीय सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े हैं। अब इस बात से कोई कैसे इन्कार कर सकता है कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने क्या कहा था, उनकी पदोन्नति हो गई। कपिल मिश्रा, नंद किशोर गुर्जर और सांसद प्रवेश वर्मा का नाम भी इस मामले में उल्लेखनीय है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कभी हम साथ बैठते थे, अपनापन होता था इन्हीं सब कारणों से हम दूर हो गए, एक-दूसरे से डरने लगे। आपसी प्यार नफरत में बदल गया। इस दूरी को कौन कम करेगा, यह बड़ा गंभीर विषय है। अब एक ही उम्मीद की किरण दिखाई देती है, वह है सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप। अब बस सुप्रीम कोर्ट के अगले आदेश की प्रतीक्षा करनी होगी, क्योंकि मामला इतना गंभीर है कि सामान्यजन से अथवा सत्तारूढ़ दल से किसी प्रकार के सकारात्मक विचार की आशा करना बेमानी ही होगी। देखिए और 31 अक्टूबर तक इंतजार कीजिए।

## कार्टून कोना

विश्वा मित्र




# देश के नौनिहालों को कुपोषण से बचाना होगा

बच्चे देश के भविष्य होते है। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगा। देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 33 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार है और इनमें 50 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं। सरकारी एजैंसियों द्वारा एक आर.टी.आई. के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं।

इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और मध्य प्रदेश है। विगत दिनों कोरोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं और आने वाले कल के दिन में भी और बच्चों के कुपोषण कथा मृत्यु की आशंका बढ़ गई है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित है एवं शेष 16 लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं। जब अरबों रुपये अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित न हो वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है उसका नंबर 101वां है, ऐसे हालात में महिला तथा



बाल विकास को महिलाओं तथा बच्चों के लिए ही एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें कुपोषित होने से बचाना होगा। पोषण ट्रैकर के हवाले से बताया गया कि सिर्फ महाराष्ट्र में ही कुपोषित बच्चों की संख्या छह लाख दर्ज की गई है जिनमें 1.57 लाख बच्चे अल्प कुपोषित तथा 4.58 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। दूसरे नंबर पर बिहार प्रदेश आता है जहां 5 लाख कुपोषित बच्चे और तीसरे नंबर पर गुजरात प्रदेश होता है जहां 3:30 लाख बच्चे कुपोषित हैं। कम लंबाई तथा कम वजन के कुपोषित बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे? इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता होगी। वैश्विक भूख सूचकांक (ग्लोबल हंगर इंडैक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है इस मामले में वह अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बंगलादेश, भूटान और नेपाल से काफी पीछे है। इस मामले में भारत 2020 में ग्लोबल हंगर इंडैक्स के अनुसार 94 वें स्थान में था, और आज की स्थिति में 101 वे स्थान में पहुंच गया है। इसका सीधा सीधा मतलब है कि हर वर्ष कुपोषण से शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है।

स्वस्थ भारत/ संजीव ठाकुर

कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है दिल्ली प्रदेश की स्थिति भी चिंताजनक है अधिकारी और मंत्री भले बड़े-बड़े दावे करने में पीछे नहीं हटते हैं पर बच्चों की स्थिति चिंताजनक है, दिल्ली में ही 2लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2.70 लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2.50 लाख बच्चे, उत्तर प्रदेश में 19 लाख बच्चे, तमिलनाडु में 1.80 लाख, असम में 1.80 लाख और तेलंगाना में 1.60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपये सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं, तो यह स्वास्थ्य विभाग में विशेष तौर पर बच्चों के लिए खर्च करने रिसर्च करने और उन पर विशेष ध्यान देने में कोताही क्यों बरती जा रही है। यह तथ्य न सिर्फ चिंतनीय है बल्कि स्वास्थ विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी महिला तथा बालकों के विकास के लिए विशेष अभियान चलाकर उनके स्वास्थ्य की रक्षा हेतु निर्देशित किया है।

वैश्विक आंकड़े भी यही बताते हैं कि बच्चों को जो कि किसी भी देश का भविष्य होते हैं कुपोषण से हर तरह से सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करना होगा अन्यथा ये कुपोषित बच्चे ही आगे चलकर देश के नागरिक नागरिक बनेंगे। ऐसे में आप स्थिति की कल्पना कर सकते हैं। देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।

दैनिक सवेरा टाइम्स
सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक शीतल कुमार विज के स्वामित्व में, दैनिक सवेरा न्यूज एंड मीडिया नैटवर्क एस.-9, इंडस्ट्रीयल एरिया जालंधर से मुद्रित एवं एस.-9, इंडस्ट्रीयल एरिया जालंधर से प्रकाशित किया।
R.N.I. Regd. NO. PUNHIN/2011/40525
पोस्टल रजि. नं. PB-JL-058/17-19
फोन 0181-2370100, 4625005, 4626006, 4629009
समाचार (फैक्स) 0181-2224455
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद जालंधर न्यायालय के अधीन होंगे।

# मान सरकार किराए पर लेगी फिक्सड विंग विमान, मौजूदा हैलीकाप्टर पुराना और बहुत धीमा

## 8-10 सिटिंग कैपेसिटी वाले विमान के लिए टैंडर किया जारी

**सवेरा न्यूज/मोहित श्रीवास्तव**

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : पंजाब सरकार ने एक साल के लिए फिक्स्ड विंग विमान किराए पर लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार के पास पहले से ही एक हैलीकाप्टर है जिसका इस्तेमाल मुख्यमंत्री भगवंत मान और राज्यपाल करते हैं। पंजाब के नागरिक उड्डयन विभाग ने जारी टैंडर में कहा है कि राज्य सरकार एक असाल्ट




फाल्कन 2000 फिक्स्ड विंग विमान एक साल के लिए किराए पर लेना चाहती है।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि

### मौजूदा सरकार के पास 2012 में बादल सरकार के समय खरीदा गया हैलीकाप्टर

**राज्य सरकार** के पास जो हैलीकाप्टर है वह 2012 में बादल सरकार के समय खरीदा गया था। पंजाब सरकार प्रतिमाह 8 करोड़ से अधिक हैलीकाप्टर पर खर्च कर रही है। विभाग की ओर से जारी टैंडर में कहा गया है कि इस विमान का परिचालन चंडीगढ़ इंटरनैशनल एयरपोर्ट लिमिटेड से होगा। कंपनी और विमान को समय-समय पर डी.जी.सी.ए. द्वारा जारी प्रासंगिक नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं (सी.ए.आर.) और अन्य निर्देशों के अनुसार वी.आई.पी. उड़ान के लिए निर्धारित सभी आवश्यकताओं को पूरा करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है।

की यात्रा या रात के समय उड़ान नहीं भर सकता, इसलिए उसे 8-10 उड़ान भरी जा सकती है। खराब मौसम में हैलीकाप्टर उड़ान नहीं भर जरूरत पड़ने पर फिक्स्ड विंग विमान किए पर लेती रही हैं।




# सी.वाई.एस.एस. की जीत मेक इंडिया नंबर 1 मुहिम के हक में जनादेश : भगवंत मान

- मुख्यमंत्री भगवंत मान बोले-पी.यू. में आम आदमी पार्टी के छात्र युवा संघर्ष समिति की जीत
- नतीजे को देश में नफरत फैलाने की कोशिश कर रही ताकतों के मुंह पर थप्पड़ बताया

**सवेरा न्यूज/नरेश**

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब यूनिवर्सिटी (पी.यू.) में आम आदमी पार्टी के विद्यार्थी कौंसिल मतदान में छात्र युवा संघर्ष समिति (सी.वाई.एस.एस.) की जीत देश भर में मेक इंडिया नंबर 1 मुहिम के हक में जनादेश है। मुख्यमंत्री ने पी.यू. की विद्यार्थी कौंसिल की नई चुनी टीम के साथ बातचीत करते हुए कहा कि यह यूनिवर्सिटी देश के अलग-अलग राज्यों और अन्य हिस्सों से आए विद्यार्थियों के लिए केंद्र बिंदू है। उन्होंने कहा कि मतदान के जनादेश ने साबित कर दिया है कि अरविंद केजरीवाल की दूरदर्शी और



मुख्यमंत्री भगवंत मान पी.यू. में छात्र संघ के चुनाव में विजयी रहे आयुष खटकड़ को पुष्प गुच्छ देकर बधाई देते हुए। (जगमोहन)

### इस जीत ने हम पर एक और जिम्मेदारी डाली

**मुख्यमंत्री ने कहा** कि नतीजा उन विघनकारी ताकतों के मुंह पर थप्पड़ है, जो देश में नफरत फैलाने की कोशिश कर रही हैं। आयुश खटकड़ के नेतृत्व वाली नई टीम को बधाई देते हुए उनको विद्यार्थियों की भलाई के लिए दिन-रात एक करके काम करने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बड़ी जीत ने विद्यार्थियों की सेवा करने के लिए हम पर एक और जिम्मेदारी डाल दी है। भगवंत मान ने कहा कि अब समय आ गया है, जब नई चुनी टीम यूनिवर्सिटी कैंपस के व्यापक विकास और विद्यार्थियों की भलाई यकीनी बनाने के लिए दिन-रात एकजुट होकर काम करे। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए राज्य सरकार की तरफ से पूर्ण सहयोग और तालमेल का भरोसा देते हुए कहा कि इसके लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी।

निर्णायक नीतियों के हक में लोग साथ देने के लिए तैयार बैठे हैं। भगवंत मान ने कहा कि यह नतीजा देश की राजनीति में अपेक्षित क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# 'खेडां वतन पंजाब दीयां' के साथ मान सरकार ने इतिहास सृजित किया : मीत हेयर

- खेल मंत्री मीत हेयर ने कटली वैटलैंड पर करवाए जा रहे राज्य स्तरीय खेलों का किया दौरा
- नैशनल खेल के विजेता खिलाड़ियों का किया जाएगा सम्मान



विजेता खिलाड़ियों के साथ कैबिनेट मंत्री मीत हेयर।

**सवेरा न्यूज/धालीवाल, भट्टी**

चंडीगढ़/रोपड़, 19 अक्तूबर : सरकार ने खेडां वतन पंजाब दीयां-2022 के अंतर्गत गांवों और शहरों के खिलाडियों को मंच देकर सुनहरी इतिहास सृजित किया है जिससे नौजवानों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का बहुत बढ़िया मौका मिला है।

इन विचारों का प्रगटावा खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने 22 अक्तूबर तक गोइंग और कायकिंग कैनोइंग की सतलुज दरिया के किनारे कटली वैटलैंड पर करवाए जा रहे राज्य स्तरीय खेल का जायजा लेने के मौके पर किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पहली बार है कि 9.5 करोड़ रुपए राष्ट्रमंडल खेलों के विजेताओं को एक महीने में दिए गए हैं। मीत हेयर ने कहा कि पहली बार है कि पंजाब सरकार की तरफ से रोइंग मुकाबले करवाए जा रहे हैं। इस वैटलैंड में नैशनल स्टैंडर्ड कोर्स सैटअप पर यह खेल हो रहे हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि खेडां वतन पंजाब दीयां संबंधी आनलाइन रजिट्रेशन से यह पता लग गया है कि किस जिले में कौन से खेलों का रुझान अधिक है। उस हिसाब से खेल को प्रफुलित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार की तरफ से बलबीर सिंह सीनियर वजीफा स्कीम की शुरूआत की गई है जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर स्थान हासिल करने वालों को 8000 रुपए प्रति महीना देने शुरू किए गए हैं। रोइंग एकैडमी में मैस की सुविधा संबंधी पूछे सवाल के जवाब में कहा कि खेल संस्थाओं संबंधी प्राथमिक सहूलियतें दी गई हैं और लगातार दी जा रही हैं। पिछले समय के दौरान मैसों संबंधी काफी गड़बड़ हुई। इसलिए मैसों संबंधी सुधार किया जा रहा है और इस मैसों संबंधी दिक्कतें भी दूर कर दी जाएंगी। खेल मंत्री ने खुद यह खेल मुकाबले देखे और विजेता खिलाड़ियों का सम्मान भी किया।

# वर्बियो प्लांट पर विचार मेरी सरकार के समय हुआ : कैप्टन

**सवेरा न्यूज/नरेश**



अमरेंद्र सिंह

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने संगरूर में बॉयो एनर्जी प्लांट की स्थापना का श्रेय लेने का दावा करने को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 2019 में उनकी सरकार के दौरान इस परियोजना पर विचार किया गया था। मुख्यमंत्री भगवंत मान के दावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कैप्टन ने खुलासा किया कि उस साल दिसंबर में इन्वैस्ट पंजाब समिट के दौरान सी.ओ.ओ. ओलिवर लुडटके द्वारा प्रस्तुत किए जाने के बाद 2019 में प्लांट की स्थापना के लिए सभी तौर-तरीकों को अंतिम रूप दिया गया था। उन्होंने कहा कि संयंत्र को 2020 से काम करना शुरू करना था, लेकिन कोविड महामारी के कारण इसके संचालन में देरी हुई। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अपने पिछले साढ़े 4 साल के कार्यकाल के दौरान जो कुछ भी किया है, उसका श्रेय लेने की आप कोशिश कर रही है, जोकि उनकी विशेषता भी है। कैप्टन अमरेंद्र ने 6 दिसंबर, 2019 के ट्वीट का एक स्क्रीनशॉट भी साझा किया, जिसमें उन्हें ओलिवर लुडटके के साथ मुलाकात करते हुए दिखाया गया था।



### निकाय चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को दिया झटका

# 5 नगर कौंसिलों के 2 दर्जन से ज्यादा कांग्रेसी काऊंसलर आप में शामिल

## आप पंजाब के प्रभारी जरनैल सिंह और प्रदेश महासचिव हरचंद सिंह बरसट ने कराया पार्टी में शामिल


आप मुख्यालय में कांग्रेस काऊंसलरों को पार्टी में शामिल करते पंजाब प्रभारी जरनैल सिंह और महासचिव हरचंद सिंह बरसठ।

**सवेरा न्यूज/मोहित**

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : निकाय चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने कांग्रेस को तगड़ा झटका दिया है। बुधवार को पंजाब के 5 नगर कौंसिल के 2 दर्जन से ज्यादा कांग्रेसी पार्षद आप में शामिल हो गए। पंजाब मामलों के प्रभारी जरनैल सिंह और प्रदेश महासचिव हरचंद सिंह बरसट ने सभी पार्षदों को पार्टी में औपचारिक तौर पर शामिल कराया।

इस मौके पर विधायक जगदीप कंबोज गोल्डी और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग भी उपस्थित थे। पार्टी मुख्यालय पर फिल्लौर नगर कौंसिल से पार्टी में पार्षद हंस पाल सिंह, निंदर संधू, राजविंदर कौर भारती, डा. वैभव शर्मा, सुरिंदर केंट और अरुण शर्मा शामिल हुए एवं नगर परिषद गोराया से हरमेश लाल शामिल हुए। भोगपुर नगर कौंसिल के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल अग्रवाल एवं उनके साथी पार्षद मंजू अग्रवाल, मनप्रीत कौर, विदवंत कौर, सुखजीत सिंह, बलविंदर भंडारी और राकेश मेहता शामिल हुए। नगर कौंसिल आदमपुर से कन्नू और सुरेंद्र पाल मिल्खी राम एवं मानसा नगर परिषद से विजय कुमार, जसवीर कौर, रामपाल, सुनील कुमार नीनू और अमनदीप ढूंडा पार्टी में शामिल हुए। इसके अलावा पंजाब सीवरेज वाटर सप्लाई बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष परगट सिंह धुन्ना और अमृतसर ईस्ट से बलविंदर सिंह विक्की भी पार्टी में शामिल हुए।

सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत करते हुए प्रभारी जरनैल सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी की पंजाब और दिल्ली सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर लोग लगातार पार्टी में शामिल हो रहे हैं। विधानसभा चुनावों की तरह नगर निगम चुनावों में भी आम आदमी पार्टी क्लीन स्वीप करेगी।

## चिंतपूर्णी में लुटेरों ने 23 वर्षीय व्यवसायी की गोली मारकर हत्या की

**सवेरा न्यूज/भनोट**



ऊना, 19 अक्तूबर : पुराने बस स्टैंड चिंतपूर्णी के समीप स्थित एक घर में घुसकर लुटेरों ने 23 वर्षीय व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान तुषार शर्मा पुत्र केसर चंद निवासी मोइन तहसील देहरा, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। दोपहर बाद हुई इस वारदात को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। वहीं पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शक के आधार पर 3 युवकों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर बाद अज्ञात लुटेरे एक व्यवसायी के घर घुस आए। घर में घुसते ही लुटेरों ने महिला से अलमारी की चाबी मांगी, इतने में ही बेटा तुषार शर्मा बाजार से घर आ गया और उसने इसका विरोध किया। इसी बीच मारपीट के दौरान लुटेरे तुषार पर गोली चलाकर मौके से फरार हो गए। घायल युवक को घायल अवस्था में चिंतपूर्णी अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रैफर कर दिया गया, लेकिन युवक की रास्ते में मौत हो गई।

## एन.आर.आई. सभाओं को जल्द किया जाएगा पुनर्जीवित : कुलदीप धालीवाल


कुलदीप धालीवाल विभाग के सीनियर अधिकारियों के साथ समीक्षा मीटिंग करते हुए।

**● स्टडी वीजे की आड़ में हो रही मानवीय तस्करी की जांच की जाएगी, एन.आर.आई. मामलों से संबंधी मंत्री ने समीक्षा मीटिंग की**

**सवेरा न्यूज/मोहित**

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : एन.आर.आई. मामलों के मंत्री कुलदीप धालीवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार जल्द ही में एन.आर.आई. सभाओं को पुनर्जीवित करेगी। धालीवाल, जो पंजाब सिविल सचिवालय में विभाग के सीनियर अधिकारियों के साथ समीक्षा मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे, ने कहा कि पंजाब सरकार प्रवासी भारतीयों (एन.आर.आई.) की भलाई के लिए वचनबद्ध है। जिक्रयोग्य है कि एन.आर.आई. सभाएं विदेशों में बसते भारतीय मूल के पंजाबियों को सहायता प्रदान करती है जो अपने निजी मामलों की पैरवी करने या शिकायतों के निपटारे के लिए हर समय भारत में मौजूद रहने में असमर्थ है। एन.आर.आई. मामलों के मंत्री कुलदीप धालीवाल ने स्टडी वीजे की आड़ में गैर-कानूनी ढंग से आई.ई.एल.टी.एस./इमीग्रेशन केंद्रों की तरफ से जा रही मानवीय तस्करी की भी जांच के हुक्म दिए हैं।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हिदायत की कि वे सभी आई.ई.एल.टी.एस./इमीग्रेशन केंद्रों संबंधी डिप्टी कमिश्नरों (डी.सी.) से विस्तृत निगरानी रिपोर्ट मांगें, जिससे उनके संबंधित जिलों में आई.ई.एल.टी. कोचिंग सैंटरों और इमीग्रेशन केंद्रों की कुल संख्या का पता लगाया जा सके।

# आई.पी.एस. प्रोबेशनरी अफसरों ने मुख्यमंत्री मान से की मुलाकात

**● सी.एम. ने अधिकारियों को समर्पित भावना से काम करने को कहा**


मुख्यमंत्री भगवंत मान आई.पी.एस. प्रोबेशनरी अफसरों के साथ मुलाकात करते हुए।

**सवेरा न्यूज/मोहित**

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब काडर के 4 आई.पी.एस. प्रोबेशनरी अफसरों के साथ बैठक की। इन अधिकारियों ने हाल ही में अपने 2 सालों का प्रशिक्षण पूरा किया है। प्रोबेशनरी अफसरों, जिनमें 2019 बैच के रणधीर कुमार, 2020 बैच के दर्पण आहलूवालिया, 2020 बैच की जसरूप कौर बाठ, 2020 बैच के आदित्या एस. वारियर शामिल हैं, ने मुख्यमंत्री के साथ पंजाब सिवल सचिवालय में मुलाकात की। अधिकारियों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने उनको राज्य की बेहतरी के लिए काम करते हुए एक आधुनिक और बेहतर पुलिसिंग ईको-सिस्टम बनाने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने नौजवान अधिकारियों को समर्पित भावना के साथ अपनी सेवाएं निभाने और जमीनी स्तर पर लोगों को पेश समस्याओं को समझने के लिए कहा।

## स्टैंडअलोन उद्योगों के बिल्डिंग प्लान मंजूर करने की पावर डायरैक्टर फैक्ट्रीज के पास : अमन अरोड़ा

**सवेरा न्यूज/मोहित**


अमन अरोड़ा

चंडीगढ़, 19 अक्तूबर : राज्य की आर्थिकता को बढ़ावा देने व रोजगार के मौके पैदा करने और कारोबार को आसान बनाने की तरफ कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरकार ने स्टैंड अलोन उद्योगों के लिए बिल्डिंग प्लान मंजूर करने और संपूर्णता सर्टिफिकेट जारी करने की शक्तियां डायरैक्टर फैक्ट्रीज को सौंप दी हैं। यह जानकारी सांझा करते हुए पंजाब के आवास निर्माण और शहरी विकास मंत्री अमन अरोड़ा ने बताया कि पहले उद्योगपतियों को अपनी फैक्टरियां के बिल्डिंग प्लान मंजूर करवाने के लिए 2 अलग-अलग विभागों में आवेदन देने पड़ते थे परन्तु अब ऐसा नहीं होगा। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब उद्योगपति बिल्डिंग प्लान की मंजूरी के लिए सीधे डायरैक्टर फैक्ट्रीज पंजाब के दफ्तर में अप्लाई कर सकते हैं। उद्योगों के लिए 'चेंज ऑफ लैंड यूज' संबंधी मंजूरी पहले ही माफ कर दी गई है।

## चंदूमाजरा ने अपने खिलाफ दर्ज केस रद्द करने की मांग की

**सवेरा न्यूज/प्रीत (चंडीगढ़), 19 अक्तूबर :** पूर्व सांसद प्रेम सिंह चंदूमाजरा ने अपने खिलाफ दर्ज एफ.आई.आर. रद्द करने की मांग की है। बता दें कि चंडीगढ़ में 8 अगस्त 2020 को लॉकडाऊन को लेकर जिला मैजिस्ट्रेट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने को लेकर यह एफ.आई.आर. दर्ज की गई थी। हाईकोर्ट में वकीलों की हड़ताल होने पर कामकाज ठप्प था, तो उनकी याचिका पर सुनवाई नहीं हो पाई। जस्टिस राजमोहन सिंह ने अब इस याचिका पर 15 नवंबर तक सुनवाई स्थगित कर दी है।

## चाचा चंडीगढ़िया



### हो गेया कांग्रेस प्रैजीडैंट दा इलैक्शन

**लै बयी भतीज,** हो गेया कांग्रेस प्रैजीडैंट दा इलैक्शन। बन गेया ई बयी मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस दा नवां प्रधान। बौहता हिसाब-किताब ते मैनूं नहीं पता के कितने साल बाद गैर गांधी कोई प्रधान बनेया है पर इह ते मैं कह ही सकदा हां के बड़े लंबे वक्त बार गांधी परिवार तों बाहर गई है कांग्रेस दी प्रधानगी। कांग्रेस कोल हुन इह केहन दा मौका ते आ ही गेया है बयी के जेहड़े कहन्दे सन्न के कांग्रेस ते हमेशां गांधी परिवार दी ही रहेगी ओह अपनी जुबान इस सब्जैक्ट ते तां बन्द कर लैन। इह गल्ल वक्खरी है के विरोधियां ने ते हमले करी ही जाने ने। जेहड़े कांग्रेस विरोधी ने, ओहनां ने ते हुने ही इह ते केहनां शुरू कर ही दित्ता है के रिमोट नाल ही चलनी है पार्टी ते। विरोधी ते इह ही केहन गे के रिमोर्ट कंट्रोल ते अजे वी सोनिया ते राहुल दे हत्थ च ही रहना है बयी। हालांके इह गल्ल वक्खरी है के इह इल्जाम ते बीजेपी विरोधी वी रोज लगांदे ने बयी के बीजेपी दा रिमोट कंट्रोल वी ते आर ऐस ऐस दे हत्थ 'च है। ते इक्क गल्ल होर वी है भतीज, कांग्रेस अज्ज इह वी कह रही है के कांग्रेस ते इलैक्शन करांदी है जद के होर ते कोई पार्टी इलैक्शन करांदी ही नहीं। अग्गे दा ते मैनूं कुछ पता नहीं पर हाल दी घड़ी ते कांग्रस फायदे च ही नजर आ रही है। chachasavera@gmail.com

## विजीलैंस को नहीं मिला सुंदर शाम अरोड़ा का रिमांड, 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**सवेरा न्यूज/विजयपाल**


पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा को ले जाती पुलिस। (बब्बर)

मोहाली, 19 अक्तूबर : पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा को विजीलैंस ब्यूरो ने 50 लाख की रिश्वत देने के आरोप में 3 दिन के रिमांड पर लिया था जिसके बाद वीरवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अरोड़ा को अदालत में पेश किया गया जहां से सुंदर शाम अरोड़ा को 14 दिन के न्यायिक हिरासत (दोबारा पुलिस रिमांड मांगा गया था) में भेज दिया गया। ने का आदेश सुनाया। विजीलैंस वकील ने न्यायालय से अरोड़ा की और रिमांड की गुहार लगाई, लेकिन बचाव पक्ष के वकील एच.एस. धनोआ ने पुलिस रिमांड का विरोध करते हुए दलील दी कि ट्रैप मामले में रिमांड की गुंजाइश नहीं है। उनका तर्क था कि अरोड़ा के घर से मिली रकम की जांच आय कर विभाग करे। सरकारी पक्ष और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अरोड़ा को 14 दिन की कोर्ट कस्टडी में भेजने का आदेश दिया।

# 6 माह में झारखंड से पंजाब के लगाए 13 चक्कर, 80 किलो अफीम कर दी सप्लाई

**● 1 किलो अफीम के लेता है 1 लाख रुपए, फिरोजपुर के रहने वाले चाचा-भतीजे को की सप्लाई**

**● ब्यास रेलवे स्टेशन के बाहर डिलीवर करता था अफीम, पुलिस ने आरोपियों को नामजद कर की तलाश शुरू**

**● रेलवे पुलिस ने झारखंड के रहने वाले आरोपी फिरोज अंसारी को 10 किलो अफीम के साथ किया था गिरफ्तार**

> **आरोपी** लखबीर सिंह व कुलदीप सिंह को नामजद कर लिया गया है। उनकी तलाश में छापामारी की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
> *पलविंदर सिंह, इंचार्ज, जी.आर.पी.(सी.आई.ए विंग)*

**सवेरा न्यूज/आशुतोष**

लुधियाना, 19 अक्तूबर : 10 किलो अफीम के साथ गिरफ्तार आरोपी के ग्राहक फिरोजपुर के गांव कालाके के चाचा-भतीजा हैं, जिन्हें वह 6 महीने में 80 किलो से ज्यादा अफीम सप्लाई कर चुका है। रेलवे पुलिस ने इन दोनों चाचा-भतीजा कुलदीप सिंह व लखबीर सिंह को नामजद कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बता दें कि रेलवे पुलिस ने जिला लत्तेहार, झारखंड के रहने वाले अफरोज अंसारी को 12 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 10 किलो अफीम बरामद की गई थी। अफरोज अंसारी ने पुलिस को बताया कि वह यह अफीम झारखंड से सप्लाई करने आया था। उसने इस अफीम को ब्यास रेलवे स्टेशन के बाहर 2 लोगों को डिलीवर करना था। वह झारखंड से ट्रेन में लुधियाना आया। यहां से उसे फिर ब्यास के लिए पैसेंजर ट्रेन पकड़नी थी लेकिन चैकिंग के दौरान रेलवे पुलिस ने उसे काबू कर लिया। रिमांड के दौरान आरोपी पुलिस को भटकाता रहा। उसने बताया कि वह इससे पहले सिर्फ एक बार अफीम की डिलीवरी देने आया था। पुलिस ने जब उसकी मोबाइल कॉल डिटेल खंगाली तो पता चला कि आरोपी 6 महीने में 13 बार पंजाब आ चुका है। हर बार वह ब्यास रेलवे स्टेशन पर आया। सख्ती से पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि 6 महीने में वह 80 किलो से ज्यादा की अफीम आरोपी चाचा-भतीजे को डिलीवर कर चुका है। 1 किलो अफीम वह 1 लाख रुपए में देता था। इसके बाद पुलिस ने चाचा-भतीजा को नामजद कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

पंजाब का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक सवेरा टाइम्स के साथ
कम खर्च में ज्यादा का फायदा
शादी विवाह
आवश्यकता
ज्योतिष
चिकित्सा
Immigration
Sale/ Purchase
और सभी प्रकार के वर्गीकृत विज्ञापन

विज्ञापन देने व बुक करवाने के लिए सम्पर्क करें।

| | | |
|---|---|---|
| Ludhiana | : | 88720-20252, 89684-57376, 98552-29262 |
| Jalandhar | : | 80549-48996, 0181-2370100 |
| Amritsar | : | 83609-70213, 85918-01128 |
| Chandigarh | : | 99152-86304 |
| Bathinda | : | 92160-00037 |
| Pathankot | : | 98882-90635 |
| Haryana | : | 99966-77088, 99914-20062 |
| Jammu | : | 91035-86103 |


## नाम परिवर्तन

मैं, Simerjeet Singh पुत्र S. Gurvinder Singh Khera वासी #535, फेस-10, एसएएस नगर मोहाली घोषणा करता हूं कि मेरे नाम Simerjeet Singh और Simerjit Singh तथा Simerjit Singh Khera एक ही और एक व्यक्ति हैं। भविष्य में मेरा Simerjeet Singh के रूप में ही माना जाए।

I, No. 15201497L Hav. Sandeep Kumar S/o Ram Saroop VPO Ramgarh Sikri, Punjab, Unit 666 Army Avm Sqn (R&O) Kargil C/o 56 APO, declares that in my Army records my wife's name wrongly entered as Parveen Kumari. Whereas her correct name is Praveen Kumari. Please Note.

I, Kanta Kumari W/o No. 2473404L NK Late Randeep Singh R/o VPO Neri, Teh. & Distt. Hamirpur (H.P) declares that in Army records of my late husband my daughter's name & DOB wrongly entered as Renuka Rani & 22/02/1989. Whereas her correct name is Renuka & her correct DOB is 21/02/1989.

I GEETU W/O TARUN KUMAR GARG R/O FLAT NO. 601, TOWER-H, AFFINITY GREENS, PR-7, ZIRAKPUR, MOHALI DECLARE THAT GEETU AND GEETU GARG IS ONE AND THE SAME PERSON.

मैं, हरमन पुत्र श्री नरेन्द्र सिंह निवासी गांव थेड़ी बाबा सावन सिंह, पोस्ट ऑफिस मोरीवाला, तहसील सिरसा ,जिला सिरसा ने अपना नाम हरमन से बदलकर हरमन सिंह भुल्लर रख लिया है।

I, Geetika W/o Sh. Sahil Kumar R/o Chidimar Mohala, Sector 78, Mohali have changed my name from Jasmeet Kaur to Geetika.

I Harvinder Singh S/O Raghvir Singh R/o Vpo Sangatpur Teh Pahgwara, Diat Kapurthala have changed my name to Harvinder Singh Soggi

I Reena Kumari Army No.2492627 Hav. Sanjeev Kumar V.P.O Loharara Teh Barsar distt Hamirpur declare that in army records my daughter name wrongly enter Kirteka Banyal which is wrong correct name Kritika Banyal. Please note

I Seema Kumari spouce Army No.4001584F.Hav Piar Chand unit 11 Dogra vill Darkoti P. O Tauni devi Teh Bamsan at Tauni devi declare that I have changed my name Seema Dhiman to Seema Kumari. Seema dhiman& Seema Kumari same person. Please note

I Army No. JC 523394Y Rank Nb SUB Kuldeep Singh R/O Village Samba P.O Kona (Haldra) Tehsil Palampur Distt Kangra (H.P) declare That in my Army Record's my daughter's name spelling has wrongly been entered Awani. Correct Name Spelling of my daughter's name is Awni.

मैं, महिन्द्र सिंह पुत्र रशाल सिंह निवासी गांव सरनूई, पोस्ट अजीजपुर, जिला यमुनानगर सूचित करता हूं कि मेरी पीएनबी मैट लाइफ बीमा पोलिसी में मेरे पिता का नाम बसाल सिंह गलत लिखा है। मेरे पिता का सही नाम रशाल सिंह है।

मैं, Kaushalya Devi पत्नी पृथ्वी सिंह माता संजीव कुमार Army No.2492627 X Hav गांव व डा. लोहारडा तह. बड़सर जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र के सेना रिकॉर्ड में मेरा नाम Kusyala Devi से Kaushalya Devi एवं जन्म तिथि 01/07/1953 से 08/03/1953 दुरुस्त की जाए। संबंधित नोट करें।

I JC 260876M Ex Sub (H/LT) Satwinder Singh R/o VPO Sewan Majra,Tehsil Barara,Distt. Ambala.Have Changed my Daughter Name from Kamaljit Kaur To Kamaljeet Kaur & Changed my Daughter DOB 30 March 1984 To 16 May 1986.

I No. 1485964 N Rank NK Harpinder Singh Unit 321 DSC Pl C/o 56 APO.Have Changed my Wife Name from Paramjit Kaur To Paramjeet Kaur

I ALKA KUMARI W/O NO. JC-284020A SUB (RST) RAJINDER SINGH R/O UMARPUR, PO-UMARPUR, TEHSIL - MUKERIAN, DISTT HOSHIARPUR (PB.) DECLARED IN MY HUSBAND ARMY RECORD MY DOB IS WRONGLY RECORDED AS 02.12.1979. MY CORRECT DOB IS 2.12.1975

मैं, राकेश सिंह सुपुत्र छोटिया सिंह, निवासी 2 नागा रेजिमेंट मार्फत 56 एपीओ, घोषणा करता हूं कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे सुपुत्र अभिषेक पवार का नाम गलत लिखा गया है, जबकि उसका वास्तिवक नाम अभिषेक पंवार है।

मैं, बलजीत कौर पत्नी सिमरदीप सिंह निवासी #68, वार्ड नंबर 4, सैक्टर 5, छजुमाजरा कॉलोनी, खरड़, एस.ए.एस. नगर (मोहाली), पंजाब ने अपना नाम बदलकर बलजीत कौर चावला रख लिया है।

I No. 14658948W Rank Hav Patil Pravin Bhaurao S/o Bhaurao Tarachand Patil of Unit 67 Engr Br. Regt C/o 56 APO.Have Changed my Mother Name from Beba Bai To Bababai Bhaurao Patil

I No. 14658948W Rank Hav Patil Pravin Bhaurao S/o Bhaurao Tarachand Patil of Unit 67 Engr Br. Regt C/o 56 APO.Have Changed my Father Name from Bhaurao To Bhaurao Tarachand Patil

I No. 14639603A Rank Hav Anil Kumar 47 Field WKSP C/o 56 APO,Ambala Cantt.Have Changed my Wife Name from Kusum Lata Sharma To Kusum Lata

I ALKA KUMARI W/O NO.JC-284020A SUB (RST) RAJINDER SINGH R/O UMARPUR, PO-UMARPUR, TEHSIL-MUKERIAN, DISTT HOSHIARPUR (PB.) DECLARED IN MY HUSBAND ARMY RECORD MY NAME IS WRONGLY RECORDED AS ALKA THAKUR. MY CORRECT NAME IS ALKA KUMARI

मैं, राजेश कुमार पुत्र शमशेर सिंह निवासी मकान नंबर 1/36, दयानंद कालोनी, मॉडल टाउन (करनाल) ने अपने पुत्र का नाम नकुल से बदलकर नकुल खोखर रख लिया है। कृप्या भविष्य के लिए नोट करें।

मैं, दीपक पुत्र श्री अमरनाथ निवासी गांव रायपुर, रायपुर उर्फ सुंदरपुर, पंचकुला, हरियाणा। घोषणा कर रहा हूं कि मैंने अपना नाम दीपक से बदलकर दीपक धीमान रख लिया है।

मैं, Harpal Singh पुत्र नाहर सिंह Sekhon मकान नंबर-262 सैक्टर 32-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर Harpal Singh Sekhon रख लिया।

मैं, रमित कुमार मल्होत्रा पुत्र श्री गुलशन लाल मल्होत्रा निवासी मकान नं. 72/3, सरकारी स्कूल के सामने वाली गली, कृष्ण पुरा, पानीपत बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम रमित कुमार मल्होत्रा से बदलकर रमित मल्होत्रा रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे रमित मल्होत्रा के नाम से जाना पहचाना जाए।

मैं, रविन्द्रा रानी पत्नी सुरेन्द्र पाल निवासी मकान नं.-133, सावन पार्क, माडल टाऊन, पानीपत बयान करती हूं कि मैंने अपनी शादी के बाद अपना नाम रविन्द्रा रानी से बदलकर रविन्द्र शर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे रविन्द्र शर्मा के नाम से जाना पहचाना जाए।

मैं, विकाश यादव पुत्र ब्रहमदेव यादव #256 छोटे प्लेट मलोया चंडीगढ़, मेरे पिता जी का नाम मेरे पैनकार्ड पर ब्रहम देव यादव गलत छपा है सही नाम ब्रहमदेव है।

I Aarti, D/o Late Gian Chand, R/o 10277/1, Dr. Jagat Singh street, Ranjodh Park, Haibowal Kalan, Ludhiana, Declared that Aarti and Poonam Goyal are same person. concerned note.

मैं, अवतार सिंह गोतरा पुत्र रणजीत सिंह निवासी गांव काछवा (करनाल) ने अपना नाम अवतार सिंह गोतरा से बदलकर अवतार सिंह रखा है। भविष्य के लिए नोट करें।

## बेदखली

मैं दुनी चन्द सुपुत्र स्वर्गीय श्री मेहर सिंह निवासी गांव सोई, डाकघर व तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि. प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरी पत्नी प्यार देई और मेरा बेटा राजकुमार, मेरे कहने से बाहर हैं, अतः मैं इनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, भविष्य में इनके साथ लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

मैं बलदेव सिंह पुत्र श्री बाती वार्ड नंबर 12 इंद्री तहसील इंद्री जिला करनाल का रहने वाला हूं। हल्फिया ब्यान करता हु कि मेरी पुत्रवधू किरण पत्नी स्वर्गीय अशोक कुमार व पुत्रां दीपक व मोहित मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का लेनदेन करेगा तो वो उसका खुद जिम्मेवार होगा।

मैं, युद्धबीर सिंह पुत्र तिलक राज निवासी गांव-बन, लाडवा, जिला-कुरुक्षेत्र घोषणा करता हूं, मेरे पुत्र कपतान सिंह व गौरव मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं इनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने व सम्बंध रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

हम अमर सिंह पुत्र शंकर सिंह व एकता रानी पत्नी अमर सिंह मकान नं. 616, इन्द्रपुरी नजदीक भारत पैलेस अम्बाला शहर ब्यान करते हैं कि हमारा पुत्र रजत कुमार हमारे कहने सुनने से बाहर है इसलिए हम अपने पुत्र को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं इस से लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

हम रोशन लाल देहल सुपुत्र हीरू राम व कुसम देहल पत्नी रोशन लाल देहल निवासी मकान नंबर बी/20/1797, गली नंबर 4, नजदीक पी.ए.यू गेट नंबर 3, महाराज नगर, लुधियाना के सूचित करते हैं कि हमारा लड़का अंकित देहल व उसकी पत्नी शिवांजली (सुपुत्री कमरजीत सिंह) हमारे कहने से बाहर हैं। हम इन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। इनके साथ लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। हमारी किसी भी तरह की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हम ज्योति प्रकाश उम्र 63 बर्ष पुत्र श्री कृष्ण चंद व श्रीमति शीला कुमारी उम्र 50 बर्ष गांव चलेट तह. घनारी, जिला ऊना हिमाचल प्रदेश हल्फन व्यान करते है कि हमारा पुत्र गौरव सिंह व पुत्रवधु श्रीमति शिखा जो कि हमारे कहने सुनने से बाहर हैं । अपनी मनमर्जी करते हैं । हम दोनो को अपनी चल अचल संपति से बेदखल करते हैं । भविष्य में वे लेन देन के खुद जिम्मेवार होगें।

मैं, विजय कुमार पुत्र किशन लाल निवासी मकान नंबर 1917, विकट महोल्ला (करनाल) ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र जोगिंद्र उर्फ मोन्टी व पुत्रवधु प्रीति मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

मैं ओम प्रकाश पुत्र श्री भगवान दास निवासी चुलड़कलां, जिला संगरुर (पंजाब) अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरे बेटे राजवीर और राजकुमार और उनका परिवार मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मेरे से अलग रहते हैं। मैं उन्हें अपनी चलअचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन व व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी या मेरे परिवार के किसी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मैं, प्रताप सिंह पुत्र लक्षमण दास निवासी गांव नगला मेघा (करनाल) ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र सुनील कुमार व पुत्रवधु मीनाक्षी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

मैं, निखिल मंडल सुपुत्र श्रीदाम मंडल निवासी 212, रोकेट रेजिमेंट, मार्फत 56 एपीओ, घोषणा करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी Mousmi का नाम गलत लिखा गया है, जबकि उसका वास्तिवक नाम Mousumi है।

मैं, राकेश सिंह सुपुत्र छोटिया सिंह, निवासी 2 नागा रेजिमेंट मार्फत 56 एपीओ, घोषणा करता हूं कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी सुपुत्री लक्ष्मी का नाम गलत लिखा गया है, जबकि उसका वास्तिवक नाम लक्ष्मी पंवार है।

ਮੈ ਮੇਜਰ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਭੋਲਾ ਸਿੰਘ ਵਾਸੀ ਮਕਾਨ ਨੰਬਰ 70 ਏ ਨੇੜੇ ਸੁੰਦਰ ਨਗਰ ਚੌਕ ਗਾਰਡਨ ਸਿਟੀ 33 ਫੁੱਟਾ ਰੋਡ ਭਾਮੀਆ ਕਲਾਂ ਲੁਧਿਆਣਾ ਦਾ ਰਹਿਣ ਵਾਲਾ ਹਾਂ ਮੇਰਾ ਲੜਕਾ ਗੁਰਤੇਜ ਸਿੰਘ ਸ਼ੇਰ ਗਿੱਲ ਅਤੇ ਮੇਰੀ ਨੂੰਹ ਸੁਖਵਿੰਦਰ ਕੌਰ ਮੇਰੇ ਕਹਿਣੇ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹਨ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਹਨਾਂ ਨੂੰ ਆਪਣੀ ਚੱਲ ਵਾ ਅਚੱਲ ਜਾਇਦਾਦ ਤੋਂ ਬੇਦਖਲ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਭਵਿੱਖ ਵਿਚ ਇਹਨਾ ਨਾਲ ਲੈਣ ਦੇਣ ਕਰਨ ਵਾਲਾ ਖੁਦ ਜਿਮੇਵਾਰ ਹੋਵੇਗਾ

मैं माया राम पुत्र श्री बीरू राम निवासी 1170 नजदीक अकालगढ़ गुरुद्वारा बब्याल, अम्बाला कैंट हाल निवासी मोहन नगर, ट्यूबवेल न. 2, नजदीक राणा कॉम्प्लेक्स, बब्याल, अम्बाला कैंट का हूं मैं अपने पुत्र दीपक कुमार व उसकी पत्नी श्रीमती कमलेश को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में लेन देन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा।

### आवश्यक सूचना

**पाठकों से अनुरोध है कि समाचारपत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, चिकित्सकीय सलाह अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जांच कर लें। किसी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किसी विज्ञापनदाता के किसी भी प्रकार के दावों की दैनिक सवेरा टाइम्स जिम्मेदार नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक और दैनिक सवेरा टाइम्स विज्ञापनदाताओं के अपने वायदों को पूरा न करने पर जिम्मेदार नहीं होंगे।**

### सूचना

मैं, विजेंद्र कुमार पुत्र श्री कृष्ण कुमार निवासी गाँव व तहसील बालसमंद जिला हिसार ब्यान करता हूँ की मेरा नाम फैमिली आई डी, राशन कार्ड और आधार कार्ड में विजेंद्र कुमार है जो की सही है । मेरे स्कूल के रिकॉर्ड में 10वी और 12वी में मेरा नाम विजेंद्र है यह है कि मुझे भविष्य में विजेंद्र कुमार नाम से ही जाना जाए। इसकी जिमेवारी मेरी होगी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सैंसेक्स 58,107.17 ▲ | निफ्टी 17,512.30 ▲ | सोना 50,278 | यूरो 81.08 | $ अमरीका 82.99 |
| पिछला 58,960.60 अंतर 146.59 | पिछला 17,487.00 अंतर 25.30 | चांदी 55,970 | पाऊंड 93.27 | आस्ट्रेलिया 52.15 |
| | | | | कनाडा 60.20 |

## न्यूज गैलरी

### पैट्रोल और डीजल की कीमतों में परिवर्तन नहीं

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली : अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत के 90 डॉलर प्रति बैरल पर आ जाने के बावजूद देश में पैट्रोल और डीजल के दामों में बुधवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ। भारत पैट्रोलियम के अनुसार पैट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पैट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर है। 4 महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ। मुंबई में पैट्रोल के दाम 106.31 रुपए प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपए प्रति लीटर है।

### रुपया 60 पैसे लुढ़ककर 83 रुपए प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई : अमरीकी फैड रिजर्व के ब्याज दर में फिर से बढ़ौतरी करने की संभावना से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के 2 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 60 पैसे लुढ़ककर 83 रुपए प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 10 पैसे फिसलकर 82.40 रुपए प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 8 पैसे सुधरकर 82.32 रुपए प्रति डॉलर पर खुला और बिकवाली से मिले समर्थन की बदौलत यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा।

### नैस्ले का शुद्ध लाभ 8.25 प्रतिशत बढ़ा

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली : दैनिक उपभोग के सामान (एफ.एम.सी.जी.) बनाने वाली दिग्गज कंपनी नैस्ले इंडिया लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 8.25 प्रतिशत बढ़कर 668.34 करोड़ रुपए हो गया। नेस्ले इंडिया ने कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसका शुद्ध लाभ 617.37 करोड़ रुपए रहा था। जनवरी-दिसंबर के कारोबारी वर्ष का अनुसरण करने वाली कंपनी ने कहा कि सितंबर तिमाही में उसकी शुद्ध बिक्री 18.24 प्रतिशत बढ़कर 4,591 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले की समान अवधि में 3,882.57 करोड़ रुपए थी। जुलाई-सितंबर तिमाही में उसका कुल खर्च 20.55 प्रतिशत बढ़कर 3,715.40 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 3,081.99 करोड़ रुपए रहा था।

### भारत बांड ई.टी.एफ. के तहत परिसंपत्तियां 50,000 करोड़ के पार

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली : केंद्र सरकार के भारत बांड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स के तहत महज अढ़ाई साल की अवधि में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां 50,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई हैं। भारत बांड एक्चवेंज फंड्स (ई.टी.एफ.) का प्रबंधन करने वाले फंड हाऊस एडेलविस म्यूचुअल फंड ने जानकारी दी। कंपनी ने कहा कि उद्योग के स्तर पर निश्चित आय वाली ऋण प्रतिभूतियों की श्रेणी में प्रबंधन अधीन परिसंपत्ति 1.15 लाख करोड़ रुपए के पार चली गई है। दिसंबर 2019 में भारत बांड ई.टी.एफ. की पहली किस्त की शुरुआत के साथ इस खंड में वृद्धि को गति मिली।

### अल्ट्राटैक सीमैंट का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 42% घटा

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली : आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटैक सीमैंट लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 42.09 प्रतिशत घटकर 758.70 करोड़ रुपए रहा। अल्ट्राटैक सीमैंट ने कहा कि एक साल पहले 2021-22 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,310.34 करोड़ रुपए था। कंपनी की परिचालन आय वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में 15.61 प्रतिशत बढ़कर 13,892.69 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले इसी तिमाही में यह 12,016.78 करोड़ रुपए थी।

# फ्लैक्सी ईंधन वाले वाहनों को विभिन्न दाम पर लेकर आएं विनिर्माता : पुरी

● एथेनॉल मिश्रित पैट्रोल से चलने वाले वाहनों को सरकार प्रोत्साहन देने की नीति पर चल रही



### रूसी कच्चे तेल पर प्रस्तावित मूल्य सीमा पर विचार करेगी सरकार

**केंद्रीय पैट्रोलियम** मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि केंद्र सरकार पश्चिमी देशों द्वारा प्रस्तावित रूसी कच्चे तेल की कीमत पर विचार करेगी। पुरी ने सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एस.आई.ए.एम.) द्वारा आयोजित जैव ईंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते कहा, 'हम इस पर गौर करेंगे।' पुरी ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि एस.आई.ए.एम. के हमारे मित्र उन्हें जल्द ही उपलब्ध कराएंगे।' केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जैव ईंधन बेचने वाले फिलिंग स्टेशनों की संख्या पहले ही 2016-17 में 29,897 से तीन गुना बढ़कर 2021-22 में 67,641 हो गई है।

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : पैट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि देश के वाहन उद्योग को मिश्रित ईंधन वाली प्रौद्योगिकी अपनाने की दर तेज करने के लिए फ्लैक्सी ईंधन वाले वाहनों को विभिन्न कीमत स्तरों पर मुहैया कराना होगा। पुरी ने कहा कि सरकार फ्लैक्सी ईंधन की बिक्री के लिए आपूर्ति, नीति एवं मांग से जुड़े बिंदुओं पर उद्योग जगत को पूरा समर्थन देगी। फ्लैक्सी ईंधन यानी एथेनॉल मिश्रित पैट्रोल से चलने वाले वाहनों को सरकार प्रोत्साहन देने की नीति पर चल रही है। ई10 श्रेणी वाले फ्लैक्सी ईंधन में पैट्रोल के साथ 10 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जाता है जबकि ई20 श्रेणी वाले फ्लैक्सी ईंधन में 20 प्रतिशत एथेनॉल का मिश्रण होता है। पुरी ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें फ्लैक्सी ईंधन से चलने वाले वाहनों को विभिन्न कीमत स्तरों पर मुहैया कराने की जरूरत है। इसमें दोपहिया और तिपहिया वाहन भी शामिल हैं। इसके साथ ही हमें यह विकल्प जल्दी मुहैया कराना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ई20 ईंधन पेश करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि हमें यकीन है कि इस ईंधन का 1,000 करोड़ लीटर उत्पादन का लक्ष्य 5 साल के पहले ही हासिल कर लिया जाएगा। अप्रैल 2023 तक चुनिंदा पैट्रोल पंप पर ई20 ईंधन को उपलब्ध कराने की पायलट परियोजना के लिए हम तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक पैट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनाल मिश्रण वाले ई20 ईंधन से भारतहर साल करीब 30,000 करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत कर पाएगा।

## ब्रिटेन में मुद्रास्फीति 40 साल के रिकॉर्ड स्तर पर

● बैंक ऑफ इंगलैंड की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में बढ़ौतरी करने की आशंका बढ़ी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

लंदन, 19 अक्तूबर : ब्रिटेन में खाद्य उत्पादों के दाम बढ़ने से सितंबर में मुद्रास्फीति 40 साल के उच्च स्तर 10.1 प्रतिशत पर पहुंच गई। ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय ने सितंबर के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी करते कहा कि इस महीने में सूचकांक 10.1 प्रतिशत उछल गया। अगस्त में मुद्रास्फीति में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मुद्रास्फीति के नए आंकड़ों से पता चलता है कि ब्रिटेन में मुद्रास्फीति वर्ष 1982 के शुरुआती समय के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। इस दौरान जुलाई 2022 में भी मुद्रास्फीति ने इस स्तर को छुआ था। सांख्यिकीय कार्यालय ने कहा कि सितंबर में मुद्रास्फीति की तीव्र वृद्धि में खाद्य उत्पादों का बड़ा योगदान रहा है। इस दौरान खाद्य मुद्रास्फीति एक साल पहले की तुलना में 14.5 प्रतिशत तक बढ़ गई। यह 1980 के बाद की सर्वाधिक खाद्य मुद्रास्फीति है। मुद्रास्फीति के इस उच्च स्तर को देखते बैंक ऑफ इंगलैंड की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक बार फिर बढ़ौतरी किए जाने की आशंका बढ़ गई है।

## के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमैंट एंड कैटरिंग टैक्नोलॉजी का भोजन दान अभियान



सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमैंट एंड कैटरिंग टैक्नोलॉजी ने कल घमरोज गांव में भोजन दान अभियान चलाया, छात्रों ने एसओएचएमसीटीके संकाय सदस्यों के साथ मिलकर लगभग 100 लोगों के लिए भोजन तैयार किया और दान किया। छात्रों के लिए यह बहुत ही विनम्र घटना थी। कार्यक्रम का संचालन ज्योति सहरावत, स्कूल समन्वयक और सहायक प्रो. आरुषि चड्ढा, सहायक प्रो. अभिमन्यु अवस्थी, सहायक प्रो. कंचन, सहायक प्रो. अमित कुमार, योगेंद्र, प्रयोगशाला सहायक की ओर से किया गया।

## भारत से व्यापार समझौते को लेकर ब्रिटेन उत्सुक : ब्रेवरमैन

● उक्त समझौता हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भी यह काफी महत्वपूर्ण

सवेरा न्यूज/एजैंसी

लंदन, 19 अक्तूबर : ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने कहा कि भारत के साथ व्यापार समझौता पूरा करने के लिए उनका देश उत्सुक है ताकि दोनों अर्थव्यवस्थाओं को मजबूती मिल सके। ब्रेवरमैन ने इंडिया ग्लोबल फोरम (आई.जी.एफ.) की तरफ से दीपावली के पहले आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि ब्रैक्सिट के बाद व्यापार या वीजा को लेकर ब्रिटेन की सोच यूरो-केंद्रित नहीं रह गई है। भारतीय मूल की ब्रेवरमैन ने हाल ही में भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफ.टी.ए.) को लेकर अपने बयान के बाद उपजे विवाद को देखते हुए अपनी स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश करते कहा कि ब्रिटेन के गांवों, कस्बों एवं शहरों का भारत से आने वाले लोगों से काफी संवर्धन हुआ है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्थाओं को सशक्त करने के साथ वर्ष 2030 तक आपसी संबंधों को और मजबूत बनाने का भी साझा संकल्प है। उन्होंने कहा कि भारत और ब्रिटेन के द्विपक्षीय रिश्तों के अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भी यह काफी महत्वपूर्ण है।

## केंद्र ने एम.एस.एम.ई. को 3 साल के लिए गैर-कर लाभ लेने की अनुमति दी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : केंद्र ने अधिसूचित किया है कि सभी रजिस्टर्ड एम.एस.एम.ई. उद्यमों को अब एक साल के बजाय 3 वर्षों के लिए सभी गैर-कर लाभ प्राप्त करने की अनुमति होगी। ये नोटिफिकेशन एम.एस.एम.ई. मंत्रालय की ओर से जारी किया गया है। गैर-कर लाभों में सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे सार्वजनिक खरीद नीति और अन्य के बीच विलंबित भुगतान शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि एम.एस.एम.ई. हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। सरकार ने हाल ही में एम.एस.एम.ई. को विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में पुनर्वर्गीकृत किया था।

## एच.पी.सी.एल. को हिंदी क्षेत्र में अग्रणी कार्य के लिए मिला दुष्यंत सम्मान

सवेरा न्यूज

मुंबई, 19 अक्तूबर : हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जो एक महारत्न ऑयल कंपनी है को हिन्दी भाषा के प्रचार के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करने के लिए पासबान-ए-अदब द्वारा प्रतिष्ठित दुष्यंत सम्मान से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार 20वीं शताब्दी के अग्रणी हिन्दी कवियों में से एक दुष्यंत कुमार त्यागी के सम्मान में स्थापित किया गया है। ये पुरस्कार पद्मश्री अशोक चक्र धर प्रसिद्ध हिन्दी लेखक और कवि कबीर भजनों के प्रसिद्ध हिन्दी लोक गायक पद्मश्री प्रहलाद टिपानिया द्वारा आलोक दुष्यंत पुत्र स्व. दुष्यंत कुमार त्यागी और कैसर खालिद पासबान-ए-अदब के संयोजक की उपस्थिति में दिया गया।



## मान्यवर ने शुरू किया 'तैयार हो कर आएं' अभियान




सवेरा न्यूज

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : मान्यवर भारत का प्रमुख उत्सव पहनने वाला ब्रांड बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह के साथ तैयार हो कर आएं अभियान के तहत अपनी नई फिल्म के साथ वापस आ गया है। एक सरल लेकिन प्रभावशाली संदेश स्थापित करने और युवा पीढ़ी को दिवाली के लिए भारतीय परिधानों में तैयार होने और आकर्षक दिखने के लिए प्रेरित करने के विचार पर नई विज्ञापन फिल्म के माध्यम से खूबसूरती से प्रतिध्वनित किया गया है। रणवीर के अनोखे अंदाज में तैयार होकर आए का आवश्यक दर्शन उस उत्साह को उजागर करता है जो दिवाली सभी भारतीयों के लिए लाता है। एसोसिएशन पर टिप्पणी करते वेदांत फैशन लिमिटेड के मुख्य विपणन अधिकारी वेदांत मोदी ने कहा कि हम महामारी के 2 साल बाद दिवाली मना रहे हैं और हमें उम्मीद है कि लोग इस अवसर को मनाने के लिए बाहर निकलेंगे। मान्यवर की नई डिजीटल फिल्म उत्सव पर रणवीर सिंह द्वारा खुद को पटाखा कहने का एक मजेदार तरीका है जो कभी भी फट सकता है।

## दिवालिया, अमीर देशों की पक्षधर है अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली : सरां

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 19 अक्तूबर : संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली नैतिक रूप से दिवालिया है, क्योंकि यह अमीर देशों का पक्ष लेती है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत की भागीदारी से इस स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को कोविड-19 महामारी से उबरने के दौरान पुनरुद्धार के लिए वित्तीय साधन बहुत कम मिले और उनमें से कुछ ऋण संकट का सामना कर रहे हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत द्वारा जी20 समूह की आगामी अध्यक्षता, विकासशील दुनिया के मूल्यों और दृष्टिकोण को वैश्विक अर्थव्यवस्था के शीर्ष पर लाने का एक मौका होगी। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली नैतिक रूप से दिवालिया है।

## नवंबर में होगी जी.एस.टी. परिषद की बैठक

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : जी.एस.टी. परिषद की अगली बैठक नवंबर के पहले पखवाड़े में हो सकती है। बैठक में जी.एस.टी. अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना पर मंत्रियों की समिति (जी.ओ.एम.) की रिपोर्ट और कसीनो तथा ऑनलाइन गेमिंग पर कर लगाने के प्रस्ताव पर चर्चा होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मदुरै में परिषद की 48वीं बैठक में जी.एस.टी. दरों के युक्तिकरण पर विचार करने वाली समिति की बहुप्रतीक्षित पूर्ण रिपोर्ट की स्थिति पर भी चर्चा हो सकती है। रिपोर्ट में जी.एस.टी. स्लैब के विलय पर विचार किया गया है, जिसके चलते कुछ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं अगर रिपोर्ट को पेश किया गया, तो भी उच्च मुद्रास्फीति को देखते हुए इस बात की गुंजाइश कम है कि इस पर आगे कार्रवाई होगी।

## सितंबर में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 47% बढ़ी : डी.जी.सी.ए.



सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 19 अक्तूबर : घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या इस साल सितंबर में सालाना आधार पर 46.54 प्रतिशत बढ़कर 1.03 करोड हो गई। विमानन सुरक्षा नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डी.जी.सी.ए.) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय घरेलू उड़ानों (नई शुरू हुई आकाश एयर को छोड़कर) ने स्थानीय रूट पर कुल 70.6 लाख यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया। आकाश एयर ने 7 अगस्त से घरेलू मार्गों पर अपनी उड़ान सेवाएं शुरू की हैं। डी.जी.सी.ए. के आंकड़ों से पता चलता है कि इन एयरलाइंस का औसत यात्री लोड फैक्टर (पी.एल.एफ.) अगस्त 2022 में 77.5 प्रतिशत रहा, जो अगस्त 2022 में 72.5 प्रतिशत था। पी.एल.एफ. से पता चलता है कि एयरलाइन ने अपनी यात्री क्षमता का कितना उपयोग किया। विस्तार, एयर इंडिया और एयरएशिया इंडिया की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी सितंबर में 24.7 फीसदी थी।

## अप्रैल-अगस्त 2022-23 में खनिज उत्पादन 4.2% बढ़ा

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : भारत के खनिज उत्पादन में अप्रैल-अगस्त 2022-23 की अवधि के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। भारतीय खनन ब्यूरो (आई.बी.एम.) के आंकड़ों के अनुसार अगस्त 2022 के लिए खनिज उत्पादन सूचकांक 99.6 है, जो अगस्त 2021 के स्तर की तुलना में 3.9 प्रतिशत कम है। अगस्त 2022 में महत्वपूर्ण खनिजों का उत्पादन स्तर 580 लाख टन कोयला, 29 लाख टन लिग्नाइट, 2,8290 लाख क्यूबिक मीटर पर प्राकृतिक गैस (प्रयुक्त), 24 लाख टन पैट्रोलियम (कच्चा), 1,450 हजार टन बॉक्साइट और क्रोमाइट का उत्पादन 1,46,000 हजार टन रहा।

## पोर्श इंडिया की बिक्री सितंबर तिमाही में 37 प्रतिशत बढ़ी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 19 अक्तूबर : लग्जरी कार विनिर्माता पोर्श इंडिया की खुदरा बिक्री जुलाई-सितंबर तिमाही में 37 प्रतिशत बढ़कर 193 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पोर्श इंडिया के मुताबिक एक साल पहले की समान तिमाही में उसने कुल 141 कारों की बिक्री की थी। बयान के मुताबिक इस तिमाही में 193 इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ कैलेंडर वर्ष 2022 में अब तक कुल 571 इकाइयों की आपूर्ति कर चुकी है। पोर्श ने 2013 में कुल 534 इकाइयों की बिक्री के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। कंपनी ने कहा कि उसने जनवरी-सितंबर की अवधि में एकीकृत आधार पर अपनी कारों की बिक्री में 71 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

## विश्व बैंक का अनुमान, बाढ़ से पाक को 40 अरब डॉलर का नुक्सान

सवेरा न्यूज/एजैंसी

इस्लामाबाद, 19 अक्तूबर : पाकिस्तान ने कहा कि विश्व बैंक ने इस गर्मी में आई भीषण बाढ़ से दक्षिण एशियाई देश में 40 अरब डॉलर के नुक्सान का अनुमान जताया है। ये आंकड़ा पाकिस्तानी सरकार के पहले के अनुमान से 10 अरब डॉलर अधिक है। पाकिस्तान इस समय नकदी संकट के चलते गंभीर वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। जून के मध्य में भारी बारिश से वहां भीषण बाढ़ आ गई और एक समय में देश का एक तिहाई हिस्सा जलमग्न हो गया। विश्व बैंक का ताजा आकलन राजधानी इस्लामाबाद में प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और जलवायु परिवर्तन पर विशेषज्ञों के बीच हुई बैठक के दौरान आया। नए अनुमान पर विश्व बैंक की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाढ़ के कारण जून के मध्य से 1,719 लोग मारे गए हैं और 3.3 करोड़ प्रभावित हुए। पानी ने 20 लाख घरों को क्षतिग्रस्त या बहा दिया है।

## स्पाइसजैट ने पायलटों को दिया दिवाली का तोहफा, बढ़ाई सैलरी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : स्पाइसजैट ने अपने पायलटों के लिए संशोधित वेतन संरचना की घोषणा की है, जो उनके मासिक पारिश्रमिक को बढ़ाकर 80 घंटे की उड़ान के लिए 7 लाख रुपए प्रति माह कर दिया गया है। एयरलाइन ने कहा कि बढ़ौतरी 1 नवंबर से लागू होगी। नई बढ़ौतरी के बाद स्पाइसजैट में कैप्टन का वेतन उनके पूर्व-कोविड वेतन की तुलना में अधिक होगा। स्पाइसजैट के प्रवक्ता ने कहा कि प्रशिक्षकों (डी.ई., टी.आर.आई., एल.टी.सी.) और वरिष्ठ प्रथम अधिकारियों के वेतन में भी इसी अनुपात में वृद्धि की गई है। प्रवक्ता ने कहा कि स्पाइसजैट लगातार पायलटों के मूल वेतन में वृद्धि कर रही है।




### सर्राफा

| सोना प्रति 10 ग्राम | जालंधर | लुधियाना | चंडीगढ़ |
|---|---|---|---|
| सोना बिट्टर/बिस्कुट | | 51750 | 51750 |
| सोना स्टैंडर्ड | | 51700 | 51750 |
| स्वर्ण आभूषण (22 कैरेट) | | 48300 | 47800 |
| गिन्नी प्रत्येक | | 40000 | 39800 |
| चांदी तेजाबी (प्रति किलो) | | 58500 | 58100 |
| सिक्का (प्रति पीस) | | 750 | 5175 (1 ग्राम) |

### लोहा व इस्पात

नई दिल्ली (एनएनएस) : (प्रति टन) जीएसटी पेड सरिया : कामधेनु : (8 एमएम) 73450, (10 एमएम) 72300, (12 एमएम) 69900, (16-25 एमएम) 71100, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस) : (8 एमएम) 408, (10) 626, (12) 884, (16) 1574, (20 एमएम) 2460, (25 एमएम ) 3841, अम्बा शक्ति -500 एसडी : (8 एमएम) 74300, (10 एमएम) 73100, (12 एमएम) 70800, (16-25 एमएम) 71900, (32 एमएम) 70400, अम्बा शक्ति-500 : (8 एमएम) 74100, (10) 72900, (12) 70600, (16-20) 71700, (25) 71700, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 73300, (10) 72400, (12) 69800, (16-25) 70400, (28-32) 69800, बिरला (8 एमएम) 73100, (10 एमएम) 71900, (12 एमएम) 69600, (16-25 एमएम) 70700, टीएमटी : जयइस्पात : (8 एमएम) 71500, (10 एमएम) 70500, (12 एमएम) 68400, (16-25 एमएम) 69500, अनमोल-500 एसडी : (8 एमएम) 71500, (10 एमएम) 70500, (12 एमएम) 68400, (16-25 एमएम)69500, एंगल : कैपिटल : (50×5)(50×6) 66100, (40×5)(40×6) 66300, (35×5)(65×6) 66500, (32×3)(25×3) 66700.

### कल क्या होगा

नई दिल्ली (एनएनएस) शुक्रवार कार्तिक बदी एकादशी को गेहूं, जौ, जई, रूई, काबुली चना, मूंग, मोठ, धनिया, लालमिर्च, जीरा, लौंग, अमचूर, मखाना, पोस्तदाना, मेथी, चिरौंजी, इमली, बादाम, सोना, चांदी में लाभ तथा ग्वार व ग्वार गम, गुड़-चीनी, बासमती चावल, मक्की, बाजरा, लोबिया, देशी चना, उड़द, तुवर, तेल सरसों, सोया, बिनौला, कालीमिर्च, अजवायन, हल्दी, जायफल, जावित्री, दालचीनी, सौंठ, कलौंजी, अनारदाना, काजू, हीरा, जवाहरात, कॉपर, पीतल आदि में हानि हो सकती है। भाग्यांक 3-5-7-9 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 7.53 बजे प्रात: से पहले यात्रा करना शुभ होगा।

### अलौह धातु

नई दिल्ली (एनएनएस) : (किलो/जीएसटी अतिरिक्त) : एंटीमनी : चीन ×, कैडमियम : रॉड 355, मैक्सिको ×, प्लेट ×, लैड (सीसा) : बैट्री सफेद ×, बैट्री काला 95.50, देशी मुलायम 176/190, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 176/190, चार प्रतिशत 181/194, पी.पी.103 गन मैटल स्क्रैप : लोकल 524, मिक्स 534, जालंधर 549, स्टील बर्तन ×, ब्रास (पीतल) : हनी 448, रेडिएटर देशी 310, रेडिएटर विदेशी 310, चादरी देशी 448, पुर्जे स्क्रैप 435, टिन (रांग) : इंगट मलेशिया ×, इंडोनेशिया 1715, जिंक (जस्ता) : इंगट (पटरा) एचजेडएल 270, एजेड 323, आईजेड 266, आईजे 268, पीएमआई 228, ड्रास (ढीमा) 227, निकिल कैथोड : रसियन- (4×4) 1875, (8×8) 1880, (4×24) 1885, नार्वे (4×4) 1995, (4×24) 2005, कॉपर (तांबा) : आरमेचर प्लांट 575, भट्ठी 573, सीसी 659, एल्यूमीनियम : सीजी इंगट 202, शीट कटिंग 189, वायर स्क्रैप 193, बर्तनफूट 169, पुर्जाफूट 139, रॉड : लोकल 195, कम्पनी 215

### लोहा बाजार

**मंडी गोबिंदगढ़/खन्ना (सुबोध, मोहित) :** इंगट (कुल्फी)-49500, बिलैट- 49700, मैलटिंग स्क्रैप- 40700, पुरानी स्क्रैप- 37700, ऐंगल- 54000, पत्तरा- 52500, गार्डर- 59800, प्रैस पत्ती- 62600, पाइप- 51900, राऊंड सरिया- 53800, सरिया (TMT) लोकल- 56500, सरिया (TMT ब्रांडेड ISI) के.ए.वाई. 2-62531, कामधेनु नैक्स्ट 63401 **(जी.एस.टी. अतिरिक्त)**

### पंजाब की मंडियां

#### खन्ना

जीएसटी अतिरिक्त (प्रति क्विं.) : राइसब्रान (खाद्य)(प्रति प्वाइंट)190, राइसब्रान (अखाद्य) 185, खल सरसों 2550, डीओसी : राइसब्रान बैच सफेद 1770, लाल ×, कंटीन्यूअस 1760, सरसों (टन) 19600, सूरजमुखी (टन) 23500, अनाज : गेहूं 2425/2450, आटा (50 किलो)1325, मैदा 1450, चोकर (45 किग्रा) 990, चोकर (30 किग्रा) 660, मक्की यूपी 2490/2500

#### लुधियाना

दाल-दलहन : राजमां चित्रा 8600/13800, अरहर दाल 9900/10800, उड़द साबुत 8150/9800, उड़द धोया 9100/9700, छिलका 8000/10300, दाल मसूर 7800/8600, चनादाल 5800/5950, एग्रो प्योर बेसन (35 किग्रा.)2360, काबली चना 8200/11700, मूंग साबुत 7650/8500, मूंग धोया 8500/9500, चावल : डीबी 8000/8100, शरबती स्टीम नया 5000/5200,चावल 1121 सेला 7500/8000, लालकिला 13200, तेल : बिनौला 12250, चावल तेल 10100, सरसों 12800, खल : सरसों 2680/2700, बिनौला 3550/3700, डीओसी : मूंगफली 32400, किराना : जीरा 23400/25400, धनिया 12100/15700, हल्दी 8000/9100, केसर प्रति ग्राम कश्मीरी 155/171

#### अमृतसर

चावल : बासमती (1121 नं.) स्टीम 8550/8600, सेला नया 7500/7800, शरबती सेला नया 4500/4600, शरबती स्टीम नया 5000/5200,चावल 1509 सेला नया 6100/6300, धान : शरबती नया 2500/2700, बासमती 1121 धान 3500/3700, धान (1509) 3400/3500, पीआर-11 नं. 2900/3200, देशी चना 5700/5850, चनादाल 5800/5900, गुड़ (क्विं) : लड्डू मंगलौर 4175/4250, देशी पंजाब 4200/4250, शक्कर देशी 4400/4600, बूरा खांड 4400/4500

#### बठिंडा

रुई (प्रति मन) : जे-34 पंजाब 6875/6900, हरियाणा 6900/6950, राजस्थान 7000/7050, खल (प्रति क्विं.) बिनौला 3450/3500, सरसों खल 2550/2600, गेहूं चोकर (28 किलो) 610

#### संगरूर

गेहूं 2510/2520, आटा (50 किलो) 1460/1470, मैदा (50 किलो) 1540/1560, सूजी (50 किलो) 1600/1610, चावल 1121 सेला 7800/7900, स्टीम 8500/8600, शरबती चावल सेला नया 4300/4400, स्टीम नया 4600/4700, चावल परमल कच्चा 1975/2075, सेला 1925/2025, देशी चना छना 5600/5700, दाल चना 5650/5850, उड़द छिलका 8600/10200, राजमां चित्रा देशी 8400/14300, ब्राजील 10900/13800, काबली चना 7200/11500, किराना : जीरा 24200/27400, धनिया 12600/13900, लालमिर्च गुंटूर 341 न. 20300/21400, तेजा 25900/31400, हल्दी इरोड़ गट्ठा 7700/7800, निजामाबाद फली 10000/11000, मेवा (किलो) : काजू : (320 नं.) 760/825, (210 नं.) 840/875, (240 नं.) 825/850, (180 नं.) 900/1000, दो टुकड़ा 675/630, चार टुकड़ा 660/690, आठ टुकड़ा 550/570, गोला 20500/24000

#### जालंधर

गेहूं दड़ा 2490/2500, चावल परमल कच्चा 2100/2200, सेला 1975/2075, मक्की बिहार 2370/2375, यूपी 2350/2360, दाल उड़द छिलका 8400/10300, चना देशी छना 5750/5875, दाल चना 5850/6000, काबली चना 8000/11800, राजमां चित्रा पुणे 8600/14100,इथोपिया-ब्राजील 9000/13900, शर्मिली 10000/10600, किराना : जीरा 24300/27000, धनिया 12600/13900, लालमिर्च गुन्टूर-(334 नं.) 22000/23000, तेजा 26500/31000, हल्दी इरोड गट्ठा 7600/7700, निजामाबाद 9700/11300, मेवा (किलो) : काजू : (320 नं.) 775/825, (210 नं.) 875/940, (240 नं.) 825/875, (180 नं.) 950/1075, मखाना 380/600, गोला 20000/23500

#### सादुलशहर

**सादुलशहर (सेठी) :** सरसों 5890 से 5941 तक, गेहूं 2200 से 2255 तक, नरमा 8770 से 9043 तक, चना 4111 तक

| | |
|---|---|
| अंडा भाव (अमोल/मोहित) | ₹424 प्रति सैकड़ा |
| राइस ब्रान तपा/बरनाला (अमोल) | ₹165 प्रति प्वाइंट |

#### रूई बाजार

**तपा मंडी (आरती/मोहित) :** कॉटन (रुई) 7300 रुपए प्रति मन, नरमा 9800 प्रति क्विंटल, खल विनोला 3400 रुपए प्रति क्विंटल, खल सरसों 3800

## न्यूज गैलरी

### कर्नाटक : राशन कार्डों पर जीसस क्राइस्ट, देवी लक्ष्मी की तस्वीरें, विवाद तेज

सवेरा न्यूज/एजैंसी

रामनगर (कर्नाटक), 19 अक्तूबर : कर्नाटक के रामनगर जिले में ईसा मसीह और देवी लक्ष्मी की तस्वीरों वाले राशन कार्ड की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। घटना राज्य के कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार की जन्मस्थली डोड्डा अलनहल्ली गांव की है। राशन कार्ड के पिछले पेज पर भगवान के चित्र छपे हुए हैं। हिंदू संगठनों ने घटना की निंदा की है और जांच की भी मांग की है। श्री राम सेना ने कहा है कि वह इस मामले को जिला आयुक्त के समक्ष उठाएगी। इस बीच, घटना को लेकर क्षेत्र में सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने के प्रयासों पर बहस शुरू हो गई है। हिंदू कार्यकर्ताओं और बीजेपी नेताओं का दावा है कि ईसाई धर्म थोपने की कोशिश की जा रही है।

### समीर वानखेड़े ने एन.सी.बी. अधिकारी पर उत्पीड़न का लगाया आरोप, एन.सी.एस.सी. करेगा जांच

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 19 अक्तूबर : राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एन.सी.एस.सी.) ने कहा कि वह भारतीय राजस्व सेवा (आई.आर.एस.) अधिकारी समीर वानखेड़े द्वारा स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एन.सी.बी.) के उप महानिदेशक (डी.डी.जी.) ज्ञानेश्वर सिंह पर लगाए गए उत्पीड़न के आरोपों की जांच करेगा। सिंह ने उस सतर्कता जांच की अगुवाई की थी जिसमें 2021 में एक क्रूज पर कथित रूप से बरामद नशीले पदार्थ मामले में अनियमितताएं मिली थी। आयोग ने एक बयान में कहा कि वह सिंह द्वारा किए गए कथित उत्पीड़न और अत्याचारों की जांच करेगा। उसने निर्देश दिया कि दीवानी अदालत की शक्तियों वाले पैनल के समक्ष इस संबंधी शिकायत के लंबित रहने तक इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### पटना हाईकोर्ट ने एकता कपूर और उनकी मां के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाई

सवेरा न्यूज/एजैंसी

पटना, 19 अक्तूबर : पटना हाईकोर्ट ने बुधवार को बेगूसराय जिले की एक अदालत द्वारा फिल्म निर्माता एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ की जा रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि अदालत ने कई बार सम्मन भेजे जाने के बावजूद उपस्थित नहीं होने पर एकता और उनकी मां के खिलाफ वारंट जारी किया था। कपूर परिवार की ओर से अदालत के समक्ष पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता वाई.वी. गिरी के अनुसार जज सत्यव्रत वर्मा ने उक्त आदेश पारित किया और मामले की अगली सुनवाई दिसंबर तक के लिए टाल दी। गिरी ने कहा, मानहानि से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत बेगूसराय में मेरे मुवक्किल के खिलाफ याचिका दायर की गई है, लेकिन यह स्वीकार किए जाने योग्य नहीं था क्योंकि मानहानि हमेशा एक व्यक्ति के खिलाफ होती है।

### कश्मीर में मादक पदार्थों से जुड़ी आतंकवादी गतिविधियों के सिलसिले में छापामारी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

श्रीनगर, 19 अक्तूबर : जम्मू-कश्मीर में राज्य जांच एजैंसी (एस.आई.ए.) ने मादक पदार्थों से जुड़ी आतंकवादी गतिविधियों के सिलसिले में बुधवार को बारामूला जिले के सोपोर इलाके में एक महिला के ठिकानों पर छापामारी की। एस.आई.ए. के एक प्रवक्ता ने कहा, मादक पदार्थों से जुड़ी आतंकवादी गतिविधियों के सिलसिले में करीब एक महीने तक जानकारियां मिलने के बाद, एस.आई.ए. ने आखिरकार इस गिरोह की एक महिला सरगना की पहचान की। इस महिला के जरिए पाकिस्तान से भारत में कम से कम 10 करोड़ रुपए के मादक पदार्थों की तस्करी की गई है। महिला सरगना के सोपोर स्थित ठिकाने में तलाशी के दौरान, एस.आई.ए. अधिकारियों ने अन्य रिकॉर्ड के अलावा डिजीटल उपकरणों को जब्त कर लिया, जो मामले से संबंधित हैं।

### सूरत में डी.आर.आई. को सफलता : 1.75 करोड़ का सोना, हीरे, घड़ियां जब्त

सवेरा न्यूज/एजैंसी

सूरत, 19 अक्तूबर : राजस्व खुफिया निदेशालय (डी.आर.आई.) की सूरत टीम ने विशेष खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एक आयातित स्टेनलैस स्टील बेल्ट की जांच की, जिसमें से उन्होंने 1.75 करोड़ रुपये के सोने के बिस्कुट, हीरे और प्रीमियम घड़ी बरामद किए। डी.आर.आई. ने कहा कि उसे एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक आभूषण यूनिट सोने, हीरे और प्रीमियम कलाई घड़ी ब्रांडों की तस्करी कर रही थी।

# पुतिन ने रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के क्षेत्रों में मार्शल लॉ की घोषणा की

■ रूस के सभी क्षेत्रों के प्रमुखों को अतिरिक्त आपातकालीन शक्तियां प्रदान की

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मॉस्को, 19 अक्तूबर : रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के कब्जे वाले यूक्रेन के चार क्षेत्रों में मार्शल लॉ घोषित कर दिया और रूस के सभी क्षेत्रों के प्रमुखों को अतिरिक्त आपातकालीन शक्तियां प्रदान कर दीं। पुतिन ने मार्शल लॉ के तहत उठाए जाने वाले कदमों को तत्काल स्पष्ट नहीं किया, लेकिन कहा कि उनका आदेश वीरवार से प्रभावी होगा। उन्होंने अपने आदेश में कानून प्रवर्तन एजैंसियों को विशिष्ट प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए तीन दिन का समय दिया है। रूस की संसद के ऊपरी सदन ने चार क्षेत्रों में मार्शल लॉ लागू करने के पुतिन के फैसले पर तुरंत मुहर लगा दी। मसौदा कानून



इंगित करता है कि इसमें यात्रा और सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध, सख्त सैंसरशिप और कानून प्रवर्तन एजैंसियों के लिए व्यापक अधिकार शामिल हो सकते हैं। पुतिन ने अपने आदेश के तहत रूसी क्षेत्रों के प्रमुखों को दी जाने वाली अतिरिक्त शक्तियों का विवरण भी नहीं दिया।

### वोदका, वाइन के साथ पुतिन को शुभकामनाएं : दोहरी नीति को लेकर बर्लुस्कोनी बेनकाब

इटली के पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी एक ऑडियो टेप में यह शेखी बघारते सुने गए हैं कि हाल ही में एक बार फिर से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उनका संपर्क बहाल हुआ और दोनों ने एक दूसरे को वोदका, वाइन व शुभकामना संदेश भेजे थे। इटली के 'ला प्रैस' समाचार एजैंसी ने इस बारे में खबर प्रकाशित की है। कहा जा रहा है कि इस ऑडियो टेप में बर्लुस्कोनी (86) इस सप्ताह संसद में हुई मुलाकात के दौरान अपनी मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी पार्टी 'फोर्जा इटैलिया' के सांसद से बात कर रहे हैं। कला प्रैस की खबर में बर्लुस्कोनी के हवाले से कहा गया, हाल ही में एक बार फिर राष्ट्रपति पुतिन से मेरा संपर्क हुआ था।

## रूस के ताबड़तोड़ हमलों से यूक्रेन में विद्युत संकट और गहराया

सवेरा न्यूज/एजैंसी

कीव, 19 अक्तूबर : रूस के लगातार जारी मिसाइल हमलों और गोलाबारी से बुधवार को यूक्रेन के और अधिक गांवों, कस्बों तथा दो शहरों के कुछ हिस्से बिजली के बिना अंधकार में डूब गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कीव को झुकाने के लिए मॉस्को इसके ऊर्जा

■ कीव को झुकाने के लिए मास्को ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा

प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बीती रात हुए हमलों से पहले यूक्रेनियों से देश के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को बचाने का प्रयास करने का आग्रह किया था।

एनरहोदर के मेयर दिमित्रो ओरलोव ने कहा कि शहर पर की गई गोलाबारी में बिजली और पानी के केंद्रों को निशाना बनाया गया। दक्षिणी शहर उस जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास स्थित है जो लगभग आठ महीने से चले आ रहे हमलों का मुख्य निशाना रहा है।

# आतंकवाद से लड़ना वैश्विक प्राथमिकता होना चाहिए : संरा प्रमुख गुतारेस

● 26/11 के आतंकवादी हमलों में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि



सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 19 अक्तूबर : संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि आतंकवाद से लड़ना वैश्विक प्राथमिकता होना चाहिए और किसी भी तरह के आतंकवाद को जायज नहीं ठहराया जा सकता। मुंबई में ताज महल पैलेस होटल में 26/11 के आतंकवादी हमलों में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए गुतारेस ने कहा कि लोगों को एक-साथ रहने के लिए संस्कृतियों की विविधता और समृद्धि को समझना होगा। उन्होंने कहा, आतंकवाद से लड़ना हर देश की वैश्विक प्राथमिकता होनी चाहिए। आतंकवाद पूरी तरह एक बुराई है और आज की दुनिया में इसकी कोई जगह नहीं है। कोई वजह और कोई वाकया आतंकवाद को जायज नहीं ठहरा सकते। उन्होंने कहा, महासचिव बनने के बाद मेरा पहला काम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग, मार्गदर्शन और देशों को तैयार करने के लिए आतंकवाद निरोधक कार्यालय स्थापित करना था। गुतारेस ने कहा, यह कार्यालय हिंसक उग्रवाद की जड़ों के खिलाफ लड़ रहा है। धर्म हो, जातीयता हो या आस्था, कुछ भी हिंसक उग्रवाद को जायज नहीं ठहरा सकता। 26/11 के आतंकी हमलों को इतिहास में आतंकवाद का सबसे बर्बर कृत्य बताते हुए गुतारेस ने कहा कि हमलों में मारे गए 166 लोग 'हमारी दुनिया के नायक हैं'।

भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर आए गुतारेस के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस भी थे। गुतारेस ने होटल में 26/11 हमलों के स्मारक पर पुष्प अर्पित किया।

### दूसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद गुतारेस की पहली भारत यात्रा

**जनवरी** में दूसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद गुतारेस की पहली भारत यात्रा है। उन्होंने इससे पहले अपने पिछले कार्यकाल के दौरान अक्तूबर 2018 में देश का दौरा किया था। गुतारेस ने गुजरात रवाना होने से पहले भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.), मुंबई में संयुक्त राष्ट्र - भारत साझेदारी विषय पर भाषण दिया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव 20 अक्तूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गुजरात के केवड़िया में 'मिशन लाइफ' (पर्यावरण के अनुसार जीवन शैली) से संबंधित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### मानवाधिकारों के सम्मान से भारत की बात का वजन बढ़ सकता है : गुतारेस

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि अपने यहां मानवाधिकारों के सम्मान के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता दिखाकर ही दुनियाभर में भारत की बात को स्वीकार्यता और विश्वसनीयता हासिल हो सकती है। गुतारेस ने कहा, मानवाधिकार परिषद का एक निर्वाचित सदस्य होने के नाते भारत पर वैश्विक मानवाधिकारों को आकार देने और अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों समेत सभी व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करने और इन्हें बढ़ावा देने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, बहुलता का भारतीय मॉडल एक सरल लेकिन गहरी समझ पर आधारित है। विविधता एक ऐसी खूबी है जो आपके देश को मजबूत बनाती है। यह समझ रखना हर भारतीय का जन्मसिद्ध अधिकार है, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है। इसे हर दिन बेहतर, मजबूत बनाना चाहिए।

## सी.पी.सी. की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला समूह साक्षात्कार आयोजित

सवेरा न्यूज/सी.आर.आई.

बीजिंग, 19 अक्तूबर : चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस की रिपोर्ट में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि उच्च गुणवत्ता वाला विकास चौतरफा तरीके से आधुनिक समाजवादी देश का निर्माण करना का मुख्य मिशन है। सी.पी.सी. के न्यूज केंद्र में 18 अक्तूबर को पहला समूह साक्षात्कार आयोजित हुआ। बीजिंग, थ्येनचिन, हपेई आदि सात प्रांतों व शहरों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रवक्ताओं ने देसी-विदेशी संवाददाताओं के सवालों के जवाब दिए। बीजिंग म्युनिसिपल कमेटी के स्थाई सदस्य चाओ लेई ने कहा कि बीजिंग चीन में पहला बड़ा शहर है, जहां विकास में कटौती की गई। बीजिंग ने गैर-नवीकरणीय उत्पादन कारक के विकास को घटाया, जबकि नवीन तत्व पर ज्यादा ध्यान दिया। बीजिंग में अनुसंधान और विकास खर्च का अनुपात 6.53 प्रतिशत है। यह न सिर्फ चीन में पहले स्थान पर है, बल्कि अधिकांश विकसित देशों से भी ज्यादा है।

## हिंद महासागर क्षेत्र की क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा भारत : राजनाथ

सवेरा न्यूज/एजैंसी

गांधीनगर, 19 अक्तूबर : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र (आई.ओ.आर.) में अपनी भागीदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक है, ताकि यह सुनिश्चित हो कि आई.ओ.आर. वैश्विक अर्थव्यवस्था को गति देने वाले इंजन के रूप में अपना सही स्थान हासिल कर सके। राजनाथ ने कहा कि भारत एक जिम्मेदार भूमिका निभाने और आई.ओ.आर. की क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा की दिशा में काम करते रहने के लिए प्रतिबद्ध है। गांधीनगर में डिफैंस एक्सपो-2022 के इतर हुई आई.ओ.आर. बैठक में 44 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल अभियंता- चतुर्थ, फिरोज़पुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ई-निविदाएं, अंतिम तिथि 10.11.2022 समय 15:00 बजे तक, www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता अपने मूल/संशोधित निविदा बंद होने की तिथि तथा समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा मान्य नहीं है और ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ठेकेदार निविदा प्रपत्र की लागत और बयाना राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑन लाइन साधनो के माध्यम जैसे नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, व क्रेडिट कार्ड आदि से भुगतान कर सकते है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, एफ.डी.आर. व रसीदों आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं हैं।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| खुला | कार्य | एकल बोली प्रणाली |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | बोली शुरू की तिथि | बोली समापन की तिथि तथा समय |
| 18.10.2022 | 27.10.2022 | 10.11.2022 / 15:00 बजे |

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | निविदा का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 249-2022-23-UHP-DRM-FZR | वरिष्ठ मण्डल अभियंता– चतुर्थ/ फिरोजपुर के अधीन फिरोजपुर मंडल के 5 स्टेशनों पर स्मारक ध्वज का प्रावधान। (उधमपुर कठुआ अनंतनाग श्री नगर और बडगाम) | | |
| | विज्ञापन मूल्य (रु.) | ब्याना राशि | ऑफर की वैधता | समापन की अवधि |
| | 4942707.30/- | 98900.00/- | 60 दिन | 03 महीने |

नोटः– 1. निविदा डालने से पहले निविदाकर्ता निविदा के संबंध में जारी किए गए किसी भी शुद्धिपत्र की जांच करेंगे। 2. हिन्दी में किसी भी त्रुटि हेतु अंग्रेजी वर्जन का अवलोकन करे तथा अंग्रेजी वर्जन ही मान्य होगे। निविदा सूचना सं: 770-W/169/WA/FZR/2022-23 Date 19.10.2022 2800/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## दिल्ली की महिला से गाजियाबाद में सामूहिक दुष्कर्म, शरीर में कोई बाहरी वस्तु मिली

● महिला आयोग प्रमुख स्वाती मालीवाल ने कहा- निर्भया मामले की याद दिला, 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली/गाजियाबाद, 19 अक्तूबर : गाजियाबाद में संपत्ति विवाद के चलते पांच लोगों ने 36 वर्षीय एक महिला से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार किया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गुरु तेगबहादुर अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, महिला की हालत स्थिर है और किसी तरह की अंदरूनी चोट के बारे में पता नहीं चला है। हालांकि अस्पताल के सूत्रों ने यह भी कहा कि यौन उत्पीड़न के कुछ संकेत मिले हैं और महिला के शरीर में कोई 'बाहरी वस्तु' मिली है। इससे पहले दिल्ली महिला आयोग (डी.सी.डब्ल्यू.) ने मामले के संबंध में गाजियाबाद पुलिस को नोटिस जारी किया। आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने नोटिस में कहा कि इस प्रकरण ने उन्हें निर्भया मामले की याद दिला दी। आयोग ने कहा, दिल्ली की रहने वाली महिला जूट के बोरे में लिपटी हुई मिली, जिसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। उसके निजी अंगों में लोहे की छड़ डाली गई। गाजियाबाद के पुलिस अधीक्षक (शहर-1) निपुण अग्रवाल के मुताबिक, नंदग्राम थाने के आपातकालीन हैल्पलाइन नंबर 112 पर 18 अक्तूबर को रात करीब साढ़े 3 बजे कॉल आई, जिसमें कहा गया कि एक महिला आश्रम रोड पर पड़ी है। उन्होंने कहा कि पुलिस उसे पास के अस्पताल ले गई, लेकिन उसने कहा कि उसे दिल्ली के किसी अस्पताल में भर्ती कराया जाए जिसके बाद उसे जी.टी.बी. अस्पताल ले जाया गया।

### महिला और आरोपियों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद

**पुलिस** को दिए अपने बयान में महिला ने कहा कि वह घटना से एक दिन पहले अपने भाई का जन्मदिन मनाने के लिए गुरुग्राम गई थी। पुलिस अधीक्षक ने ट्विटर पर एक वीडियो में कहा कि उसका भाई उसे वापस घर छोड़ गया जिसके बाद कुछ परिचित लोग उसे वहां से उठाकर ले गए। अग्रवाल ने कहा, शुरुआत में उसने कहा कि दो लोग थे, लेकिन बाद में उसने बताया कि पांच लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। उनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला और आरोपियों के बीच संपत्ति को लेकर विवाद है। यह मामला पहले से ही कड़कड़डूमा अदालत में है। मामले की जांच की जा रही है।

## देश के शासन का मूल है जनता तक लाभ पहुंचाना

सवेरा न्यूज/सी.आर.आई.

बीजिंग, 19 अक्तूबर : 'देश के शासन का मूल है जनता तक लाभ पहुंचाना' इस वाक्य का 2100 वर्ष पुराना इतिहास है, जो चीनी सत्तारूढ़ पार्टी के कार्य का मूल आग्रह बन गया है। 16 अक्तूबर को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस बीजिंग में आयोजित हुई। शी जिनपिंग ने सी.पी.सी. की पिछली केंद्रीय कमेटी की ओर से सी.पी.सी. के 2200 से अधिक प्रतिनिधियों को रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में उन्होंने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने जनता का नेतृत्व करके नए चीन की स्थापना की और देश को शक्तिशाली बनाने की बड़ी कोशिश की, जिसका मूल लक्ष्य जनता के लिये बेहतर जीवन बनाना है। 2012 में चीन में लगभग 10 करोड़ ग्रामीण गरीब आबादी मौजूद थी।

### असम के कामाख्या मंदिर का ठीक से रखरखाव नहीं हो रहा : सुप्रीम कोर्ट

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि असम में कामाख्या मंदिर का रखरखाव ठीक से नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने साथ ही कहा कि स्वच्छता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। जज अजय रस्तोगी और जज सी.टी. रविकुमार की पीठ मंदिर के रखरखाव से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सरायकेला**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/SKELLA/19/2022-23

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम (कल्याण विभाग) | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सरायकेला–खरसावाँ जिलान्तर्गत राजनगर प्रखण्ड के ग्राम–गाम्देसाई में मांझी परगना हाउस निर्माण। Solar Power Plant | 2,97,21,900.00 | 5,95,000.00 | 10,000.00 | 18 महीना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.11.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 16.11.2022 से दिनांक 26.11.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सरायकेला में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 28.11.2022 अपराह्न 03:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सरायकेला
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.11.2022 अपराह्न 02:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सरायकेला
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431349277 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सरायकेला के पदनाम से देय होगा।
10. प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सरायकेला

PR.NO.280444 Rural Development(22-23):D


## चीन और उच्च स्तरीय कानूनी चीन के निर्माण को आगे बढ़ाएगा

सवेरा न्यूज/सी.आर.आई.

बीजिंग, 19 अक्तूबर : चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सी.पी.सी.) की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रैस सैंटर ने 19 अक्तूबर को बीजिंग में तीसरे संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया और कानूनी चीन के निर्माण के विषय पर ध्यान दिया। बीते 10 वर्षों में चीन के कानूनी निर्माण में प्राप्त प्रगति की चर्चा में चीनी केंद्रीय राजनीति और कानून आयोग के उप महासचिव यान बाई ने कहा कि चीन में कानून के सामने हरेक व्यक्ति की समानता की गारंटी व्यवस्था निरंतर परिपूर्ण हुई है, मानवाधिकार के कानूनी प्रशासन की गारंटी मजबूत की गई है। चीन में नागरिकों को व्यापक अधिकार व स्वतंत्रता मिलती है। सामाजिक निष्पक्षता और न्यायता की रक्षा करना सामाजिक न्यायता की रक्षा करने की अंतिम प्रतिरक्षा रेखा है।

जयराम ठाकुर सिराज विधानंसभा क्षेत्र से फिर लड़ेंगे चुनाव, 5 महिलाओं को भी दिया टिकट

# हिमाचल चुनाव : भाजपा ने जारी की 62 उम्मीदवारों की सूची, एक मंत्री सहित 11 विधायकों के कटे टिकट

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 62 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने एक मंत्री सहित 11 विधायकों का टिकट काट दिया है जबकि दो मंत्रियों की सीटों में बदलाव किया है। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सिराज विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर चुनाव लड़ेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखराम के बेटे अनिल शर्मा को भाजपा ने मंडी से उम्मीदवार बनाया है। आज जारी 62 उम्मीदवारों की सूची में पांच महिलाओं को भी टिकट दिया गया है।

भाजपा नेताओं ने बताया कि अगले दो दिनों के भीतर भाजपा शेष बची छह सीटों पर भी उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 68 सीटें हैं। पार्टी ने दो मंत्रियों सुरेश भारद्वाज तथा राकेश पठानिया की सीटों में भी बदलाव किया है। भारद्वाज राज्य में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता हैं और वह शिमला शहरी निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा विधायक हैं। उन्हें कसुम्पटी से चुनाव मैदान में उतारा गया है जबकि नूरपुर से विधायक पठानिया को पड़ोसी फतेहपुर से टिकट दिया गया है।

### पूर्व मुख्यमंत्री धूमल को नहीं दिया टिकट

**भाजपा** ने इस बार के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को टिकट नहीं दिया है। पार्टी ने उनकी जगह सुजानपुर सीट से कैप्टन (सेवानिवृत्त) रणजीत सिंह को उम्मीदवार बनाया है। पिछले विधानसभा चुनाव में धूमल को इस सीट पर कांग्रेस के कद्दावर नेता माने जाने वाले राजेन्द्र राणा ने पराजित किया था। धूमल की हार के बाद भाजपा ने जयराम ठाकुर को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया था। पार्टी सूत्रों ने कहा कि 78 वर्षीय धूमल ने पार्टी नेतृत्व को चुनाव नहीं लड़ने की अपनी इच्छा से अवगत कराया था। धूमल के बेटे अनुराग ठाकुर केंद्रीय मंत्री हैं। भाजपा ने इससे पहले हुए कुछ चुनावों में 75 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को चुनाव मैदान में उतारने से परहेज किया।


**COURT NOTICE**

BEFORE THE NATIONAL COMPANY LAW TRIBUNAL CHANDIGARH BENCH CORPORATE BHAWAN, PLOT NO. 4-B, GROUND FLOOR, SECTOR 27-B, MADHYA MARG, CHANDIGARH 160019
Ref: NCLT/Chd/Reg./Notice 1020, 1021, 1022, 1023, 1024.
Date 22.09.2022
CP (IB) No. 36/Chd/Pb/2021
U/s 9 of the IBC, 2016
In the matter of
Worldwide Metals Pvt. Ltd. Petitioner Operational Creditor
Vs.
Skyward Rolling & Alloys Ltd. Respondent - Corporate Debtor
To.
R-1 Skyward Rolling & alloys Limited
R-2 Mr. Yogesh Singh
R-3 Mr. Pawan Kumar
R-4 Ms. Neelam Singh
R-5 Ms. Rimika Jain
12- Ram Bagh Colony, Opposite Gaushala, Transport Nagar, Jalandhar 144001
Please take notice that the aforesaid Company petition notice (copy enclosed) came up for the hearing before the Tribunal on 19.09.2022 and has now been fixed for hearing on 21st day of November 2022 at 10: 30 AM.
You are directed to attend the sitting members of the Tribunal on the aforesaid date fixed personally or through any authorised agent / Pleader and to file reply, if any, within two weeks after the receipt of notice with a copy in advance to the counsel opposite.
Given under my hand the seal of the Tribunal this 22nd day of September, 2022.
Kartikeya Verma
Registrar
NCLT, Chandigarh Bench

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Sh. Arun Shori Civil Judge (Junior Division) Phagwara
CANARA BANK
Vs.
Surinder Pal and others
CNR No. PBKPA0-000360-2021
Next Date:- 16-11-2022
PUBLICATION ISSUED TO: Defendants
1. Surinder Pal and others.
Son of Chanan Ram Resident of House No. 109, Preet Nagar, Ladowali Road District Jalandhar.
2. Meenu Kalia W/o Surjit Singh R/o H.No.182 Tower Enclave PH-3, Jalandhar
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 16-11-2022 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=Kapurthala
Dated, this day of 18-10-2022
Sh. Arun Shori
Civil Judge (Junior Division)
Phagwara

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Jatinder Pal Singh Khurmi Additional District & Sessions Judge, Hoshiarpur
Palwinder Singh aged 50 years son of Sh. Beant Singh R/o H.No. 37/1, Street No. 15, New Krishna Nagar Hoshiarpur-146001.
..........Petitioner
Vs.
General Public and others.
..........Respondents
CNR No. PBHO01-005882-2019
Next Date:-25-01-2023
Petition for Issuance of probate of the will dt. 21.10.2003 and probate of will dt. 13.04.2011.
PUBLICATION ISSUED TO:
1. General Public
In above titled Probate Petition, the defendant/respondent could not be served. It is ordered that defendant/respondent should appear in person or through counsel on 25.01.2023 at 10:00 am.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Hoshiarpur
Dated, this day of 17.10.2022
(Jatinder Pal Singh Khurmi)
Additional District & Sessions Judge
Hoshiarpur

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh Arun Shori Civil Judge (Junior Division), Phagwara
K. B. Foods
Vs.
Subway Real Estate
CNR No. PBKPA0-000088-2022
Next Date: 11-11-2022
PUBLICATION ISSUED TO: Defendants
2) M/s. Subway System India Pvt. Ltd. Through its authorized signatory level 2, elegance, Mathur Road, Jasola, New Delhi
3) Subway Sandwich
Near Lucky Dhaba, GT Road, Khajurla, Phagwara, District Kapurthala
4) Jaswinder Singh S/o Gurdev Singh Subway/Sub One Near Lucky Dhaba GT Road, Khajurla, Phagwara, District Kapurthala
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on 11-11-2022 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district-Kapurthala
Dated, this day of 18-10-2022
Sh. Arun Shori
Civil Judge (Junior Division)
Phagwara

# गेंदबाजों के दम पर सुपर-12 की दौड़ में विंडीज बरकरार

## जोसेफ ने 4, होल्डर ने 3 विकेट लेकर जिम्बाब्वे को बैकफुट पर धकेला


मैच जीतने के बाद एक-दूसरे को गले लगाते वैस्टइंडीज के खिलाड़ी।

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

होबार्ट, 19 अक्तूबर : वैस्ट इंडीज ने अल्जारी जोसेफ (16/4) और जेसन होल्डर (12/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे को आई.सी.सी. टी-20 विश्व कप 2022 के पहले दौर के मैच में बुधवार को 31 रन से मात दी। 2 बार की टी20 विश्व कप विजेता वैस्ट इंडीज ने ग्रुप-बी के अपने दूसरे मैच में जिम्बाब्वे को 154 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में जिम्बाब्वे 122 रन पर ऑलआऊट हो गई। विंडीज यह मैच जीतकर सुपर-12 में पहुंचने की दौड़ में लौट आई है। स्पिन गेंदबाजों के आगे वैस्ट इंडीज के मध्यक्रम की नाकामी एक बार फिर टीम की हार का कारण बन सकती थी।

विंडीज ने 12 ओवर में 89/2 के स्कोर से आगे खेलते 12 रन के अंतराल में 4 विकेट गंवाए जिससे उनका स्कोर 14 ओवर में 101/6 हो गया। इसके बाद रोवमैन पॉवेल और अकील हुसैन ने 7वें विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी करके विंडीज को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। कैरिबियाई गेंदबाजों ने टीम को सुपर-12 की दौड़ में जीवित रखने के लिए जिम्बाब्वे को 18.2 ओवर में 122 रन पर रोक दिया। जोसेफ ने अपने चार ओवर में 16 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि होल्डर ने 3.2 ओवर फैंककर 3 विकेट अपने नाम किए। हुसैन, ओबेद मकॉय और ओडियन स्मिथ ने 1-1 विकेट लेकर जीत में योगदान दिया।

### जिम्बाब्वे के कप्तान अस्थमा के दौरे आने के बाद मैच से हुए बाहर

जिम्बाब्वे क्रिकेट ने आधिकारिक बयान में कहा कि जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग एर्विन को हल्के अस्थमा के दौरे आने के बाद आई.सी.सी. टी20 विश्व कप के पहले दौर में वैस्टइंडीज के खिलाफ ग्रुप बी मैच से बाहर कर दिया गया है। टीम के डॉक्टर सोलोमन मैडजोगो ने कहा, 'एर्विन दमा से पीड़ित हैं और जब जब उनमें मध्यम लक्षण दिखाई दिए तो हमने एहतियात के तौर पर सिफारिश की है कि उन्हें आराम दिया जाए ताकि उन्हें अगले मैच में खेलने का मौका मिल सके।' एर्विन के बाहर होने के साथ उपकप्तान रेजिस चकाब्वा ने बेलेरिव ओवल में वैस्ट इंडीज के खिलाफ जिम्बाब्वे का नेतृत्व किया।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP AUSTRALIA 2022

## कैम्फर के शानदार प्रदर्शन से आयरलैंड ने स्कॉटलैंड को हराया


● **6 विकेट की जीत से सुपर 12 चरण में प्रवेश की उम्मीदें कायम रखी**

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

होबार्ट, 19 अक्तूबर : कुर्टिस कैम्फर के अर्धशतक की मदद से आयरलैंड ने स्कॉटलैंड को 6 विकेट से हराकर सुपर 12 चरण में प्रवेश की उम्मीदें कायम रखी हैं। कैम्फर ने जीत के लिए 177 रन के लक्ष्य के जवाब में आयरलैंड को संकट से निकाला और 1 ओवर बाकी रहते जीत दिलाई। एक समय पर आयरलैंड का स्कोर 10वें ओवर में 4 विकेट पर 61 रन था लेकिन इसके बाद कैम्फर (नाबाद 72) और जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 39) ने 5वें विकेट की नाबाद साझेदारी में 119 रन जोड़े। कैम्फर ने 32 गेंद की पारी में 7 चौके और 2 छक्के लगाए जबकि डॉकरेल ने 4 चौके और एक छक्का लगाया। लोरकान टकर ने 20, कप्तान एंडी बालबर्नी ने 14 और हैरी टैक्टर ने 14 रन बनाए। कैम्फर ने इससे पहले 9 रन देकर 2 विकेट लिए थे। इससे पहले माइकल जोंस के पहले टी20 अर्धशतक की मदद से स्कॉटलैंड ने 5 विकेट पर 176 रन बनाए। जोंस ने 86 रन बनाए। कप्तान रिची बैरिंगटन (37), मैथ्यू क्रॉस (28) और माइकल लीस्क (नाबाद 17) ने उपयोगी पारियां खेली।


जीतने के बाद एक दूसरे को गले लगाते कैम्फर और डॉकरेल।

## चोट के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर हुए चमीरा


दुष्मंता चमीरा

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

जीलॉन्ग, 19 अक्तूबर : श्रीलंका के तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा पिंडली की चोट के कारण शेष आई.सी.सी. टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। चमीरा इससे पहले पिंडली की चोट के कारण एशिया कप 2022 में भी हिस्सा नहीं ले सके थे, हालांकि पूर्णतः फिट होने के बाद उन्हें विश्व कप टीम में शामिल किया था। चमीरा ने संयुक्त अरब अमीरात (यू.ए.ई.) पर श्रीलंका की 79 रन की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने अपने 3.5 ओवरों में 15 रन देकर 3 विकेट लिए, हालांकि चोट के कारण वह अपना चौथा ओवर पूरा नहीं कर सके और उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। क्रिकबज ने बताया कि दनुष्का गुनतिलका और तेज गेंदबाज प्रमोद मदुशन भी मांसपेशी की चोट से जूझ रहे हैं।

## आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर जोश इंगलिस को लगी चोट


जोश इंगलिस

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

मेलबर्न, 19 अक्तूबर : आस्ट्रेलिया के बैकअप विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंगलिस को गोल्फ कोर्स पर एक अजीबोगरीब दुर्घटना का सामना करना पड़ा है, 27 वर्षीय को आई.सी.सी. टी20 विश्व कप सुपर-12 के पहले मैच से महज 3 दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंगलिस के दाहिने हाथ में गहरी चोट आई है।' रिपोर्ट में कहा कि इंगलिस को कुछ टांके लगाने की आवश्यकता होगी, क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को एक बयान जारी कर कहा कि चोट का आकलन किया जा रहा है। सी.ए. इस पर फैसला करेगा कि चोट की गंभीरता के आधार पर इंगलिस को 15 सदस्यीय टीम में बदलने की जरूरत है या नहीं।

## इंगलैंड टीम में टोपले की जगह लेंगे मिल्स


टाइमल मिल्स

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

ब्रिस्बेन/लंदन, 19 अक्तूबर : इंगलैंड के तेज गेंदबाज रीस टोपले एड़ी की चोट के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं और आई.सी.सी. की मंजूरी के बाद टाइमल मिल्स टीम में उनकी जगह लेंगे। ई.एस.पी.एन. क्रिकइंफो ने इंगलैंड क्रिकेट बोर्ड (ई.सी.बी.) के सूत्रों के हवाले से कहा कि टोपली वापस इंगलैंड जाकर एड़ी की सर्जरी करवाएंगे। ई.सी.बी. ने मंगलवार को घोषणा की थी कि पाकिस्तान के खिलाफ वॉर्म-अप मैच से पहले फील्डिंग अभ्यास के दौरान टोपली का टखना मुड़ गया था। ईसीबी को उम्मीद थी कि टूर्नामैंट में इंगलैंड के पहले मैच से पूर्व टोपली फिट हो जाएंगे, लेकिन चोट अनुमान से अधिक गंभीर है। मिल्स ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात में हुए टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 मैचों में 15.42 की औसत के साथ 7 विकेट लिए थे। उन्हें जांघ की चोट के कारण बीच टूर्नामैंट से बाहर होना पड़ा था।

## चोटिल हरमनप्रीत कौर महिला बिग बैश लीग से बाहर हुईं


हरमनप्रीत कौर

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

मेलबर्न, 19 अक्तूबर : पीठ की चोट के चलते भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यू.बी.बी.एल.) से बाहर हो गई हैं। मेलबर्न रेनेगेड्स के जनरल मैनेजर जेम्स रोसेनगार्टन ने कहा, 'हरमनप्रीत पिछले साल हमारे लिए शानदार रही थी और हम इस सीजन उन्हें अपनी टीम के साथ देखना चाहते थे लेकिन दुर्भाग्य से वह चोट के कारण बाहर हो गई हैं।' भारतीय कप्तान हरमनप्रीत केवल पहले दो मैचों से बाहर होने वाली थी क्योंकि वह भारत की 7वीं एशिया कप जीत में शामिल थी। रेनेगेड्स के कोच साइमन हेल्मॉट को उम्मीद थी कि हरमनप्रीत एशिया कप फाइनल के बाद पूर्ण सीजन के लिए उपलब्ध रहेंगी। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना ने कार्यभार प्रबंधन का हवाला देते प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया था।

## बारिश से भारत-न्यूजीलैंड अभ्यास मैच रद्द

● **दक्षिण अफ्रीका और बंगलादेश का अभ्यास मैच भी नहीं हुआ**



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

ब्रिस्बेन, 19 अक्तूबर : भारत-न्यूजीलैंड के बीच टी 20 विश्व कप का दूसरा अभ्यास मैच बुधवार को बारिश के कारण रद्द हो गया। आई.सी.सी. ने पुष्टि की कि यह मैच रद्द हो गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बी.सी.सी.आई.) ने भी ट्वीट कर पुष्टि की कि लगातार बारिश के कारण मैच को रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। भारत ने अपने पहले अभ्यास मैच में मेजबान आस्ट्रेलिया को 6 रन से हराया था जबकि न्यूजीलैंड को दक्षिण अफ्रीका के हाथों 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

इस बीच दक्षिण अफ्रीका का बंगलादेश के खिलाफ दूसरा अभ्यास मैच बारिश के कारण बिना कोई गेंद फैंके रद्द हो गया जबकि पाकिस्तान-अफगानिस्तान मैच में बारिश के कारण कोई परिणाम नहीं निकला। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 154 रन बनाए। पाकिस्तान ने इसके जवाब में 2.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 19 रन बनाए थे कि उसके बाद बारिश आ जाने के कारण मैच संभव नहीं हो पाया।

## साजन ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में जीता ऐतिहासिक कांस्य पदक

● **77 किग्रा वर्ग के रोमांचक मुकाबले में यूक्रेन के दिमित्रो वासेत्स्की को हराया**



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

पोंटेवेदरा (स्पेन), 19 अक्तूबर : भारत के साजन भानवाला ने अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में ग्रीको रोमन का ऐतिहासिक कांस्य पदक जीत लिया है। साजन ने भारत को ग्रीको रोमन वर्ग में पहला पदक दिलाने के लिए मंगलवार को 77 किग्रा वर्ग के रोमांचक मुकाबले में यूक्रेन के दिमित्रो वासेल्स्की को हराया। भारतीय पहलवान दूसरे दौर में 4-10 से पीछे चल रहे थे। उन्होंने शानदार वापसी की और अंतिम 30 सैकेंड में 6 अंक हासिल करके अपने प्रतिद्वंद्वी को तकनीकी आधार पर 10-10 से हरा दिया। साजन को प्री-क्वार्टर फाइनल में मोर्दोविया के पहलवान अलैक्जैंड्रिन गुटू के हाथों 8-0 से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कांस्य पदक मुकाबले में प्रवेश करने के लिए रेपेचेज दौर में कजाकिस्तान के रसूल झुनिस को 9-6 से हराया। गुटू के फाइनल में पहुंचने से साजन को रेपेचेज नियम के तहत टूर्नामैंट में जिंदा रहने का मौका मिल गया।

## टी-20 विश्व कप से पहले सूर्यकुमार रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

दुबई, 19 अक्तूबर : भारत के सूर्यकुमार यादव आई.सी.सी. पुरूष रैंकिंग के अपडेट के बाद दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। वह टी20 विश्व कप में दूसरे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के तौर पर मैदान में उतरेंगे। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (861 रेटिंग अंक) ने बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त बढ़ा ली है जबकि सूर्यकुमार (838 अंक) दूसरे स्थान पर कायम हैं। केएल राहुल (13), विराट कोहली (15) और कप्तान रोहित शर्मा (16) सभी ताजा अपडेट में अपने स्थान पर बरकरार हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम और न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे से आगे तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। हार्दिक पंड्या ऑलराऊंडर रैंकिंग में 173 रेटिंग अंक से छठे स्थान पर बरकरार हैं। भारत के भुवनेश्वर कुमार, रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की तिकड़ी क्रमशः 12वें, 22वें और 23वें स्थान पर काबिज है।


**नगर निगम, चंडीगढ़**

**ई-निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | बोली जमा शैड्यूल (ऑनलाइन) | तकनीकी बोली खुलना (ऑनलाइन) |
|---|---|---|---|
| | **कार्यकारी अभियंता - एसडब्ल्यूएम डिवीजन, एमसी** | | |
| 1. | रायपुर कलां, चंडीगढ़ में पीएच सर्विसिज का प्रयोग करते हुए, कैटल पोंड का विस्तार, एसडब्ल्यूडी, फायर फाइटिंग, ईटीपी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा शैलो बोर ट्यूबवैल तथा इससे सम्बन्धित सभी अन्य कार्य (उप-शीर्षक : पीएच सर्विसिज, एसडब्ल्यूडी, फायर फाइटिंग) (सीएच टू : 4217-एनआरबी) गैर-रिहायशी बिल्डिंग (पुनः आमंत्रण) लगभग लागत : रु. 49,80,131/- ईएमडी : रु. 99,603/- समय सीमा : 75 दिन निविदा शुल्क : रु. 3,000/- | 18.10.2022 को प्रातः 9:00 बजे से 27.10.2022 को सायं 06.00 बजे तक | 28.10.2022 को प्रातः 11.00 बजे |

नोट : 1) निविदा सूचना के साथ-साथ विवरणात्मक नियम और शर्तें वैबसाइट www.chandigarh.gov.in या etenders.chd.nic.in पर उपलब्ध/अपलोडिड हैं।

**नोडल ऑफिसर-एवं-कार्यकारी अभियंता**
एम.सी.पी.एच. डिवीजन नं. 3, रूम नं. 1, वाटर वर्क्स, सैक्टर-37, चंडीगढ़


## कार्लसन सैमीफाइनल में, भारतीय चुनौती समाप्त



**सवेरा न्यूज/चैसबेस हिन्दी**

नई दिल्ली, 19 अक्तूबर : एमचैस रैपिड शतरंज के प्ले ऑफ का पहला दिन भारत के लिए खराब रहा और चैम्पियन चैस टूर के इतिहास में पहली बार एक साथ प्ले ऑफ खेल रहे तीनों भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगासी, डी गुकेश और विदित गुजराती अंतिम 8 से आगे नहीं बढ़ सके। पिछले माह टूर के जूलियस बायर टूर्नामैंट के फाइनल में विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मैगनस कार्लसन से एकतरफा मुकाबला हारने के बाद इस बार लीग चरण में अर्जुन ने उन्हें हराकर अपनी क्षमता का परिचय दिया था पर क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एक बार फिर विश्व चैम्पियन ने अपने अनुभव से अर्जुन को एकतरफा अंदाज में पराजित कर दिया।

दोनों के बीच पहला मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि उसके बाद लगातार 2 जीत से कार्लसन 2.5-0.5 के स्कोर से सैमीफाइनल पहुंच गए। भारत के डी गुकेश को हंगरी के रिचर्ड रापोर्ट से 1.5-2.5 से तो विदित गुजराती को पोलैंड के यान डूडा से 0.5-2.5 की बड़ी हार मिली। चौथे क्वार्टर फाइनल मे अनुभवी अजरबैजान के शाखिरयार ममेद्यारोव ने उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तारोव नोदिरबेक को 2.5-1.5 से मात देते सैमी फाइनल में जगह बनाई।


**पंजाब सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य/नोटिस/निविदा का नाम | खुलने की तिथि / समापन तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) लाखों में | नोडल अफसर/ सम्पर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्यकारी अभियंता, राजस्थान फीडर डिवीजन, फिरोजपुर | सरहिन्द फीडर के गेटों और एचरैगुलेटर के गियरिंग सिस्टम तथा एक्स-रैगुलेटर की मुरम्मत करना। | 18.10.2022 / 28.10.2022 | 25.78 हजार | 9876837384 rajasthan.feeder@gmail.com |
| 2. | कार्यकारी अभियंता, ईस्टर्न कनाल डिवीजन, फिरोजपुर | वर्ष 2022-23 के लिए ईस्टन कैनाल आरडी0-26300, मेन ब्रांच आरडी 0-0-239000, बीकानेर कैनाल आरडी 0-36850 पर मत्स्तय अधिकारों के लिए नीलामी। | 19.10.2022 / 27.10.2022 | 0.50 हजार | 9501930033 xeneastern.frz@gmail.com |
| 3. | कार्यकारी अभियंता, जलापूर्ति एवं स्वच्छता मंडल, डिवीजन नं. 2, तरनतारन | 1) प्रावधान जलापूर्ति स्कीम तुंग और कल्लाह जिला तरनतारन। | 19.10.2022 / 27.10.2022 | 1.44 लाख | 9915708385 eedwssdiv2tt@gmail.com |
| 4. | कार्यकारी अभियंता, मजीठा मण्डल, यूबीडीसी, अमृतसर | कैनाल डिस्टी/माईनर की कंक्रीट लाईनिंग। | 02.11.2022 / 02.11.2022 | 4.33 लाख | 98883-6041 majithadivnubdc@gmail.com |
| 5. | कार्यकारी अभियंता, प्रांतीय मंडल, लोनिवि, भ एवं म शाखा, संगरूर | लिंक रोड सुनाम जाखल रोड से छाजली की अपग्रेडेशन। | 19.10.2022 / 03.11.2022 | 1.08 लाख | 9872725177 xenprovincialsangrur@yahoo.com |
| 6. | कार्यकारी अभियंता, जलापूर्ति एवं स्वच्छता मंडल नं. 1, बठिंडा | डब्ल्यूएसएस कलस्टर-1 8.91 लाख, बुर्ज मेहमा 4.53 लाख, कर्मगढ़ सतरां 4.14 लाख, बल्लुयाना 5.38 लाख, जिला बठिंडा का मुरम्मत कार्य। | 18.10.2022 / 26.10.2022 | 0.45 लाख | 9779058521 xen1stbathinda@gmail.com |
| 7. | कार्यकारी अभियंता, निर्माण मं.नं. 1, लोनिवि भ व म शाखा, एस.ए.एस. नगर (मोहाली) | जिला रूपनगर में सम्पर्क सड़क गांव बदनपुर फिरनी कालेवाल चितामला का नव-निर्माण। | 20.10.2022 / 30.10.2022 | 38.38 हजार | 8557005906 Pwdc1mohali@gmail.com |
| 8. | कार्यकारी अभियंता, जलापूर्ति एवं स्वच्छता मंडल, तलवाड़ा (होशियारपुर) | प्रावधान एस्टेट वाटर सप्लाई स्कीम सरीयाना पैकेज-II, धार बंकरानपुर तथा रैली पैकेज-II ब्लाक तलवाड़ा हाजीपुर तह. मुकेरियां होशियारपुर / कंडी एरिया विकास बोर्ड / हैड4215 / नाबार्ड के अधीन) बोली कीमत 50.55 लाख। | 19.10.2022 / 28.10.2022 | 1.01 लाख | 9914715280 eewss.divtalwarapb@yahoo.com |
| 9. | सोसायटी फार प्रोमोशन ऑफ क्वालिटी एजुकेशन फार पुअर एण्ड मैरीटोरियस स्टूडैंड्स ऑफ एसएएस नगर | मैरीटोरियस स्कूल, अमृतसर, बठिंडा, फिरोजपुर, गुरदासपुर, जालंधर, लुधियाना, मोहाली, पटियाला, संगरूर और तलवाड़ा हेतु अवधि वर्ष 2022-24 के लिए होस्टल मैस के साथ टक शॉप की सुविधा का अनुबंध। | 20.10.2022 / 15.11.2022 | 3.00 लाख | 9501016540 meritorious.punjab@punjabeducation.gov.in |
| 10. | कार्यकारी अभियन्ता, भाखड़ा मेन लाइन मण्डल, पटियाला | खन्ना डिस्टी आरडी 0-19671 बाय कंक्रीट लाइनिंग के पुनर्वास के लिए अनुमान। | 20.10.2022 / 10.11.2022 | 11.93 लाख | 8968600608 xenbml@gmail.com |
| 11. | कार्यकारी अभियन्ता, कंडी वाटरशैड ड्रेनेज मण्डल, होशियारपुर | नारा डैम पर फील्ड कार्यालय के निर्माण के लिए निष्पादित किए जाने वाले शेष कार्य। | 19.10.2022 / 26.10.2022 | 16.20 हजार | 9914886555 xenirrkwd@gmail.com |
| 12. | कार्यकारी अभियन्ता, अबोहर कनाल मण्डल, अबोहर | डिस्ट्रीब्यूटरीज तथा माइनर्स की आन्तरिक साफ-सफाई। | 18.10.2022 / 26.10.2022 | 0.00 हजार | 9501015365 xenaboharcanaldivision@gmail.com |
| 13. | कार्यकारी अभियन्ता, डेनेज-एवं-माइनिंग मण्डल, रूपनगर | डाटा एंट्री ऑप्रेटर हेतु स्फाट प्रदान करने के लिए हायरिंग एचआर एजैंसी। | 15.10.2022 / 31.10.2022 | 1.73 लाख | 9888579194 xenwmiropar@gmail.com |
| 14. | कार्यकारी अभियन्ता, वर्कशॉप डिवीड्ज, आई.बी. पंजाब, चंडीगढ़ | कन्डम/अप्रयोज्य टी एवं पी मटीरियल तथा 4 अदद् वाहनों की डिस्पोजल। | 20.10.2022 / 09.11.2022 | 40.76 हजार | 7889042175 workshopdivisionibpb@gmail.com |
| 15. | जिला कण्ट्रोलर, फूड सिविल सप्लाइज एवं कंज्यूमर एफेयर्स, फिरोजपुर | कलस्टर फिरोजपुर-II, फिरोजपुर-12 और फिरोजपुर-14 गुरु हर सहाय 31.12.2022 तक, में फूडग्रेन्स तथा स्टॉक आर्टिकल्स आदि का परिवहन। | 20.10.2022 / 22.10.2022 | 1.66 लाख | 9781330180 dfsc.dfs.fzr@punjab.gov.in |
| 16. | कार्यकारी अभियन्ता, पंचायती राज मण्डल, लुधियाना | गांव गुररेह तथा तलवण्डी कलां ब्लॉक सिधवांबेट जिला लुधियाना में पोंड के निर्माण का शेष कार्य। | 20.10.2022 / 03.11.2022 | 62.90 हजार | 9780020165 xenprdludhiana@yahoo.com |
| 17. | मुख्य कार्यकारी अफसर, गुआवा एस्टेट वजीदपुर, पटियाला | प्लांट्स हैल्थ क्लीनिक लैब के लिए उपकरण की आपूर्ति तथा संस्थापन। | 20.10.2022 / 09.11.2022 | 75.00 हजार | 7508018919 guavaestatewazidpurpat@gmail.com |
| 18. | सीनियर डिजाइन इंजी. डीडीओ एण्ड एडमिन, डिजाइन हाइडल प्रोजेक्ट्स, वाटर रिसोर्सिज डिपार्टमैंट, सैक्टर-18बी, चंडीगढ़ | कार्यालय सीई/डीएचपी, डब्ल्यूआरडी, पंजाब, सैक्टर 18, चंडीगढ़ के अधीन मुरम्मत तथा नवीनीकरण। | 19.10.2022 / 31.10.2022 | 90.00 हजार | 6283773932 dir.hydel.adm@gmail.com |

अन्य जानकारी और शुद्धिपत्र तथा एडैंडम के लिए यदि कोई हुआ, कृपया देखें :
rrigation.punjab.gov.in,punjabhorticulture.com,www.eproc.punjab.gov.in,

आरओ कोड : 26/12/545/2021/17984


## पीटरसन की भविष्यवाणी : वर्ल्ड कप में शतक जड़ेंगे राहुल, इंगलैंड खिताब के लिए पसंदीदा



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

लंदन, 19 अक्तूबर : भारत के सलामी बल्लेबाज के.एल. राहुल केविन पीटरसन की उन खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं, जो आस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इंगलैंड के पूर्व क्रिकेटर ने भविष्यवाणी की है कि 30 वर्षीय खिलाड़ी शतक लगाएंगे, हालांकि उन्हें नहीं लगता मैगा इवैंट में भारत की जीत होगी। पीटरसन ने विश्वास व्यक्त किया कि राहुल बल्ले से शानदार होंगे। पीटरसन ने कहा, 'मैं राहुल को खेलते देखना पसंद करता हूं। मुझे लगता है कि वह इस समय दुनिया में नं.1 बल्लेबाज है। वह बिल्कुल शानदार है। मुझे लगता है कि वह बहुत ही प्रमाणिक तरीके से खेलते हैं।' पीटरसन ने हालांकि भविष्यवाणी की कि 2021 सीजन में खिताब की रेस में बाहर होने के बाद इंगलैंड इस बार खिताब जीतेगा। पीटरसन ने कहा, 'इंगलैंड की यह सफेद गेंद वाली टीम बिल्कुल शानदार है। वे वास्तव में बेहतर खेल रहे हैं। उन्होंने सभी आधारों को कवर कर लिया है, और मुझे लगता है कि वे पसंदीदा के रूप में आएंगे। उन्होंने पाकिस्तान में एक शानदार जीत दर्ज की थी (सात-मैच टी20 श्रृंखला) और जिस तरह से उन्होंने आस्ट्रेलिया में अभ्यास मैच खेले हैं, उसमें वे बहुत आश्वस्त हैं।'


**PSPCL पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**

(रजि. कार्यालय: पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, दि माल, पटियाला)
संयुक्त पहचान नं.: यू40109पीबी2010एसजीसी033813, वैबसाइट : www.pspcl.in

निविदा जांच नं. 04/2022-23 दिनांक : 17.10.2022

ओ एवं एम सब-अर्बन मण्डल लुधियाना के अधीन पड़ते ए.ई. टी.एल., स/ड अड्डा दाखा के कार्यालय के लिए 01 अदद आऊटसोर्स गाड़ी डबल डोर महिन्द्रा जीनियस/टाटा 207/408 हायर करवाने हित निविदाएं लगवाने के लिए इस कार्यालय द्वारा तिथि 01.11.2022 को कोटेशनें आमंत्रित हैं, इस संबंध में शर्तों की कॉपी 500/- रुपए पीएसपीसीएल के खाते में जमा करवा कर तिथि 01.11.2022 को 10.00 बजे प्राप्त की जा सकती हैं। कोटेशनें जमा करवाने का समय 12.00 बजे तथा खोलने का समय 14.00 बजे होगा। आऊटसोर्स गाड़ी हायर करने हित एक साल के लिए निविदाओं की शर्तों के तहत कोटेशनें आमंत्रित हैं।

DPR PB 76155/12/1166/2021/17959 C389/22



**PSPCL पंजाब स्टेट पावर कार्पोरेशन लिमिटेड**

रजि. कार्यालय: पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, दि माल, पटियाला-147001
संयुक्त पहचान नं.: यू40109पीबी2010एसजी033813, वैबसाइट : www.pspcl.in
फोन नं. 96461-18820, ईमेल आईडी : csmohali2@gmail.com

निविदा जांच नं. 04/2022-23/सीएसएमएचएल दिनांक : 19.10.2022

**अल्पकालीन निविदा जांच**

अतिरिक्त, निगरान इंजी./केन्द्रीय भण्डार, पं.रा.पा.का.लि., मोहाली द्वारा केन्द्रीय भण्डार, मोहाली के लिए 03 नं. गाड़ियां (1 नं. 9 टन, 1 नं. 6 टन तथा 1 नं. 2.5 टन क्षमता) तथा आऊटलैट स्टोर रोपड़ (सहित टी.आर.वाई. रोपड़) के लिए 02 नं. टन गाड़ियों सहित लेबर/जरूरी औजार/मशीनरी तथा 2 नं. क्रेन. 1 नं. केन्द्रीय भण्डार, मोहाली और 1 नं. आऊटलैट स्टोर रोपड़ / टी.आ.वाई. रोपड़ में पड़े सामान (पी.सी.सी. पोल, ट्रांसफार्मर, चैनल, एंगल, फ्लैट आदि) की ढो-ढुआई, लदाई, लुहाई, स्टैकिंग करने, इण्टर स्टोर तथा विभाग के दूसरे काम वाले स्थानों पर सामान की ढोआ-ढुआई के लिए गाड़ियां उपलब्ध करवाने सम्बन्धी ई-निविदा आमंत्रित है। इसके अलावा, स्टोर/टी.आर.वाई. में जरूरत के अनुसार विभाग द्वारा प्रयोग किए जाने वाली गाड़ियों में से सामान की लुहाई, लदाई एवं स्टैकिंग का कार्य ठेकेदार के स्कोप में शामिल होगा। विस्तृत एनआईटी तथा निविदा स्पैसिफिकेशन के लिए https://eproc.punjab.gov.in से तिथि 20.10.2022 को प्रातः 09.00 बजे से प्राप्त की जा सकती है।

नोट :- किसी भी शुद्धिपत्र/वृद्धि यदि कोई हो तो https://eproc.punjab.gov.in पर ही अपलोड की जाएगी।

DPR PB 76155/12/1168/2021/17961 C391/22

Fact
5 घंटे से कम नींद लेने वाले 50, 60 और 70 साल की उम्र वाले लोगों को 40% अधिक बीमारियों का खतरा रहता।

## आजकल

**World Weather**

| | |
|---|---|
| अबु धाबी : 34/27 | न्यूयार्क : 16/06 |
| सिडनी : 22/17 | वैंकूवर : 14/09 |
| लंदन : 16/12 | टोरंटो : 07/04 |

**आज का इतिहास** मुगल सम्राट अकबर ने चित्तौड़गढ़ पर हमला किया। **1568**

**1921** : फ्रांस व तुर्की के बीच अंकारा संधि पर हस्ताक्षर।
**1962** : सीमा को लेकर चल रहे लंबे विवाद के बाद भारत और चीन के बीच युद्ध की शुरुआत।
**1973** : आस्ट्रेलिया के सिडनी ओपेरा हाऊस को जनता के लिए खोला गया।
**1983** : ग्रेनाडा के प्रधानमंत्री की हत्या।
**2002** : दुनिया की सबसे गहरी पाइप लाइन ब्लू स्ट्रीम को तुर्की में खोला गया और प्राकृतिक गैस के परिवहन के लिए इसका इस्तेमाल शुरू हुआ।

# 5 घंटे से कम नींद से बढ़ सकता है जानलेवा बीमारियों का खतरा

■ अन्य लोगों की तुलना में ऐसे लोगों के किसी जानलेवा बीमारी से ग्रसित होने का खतरा 20% अधिक



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

लंदन, 19 अक्तूबर : देर रात तक जागने और रात में पांच घंटे से कम की नींद जैसी जीवनशैली के परिणामस्वरूप जानलेवा बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है। ब्रिटेन में किए गए एक शोध में इस बात का पता चला है। ब्रिटेन में यूनिवर्सिटी कालेज लंदन (यू.सी.एल.) के शोधकर्त्ताओं ने पाया कि 50 साल की उम्र वाले ऐसे लोग जो एक दिन में पांच घंटे या उससे कम सोते हैं, अन्य लोगों की तुलना में ऐसे लोगों के किसी जानलेवा बीमारी से ग्रसित होने का खतरा 20 प्रतिशत अधिक है। 7 घंटे तक सोने वालों की तुलना में जो लोग लगातार 25 वर्षों की अनुवर्ती अवधि में पांच घंटे या उससे कम सोते हैं, उन्हें दो या उससे अधिक जानलेवा बीमारियों होने का खतरा 40 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। पी.एल.ओ.एस. मैडिसिन जर्नल में प्रकाशित इस शोध के मुताबिक 50, 60 और 70 साल की उम्र वाले जो लोग पांच घंटे या उससे कम सोते हैं, उनके कई जानलेवा बीमारियों से ग्रसित होने का खतरा सात घंटे तक सोने वाले लोगों की तुलना में 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

### उच्च आय वाले देशों में बहु रुग्णता की बढ़ रही है समस्या

**इस** शोध के प्रमुख लेखक सेवरिन सबिया ने कहा, उच्च आय वाले देशों में बहु रुग्णता की समस्या बढ़ रही है और आधे से अधिक वृद्ध वयस्कों को अब कम से कम दो जानलेवा बीमारियां हैं। सबिया ने कहा, यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है, क्योंकि बहु रुग्णता उच्च स्वास्थ्य सेवा के उपयोग, अस्पताल में भर्ती होने और दिव्यांगता से जुड़ी है। इस शोध में 50, 60 और 70 साल की उम्र वाले सात हजार से अधिक पुरुषों और महिलाओं को शामिल किया गया था।

## फोन भूत का डांस नंबर 'काली तेरी गुत्त' रिलीज



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

मुंबई, 19 अक्तूबर : दर्शक, खास तौर से म्यूजिक लवर्स अभी भी फोन भूत के किन्ना सोना गाने की अजीबोगरीब और मजेदार बीट्स को एंजॉय कर रहे हैं। इस गाने में दुनिया की सबसे खूबसूरत भूत कैटरीना कैफ, सिद्धांत चतुर्वेदी और ईशान सहित दो घोस्टबस्टर्स के साथ नजर आ रही हैं। फिल्म के इस गाने के बाद अब निर्माताओं इस हॉरर कॉमेडी का एक और रोमांचक, डांस नंबर काली तेरी गुत्त रिलीज कर दिया है। रॉय द्वारा कंपोज्ड और रोमी और साक्षी होल्कर द्वारा गाया गया, काली तेरी गुत्त साल के बेसबरी से प्रतीक्षित गीतों में से एक है, जो एक लोकप्रिय पुराने लोक पंजाबी गाने का एक रीक्रिएटेड वर्जन है।




## गूगल बच्चों के स्कूल से निकलने पर पेरैंट्स को अलर्ट करेगा

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

सान फ्रांसिस्को, 19 अक्तूबर : गूगल ने फैमिली लिंक के लिए नए अपडेट की घोषणा की है, जो कई विकल्पों की पेशकश करते हैं और परिवारों को ऑनलाइन सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। नए अपडेट पहले ही रिलीज किए जा चुके हैं और अगले कुछ हफ्तों में पूरे हो जाएंगे। कंपनी ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि 'लोकेशन टैब' के एक नए अपडेट में, माता-पिता अपने सभी बच्चों को उनके डिवाइस स्थान के साथ एक ही मैप पर देख सकते हैं। साथ ही, माता-पिता अपने बच्चे के स्कूल या सॉकर अभ्यास जैसे विशिष्ट गंतव्य पर पहुंचने या छोड़ने पर अलर्ट होने के लिए सूचनाएं चालू कर सकते हैं।

